CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :24°C
न्यूनतम: 10°C

हल्द्वानी, बुधवार 3 दिसम्बर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 98 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 | 11 जमादिउल उखरा1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



हेराल्ड मामले में साजिश के तहत नई प्राथमिकी दायर : खड़गे पेज 2



आईपीएल 2026 की नीलामी में शामिल नहीं होंगे मैक्सवेल और मोइन अली खेल टाइम्स



अब गेहूं खुद अपना उर्वरक बना सकेगा! सम्पादकीय




पाक के लिए भारत ने इंसानियत के नाते एयरस्पेस खोला पेज 12

## योगी कैबिनेट की बैठक में 20 प्रस्तावों को हरी झंडी

# उप्र में विकास के एजेंडे को मिलेगी रफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो



- पर्यटन क्षेत्र को मजबूत करने के लिए नई नियमावली मंजूर, अयोध्या में मंदिर संग्रहालय को भी स्वीकृति
- प्रत्येक मंडल मुख्यालय पर डीडीआरसी की स्थापना के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश के विकास से जुड़े 20 प्रस्तावों को हरी झंडी मिल गई। इस बैठक में जहां पर्यटन क्षेत्र को मजबूत करने के लिए नई नियमावली को मंजूरी दी गई, वहीं अयोध्या में मंदिर संग्रहालय को हरी झंडी मिल गई है।

उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने लोकभवन में पत्रकारों को बताया कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ पर्यटन सेवा नियमावली, 2025 को कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है। श्री खन्ना ने बताया कि इस निर्णय से पर्यटन विभाग की प्रशासनिक संरचना मजबूत होगी और राज्य में पर्यटन गतिविधियों को तेजी से बढ़ावा मिलेगा। प्रत्येक मंडल मुख्यालय पर 'जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र' (डीडीआरसी) की स्थापना के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। श्री खन्ना ने बताया कि कैबिनेट में 20 प्रस्ताव लाए गए थे। इनमें से स्वास्थ्य विभाग से जुड़े एक प्रस्ताव को छोड़कर सभी पास हो गए। एक प्रस्ताव अलग से बैठक में शामिल किया गया था। उन्होंने बताया कि अयोध्या में एक अत्याधुनिक और विश्वस्तरीय मंदिर संग्रहालय का निर्माण होगा। उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता सीधी भर्ती नियमावली-2022 में संशोधन को मंजूरी दी गई है। इसके तहत, सरकारी नौकरी कर रहे खिलाड़ियों के राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण शिविरों में -शेष पृष्ठ दो पर




नई दिल्ली: एसआईआर के विरोध में संसद भवन में प्रदर्शन करते सोनिया गांधी, राहुल, प्रियंका गांधी व अन्य।

## संक्षिप्त समाचार

### ईडी की 900 करोड़ के हवाला नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार सुबह एक चार्टर्ड अकाउंटेंट और कथित हवाला ऑपरेटर, उसके परिवार के सदस्यों और सहयोगियों से जुड़े कई ठिकानों पर रांची, मुंबई और सूरत में एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन से संबंधित 900 करोड़ से अधिक के संदिग्ध हवाला नेटवर्क से जुड़ा एक मामले का हिस्सा है। ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि फेमा की धारा 37 के तहत अधिकृत यह तलाशी अभियान रांची स्थित सीए और इस नेटवर्क का कथित सरगना नरेश कुमार केजरीवाल के यहां और उसके रिश्तेदारों और सहयोगियों के ठिकानों पर चलाया जा रहा है। ईडी का यह मामला आयकर विभाग की जांच पर आधारित है। अधिकारी ने कहा कि जांच तब शुरू हुई जब आयकर विभाग के जानकारी मिली कि केजरीवाल संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), नाइजीरिया और अमेरिका में अघोषित विदेशी शेल संस्थाओं को नियंत्रित करता है।

### प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम अब सेवा तीर्थ

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) का नाम बदलकर सेवा तीर्थ कर दिया है। देश भर के राज्य भवन का नाम अब लोक भवन होगा। इसके अलावा केंद्रीय सचिवालय को कर्तव्य भवन के नाम से जाना जाएगा। पीएमओ के अफसरों ने कहा कि सार्वजनिक संस्थानों में बड़ा बदलाव हो रहा है। सत्ता से सेवा की ओर बढ़ रहे हैं। ये बदलाव प्रशासनिक नहीं, सांस्कृतिक है। इससे पहले केंद्र सरकार ने राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ किया था। पीएम का आधिकारिक निवास भी रेस कोर्स रोड कहलाता था, जिसे 2016 में बदलकर लोक कल्याण मार्ग किया गया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पिछले साल राज्यपालों के सम्मेलन में हुई एक चर्चा का हवाला देते हुए कहा कि राज भवन नाम औपनिवेशिक मानसिकता को दर्शाता है। इसलिए राज्यपालों और उप-राज्यपालों के कार्यालयों को अब लोक भवन और लोक निवास के नाम से जाना जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दफ्तर (पीएमओ) अब 78 साल पुराने साउथ ब्लाक से निकलकर सेवा तीर्थ नाम वाले नए एडवांस कैंपस में शिफ्ट होने जा रहा है।

# क्या रोहिंग्या शरणार्थी घोषित हुए हैं उनके लिए रेड कार्पेट लगाई जाए

## सुप्रीम कोर्ट ने किया तीखा सवाल: अगर कोई घुसपैठी है, तो क्या हमें उसे यहां रखने का दायित्व है

शाह टाइम्स ब्यूरो



- कहा: हमारे देश में भी गरीब लोग हैं, नागरिक हैं क्या वे सुविधाओं और लाभों के हकदार नहीं

**नई दिल्ली।** रोहिंग्या मामले में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट तीखे सवाल किए हैं। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने पूछा कि क्या भारत सरकार ने कोई ऐसा आदेश जारी किया है, जिसमें रोहिंग्याओं को 'शरणार्थी' घोषित किया गया हो? अगर कोई घुसपैठी है तो क्या हमें उसे यहां रखने का दायित्व है? अगर कोई घुसपैठिया आता है तो क्या हम उनके लिए लाल कॉर्पेट बिछाकर स्वागत करें? हमारे देश में भी गरीब लोग हैं, नागरिक हैं। क्या वे सुविधाओं और लाभों के हकदार नहीं? याची का कहना था कि रोहिंग्या को हिरासत से गायब किया गया है, जबकि उनका डिपोर्टेशन तय प्रक्रिया के अनुसार होना चाहिए।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जायमाल्या बागची की बेंच के सामने एक हैबियस कॉर्पस यानी बंदी प्रत्यक्षीकरण रिट दाखिल की गई थी। इस रिट में रोहिंग्या लोगों की कथित हिरासत से गायब होने की बात कही गई है और अदालत से गुहार लगाई गई है कि किसी भी डिपोर्टेशन की कार्रवाई कानून द्वारा तय प्रक्रिया के मुताबिक होना चाहिए। याचिकाकर्ता के वकील ने बताया कि मई में दिल्ली पुलिस ने कुछ रोहिंग्याओं को उठा लिया था और उनके ठिकाने के बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने सवाल किया कि भारत सरकार का वह आदेश कहां है जिसमें उन्हें (रोहिंग्याओं को) शरणार्थी घोषित किया गया है? 'शरणार्थी' एक कानूनी रूप से परिभाषित शब्द है और सरकार द्वारा अधिकृत अथॉरिटी ही इसे घोषित कर सकता है। यदि किसी व्यक्ति की शरणार्थी के रूप में कोई कानूनी स्थिति नहीं है और वह घुसपैठिया है तथा अवैध रूप से प्रवेश करता है, तो क्या हमें उसे यहां रखने का दायित्व है? इस दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता रोहिंग्याओं के लिए किसी शरणार्थी दर्जे की मांग नहीं कर रहा है और न ही वह उनके डिपोर्टेशन -शेष पृष्ठ दो पर

### केरल में SIR की डेडलाइन बढ़ाने पर सोचे ईसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केरल में एसआईआर की प्रक्रिया को चुनौती देने वाली कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया की याचिका पर सुनवाई की। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने कहा कि राज्य में चल रहे एसआईआर के तहत एन्यूमरेशन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 11 दिसम्बर है। चुनाव आयोग इसे एक हफ्ता बढ़ाने पर विचार करे। क्योंकि राज्य में 9 और 11 दिसम्बर को स्थानीय निकाय चुनाव हैं, वोटों की गिनती 13 दिसम्बर को होगी। 1.76 लाख सरकारी कर्मचारी चुनाव ड्यूटी में लगे हैं, जिनके लिए 11 दिसम्बर तक फार्म जमा करना मुश्किल हो सकता है। कोर्ट ने केरल सरकार और याचिकाकर्ताओं को निर्देश दिया कि वे 3 दिसम्बर की शाम 5 बजे तक चुनाव आयोग से औपचारिक अनुरोध करें। कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा है कि वह इन अनुरोध पर सहानुभूतिपूर्वक और व्यक्तिगत तरीके से विचार करे और दो दिनों में निर्णय ले।

# एसआईआर पर लोकसभा में नौ दिसम्बर को होगी चर्चा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सरकार ने फौरन बहस के लिए अड़े विपक्ष को मनाया
- आठ दिसम्बर को वंदे मातरम् पर चर्चा

**नई दिल्ली।** चुनाव सुधार यानी एसआईआर पर लोकसभा में 9 दिसम्बर को चर्चा होगी। संसद में दो दिन से फौरन चर्चा पर अड़ा विपक्ष बहस के लिए मान गया है। मंगलवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात के बाद कांग्रेस नेता के. सुरेश ने बताया, 9 दिसम्बर को इलेक्टोरल रिफार्म्स यानी चुनावी सुधारों पर 10 घंटे बहस होगी।

साथ ही उन्होंने कहा- एक दिन पहले 8 दिसम्बर को वंदे मातरम् पर चर्चा होगी। इसके लिए भी 10 घंटे का समय तय किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बहस की शुरुआत करेंगे। वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर सरकार सदन में इस पर चर्चा करा रही है। शीतकालीन सत्र के पहले दो दिन हंगामे की वजह से सदन का कामकाज प्रभावित हुआ। विपक्ष एसआईआर और वोट चोरी के आरोप पर फौरन चर्चा की मांग पर अड़ा था।

### विपक्षी दलों ने किया संसद भवन में जोरदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन ने संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले यहां भवन परिसर के मकर द्वार के बाहर जबरदस्त प्रदर्शन किया, जिसमें कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, द्रमुक के टीआर बालू सहित संसद के दोनों सदनों के कई सांसदों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शन में श्रीमती गांधी व राहुल गांधी, गौरव गोगोई, केसी वेणुगोपाल, प्रियंका गांधी, टीआर बालू सहित कई अन्य नेताओं ने हिस्सा लिया।

# ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी : नौसेना प्रमुख

- अरब सागर में लगातार ऑपरेशन चल रहे, पाकिस्तान को आर्थिक नुकसान हुआ: दिनेश के. त्रिपाठी

**नई दिल्ली।** नेवी चीफ एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। मई 2025 में शुरू हुए इस ऑपरेशन के दौरान भारतीय नौसेना ने पाकिस्तानी नेवी के खिलाफ मजबूत तैनाती की।

इसके कारण पाकिस्तान नौसेना अपने जहाज बंदरगाहों से बाहर नहीं निकाल सकी और अरब सागर के पास मकरान तट तक ही सीमित होकर रह गई। नेवी चीफ ने कहा कि बीते 7-8 महीने से पश्चिमी अरब सागर में हमारे ऑपरेशन लगातार जारी हैं। इसके चलते पाकिस्तान की ओर जाने वाले व्यापारी जहाजों के रूट कम हुए हैं। उनकी बीमा राशि महंगी हुई है।

### आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ सहयोग करेगा रूस: पेस्कोव

**नई दिल्ली।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने मंगलवार को कहा कि रूस आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत की मदद करेगा। श्री पुतिन की चार दिसम्बर से शुरू होने वाली दो दिवसीय भारत यात्रा से पूर्व श्री पेस्कोव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये एक संवाददाता सम्मेलन में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि हमारा मानना है कि आतंकवाद का मुकाबला करने का एक मात्र तरीका अंतर्राष्ट्रीय सहयोग है।

# संचार साथी सरकार का जासूसी एप: प्रियंका

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने संचार साथी एप को मोबाइल पर डाउनलोड करने को हास्यास्पद बताते हुए आरोप लगाया कि यह जासूसी एप है, जिसके जरिये सरकार हर मोबाइल पर नजर रखना चाहती है।

श्रीमती वाड्रा ने मंगलवार को संसद भवन परिसर में पत्रकारों के मोबाइल हैंडसेट पर संचार साथी एप प्री-इंस्टॉल करने संबंधी सवाल पर कहा कि संचार साथी एक जासूसी एप है और यह हास्यास्पद है। नागरिकों को निजता का अधिकार है और सभी को निजता का अधिकार होना चाहिए, ताकि वे अपने परिवार और दोस्तों को निजी संदेश भेज सकें, लेकिन सरकार इस निजता को छीनने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ़ टेलीफ़ोन पर जासूसी नहीं है। वे इस देश को हर तरह से तानाशाही में बदल रहे हैं और संसद इसलिए नहीं चल रही है। सरकार किसी भी विषय पर चर्चा करने से इन्कार कर रही है और किसी भी विषय पर चर्चा नहीं होने दे रही है। यह लोकतंत्र की परंपरा नहीं है। एक स्वस्थ लोकतंत्र में चर्चा होती है और हर किसी के अलग-अलग विचार होते हैं और आप उनकी बात सुनते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा ष्मोबाइल पर तरह-तरह की धोखाधड़ी हो रही है और इस धोखाधड़ी की रिपोर्ट करने के लिए एक प्रभावी प्रणाली होनी चाहिए।


### कुवैत-हैदराबाद इंडिगो फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई।** कुवैत से हैदराबाद आ रही इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6ई-1234 को मंगलवार सुबह बम की धमकी के बाद मुंबई एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। हैदराबाद एयरपोर्ट को एक ईमेल मिला था, जिसमें विमान में बम होने की बात लिखी थी। इसके बाद तुरंत सभी एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया। एयरबस ए321-251 एनएक्स विमान रात 1:56 बजे कुवैत से उड़ा था और सुबह 8:10 बजे मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतारा गया।

# सरकारी पैसों से बाबरी मस्जिद बनवाना चाहते थे नेहरू: राजनाथ

अहमदाबाद, वार्ता

- रक्षा मंत्री ने बड़ा राजनीतिक दावा किया
- बोले: सरदार वल्लभभाई पटेल ने तत्कालीन प्रधानमंत्री को रोका



**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह** ने मंगलवार को एक बड़ा राजनीतिक दावा किया है। उन्होंने कहा कि जवाहरलाल नेहरू सार्वजनिक धन से यानी सरकारी पैसों से अयोध्या में बाबरी मस्जिद का निर्माण कराना चाहते थे, लेकिन सरदार वल्लभभाई पटेल ने इस प्रस्ताव को आगे नहीं बढ़ने दिया।

गुजरात के सडली गांव में आयोजित 'यूनिटी मार्च' कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने पटेल की भूमिका और उनके विचारों को विस्तार से बताया। राजनाथ सिंह ने कहा कि नेहरू ने सार्वजनिक धन से बाबरी मस्जिद बनाने का सुझाव दिया था, लेकिन पटेल ने साफ मना कर दिया। उन्होंने आगे दावा किया कि नेहरू ने पटेल के निधन के बाद उनके स्मारक के लिए जनता द्वारा जुटाए गए धन को कुएं और सड़कों के निर्माण में खर्च करने का सुझाव दिया था, जो उनकी विरासत को दबाने की कोशिश थी। रक्षा मंत्री ने कहा कि पटेल सच्चे अर्थों में उदार और निष्पक्ष नेता थे, जिन्होंने कभी भी तुष्टिकरण की राजनीति नहीं की। कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने कहा कि सोमनाथ मंदिर को पुनर्निर्माण के लिए सरकार से एक भी पैसा नहीं लिया गया था, क्योंकि पूरा धन जनता से आया था। उन्होंने कहा कि इसी तरह अयोध्या में राम मंदिर भी पूरी तरह जनता के सहयोग से बना है और यह वास्तविक धर्मनिरपेक्षता का उदाहरण है। सिंह ने दावा किया कि कांग्रेस के 1946 के अध्यक्ष चुनाव में अधिकतर प्रस्ताव पटेल के पक्ष में थे, लेकिन महात्मा गांधी के अनुरोध पर पटेल ने अपना नाम वापस ले लिया और नेहरू अध्यक्ष बने, जिसके बाद वह प्रधानमंत्री बने। रक्षा मंत्री ने कहा कि कुछ राजनीतिक ताकतों ने वर्षों तक पटेल की विरासत को दबाने की कोशिश की।

# एयर इंडिया ने एक्सपायर फिटनेस सर्टिफिकेट वाला प्लेन उड़ाया

- विमान ने आठ रूट्स पर उड़ान भरी, मामले से जुड़े लोगों को ड्यूटी से हटाया

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने अपने ए-320 नियो प्लेन को फिटनेस सर्टिफिकेट एक्सपायर होने के बाद भी 8 रूट्स पर उड़ाया। 26 नवम्बर को एयरलाइन ने नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) को इसकी जानकारी दी।

मामला सामने आने के बाद डीजीसीए ने प्लेन के उड़ान पर रोक लगा दी है। वहीं एक्सपायर सर्टिफिकेट के साथ प्लेन को उड़ने की परमिशन देने वाले एयरलाइन के स्टाफ को ड्यूटी से हटा दिया है। फिलहाल कौन-कौन लोग इसमें शामिल थे, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। ए-320 नियो विमान पहले विस्तारा एयरलाइन के बेड़े में था। नवम्बर 2024 में विस्तारा का एयर इंडिया के साथ मर्जर हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### रेलवे कर्मचारी के आश्रितों को एक करोड़ का बीमा राशि

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के रेलवे सेलरी पैकेज (आरएसपी) स्कीम के अंतर्गत दिवंगत कर्मचारी अनवर अली के आश्रितों को एक करोड़ की बीमा राशि प्रदान की गई। यह राशि स्व- अनवर अली की माता एवं आश्रित कमरून निशा को दी गई। अनवर अली ट्रैक मेंटेनर के पद पर वाराणसी इंजीनियरिंग विभाग में कार्यरत थे। उनकी बीते 25 मार्च को ड्यूटी के दौरान दुर्घटना में मौत हो गई थी। मंडल प्रशासन ने बताया कि आरएसपी योजना के अंतर्गत देय राशि के त्वरित भुगतान के लिए मंडल कार्मिक विभाग एवं बैंक अधिकारियों ने सभी आवश्यक औपचारिकताएं समयबद्ध तरीके से पूरी कीं। कार्यक्रम के दौरान उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल ने दिवंगत कर्मचारी अनवर अली को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

### प्रयागराज में सम्मानित किए गए 19 बीएलओ

**प्रयागराज।** उप्र के प्रयागराज में एसआईआर कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 19 बूथ लेवल अधिसकारियों को जिला.धिकारी मनीष कुमार वर्मा ने आज सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने सभी चयनित बीएलओ को प्रशस्ति पत्र और दीवार घड़ी भेंट कर उनके कार्य की सराहना की। निर्वाचन कार्य बेहद जिम्मेदारी वाला होता है और इसे निष्ठा और तत्परता के साथ निभाने वाले बीएलओ लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ अन्य बीएलओ के लिए प्रेरणा है। उन्होंने आग्रह किया कि वे अपने साथ काम कर रहे अन्य बीएलओ को भी आयोग के निर्देशानुसार 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग का कार्य शत-प्रतिशत एवं शीघ्र पूरा करने के लिए प्रेरित करें।

# गुजरात के नौजवानों को नशे और अपराध की दुनिया में धकेल रही सरकारः राहुल गांधी

नई दिल्ली, वार्ता

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुजरात सरकार पर प्रदेश में नशीले पदार्थों को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह भाजपा के कौन से नेता है, जिसके संरक्षण में यह सब चल रहा है?

गांधी ने मंगलवार को गुजरात सरकार पर हमला बोलते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि गुजरात में चल रही कांग्रेस की जन आक्रोश यात्राओं के दौरान लोगों ने, खासकर महिलाओं ने बार-बार कहा है कि राज्य में बढ़ते नशे, अवैध शराब और अपराध ने उनके जीवन में असुरक्षा को गहरा दिया है। उन्होंने कहा कि गुजरात महात्मा गांधी और सरदार पटेल



**भाजपा नेता के संरक्षण में चल रहा धंधा**

की वह धरती है, जहां सत्य, नैतिकता और न्याय की परंपरा रही है, मगर पिछले कुछ सालों से प्रदेश के युवाओं का भविष्य ड्रग्स और अपराध की अंधेरी दुनिया की ओर धकेला जा रहा है। गांधी ने गुजरात सरकार से सवाल पूछा- गुजरात पूछ रहा है, भाजपा सरकार चुप क्यों है? प्रदेश सरकार में वह कौन मंत्री है, जिसके संरक्षण में यह सब चल रहा है?

### हेराल्ड मामले में साजिश के तहत नई प्राथमिकी दायरः खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया है कि नेशनल हेराल्ड मामले में उनकी पार्टी को निशाना बनाने के लिए जब भारतीय जनता पार्टी सरकार को कुछ नही मिला, तो कांग्रेस नेताओं के खिलाफ साजिश के तहत पुराने मामले में नई प्राथमिकी दायर की गई है। खड़गे ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि 12 साल बाद अचानक गांधी परिवार पर कांग्रेस पार्टी को निशाना बनाने वाले पुराने मामले में एक नई प्राथमिकी दर्ज की गई।

# राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को राहत

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों को बड़ी राहत देते हुए स्पष्ट कर दिया है कि अब वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं, ट्रेनिंग कैंपों और संबंधित गतिविधियों में शामिल होने की पूरी अवधि, आवागमन के समय सहित 'ड्यूटी' मानी जाएगी।

मंत्रिमंडल के इस फैसले से खिलाड़ियों को अनुमति लेने में होने वाली मुश्किलें खत्म होंगी। कैबिनेट की बैठक के बाद वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अब तक 'अंतर्राष्ट्रीय पदक विजे.ता सीधी भर्ती नियमावली-2022' में ऐसी कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं थी। सेवा नियमावली में अवकाश संबंधी प्रावधान न होने के कारण खिलाड़ियों को प्रतियोगिताओं



**सरकार ने साफ किया 'ड्यूटी' मानने का नियम**

और प्रशिक्षण शिविरों में भाग लेने के लिए अनुमति प्रक्रिया में दिक्कतें आती थीं।

उन्होंने कहा कि अब सरकार नई प्रणाली लागू कर रही है, जिसमें साफ व्यवस्था होगी कि नियुक्त खिलाड़ी जब भी किसी राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता, कैंप या प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लें, वह अवधि सेवा अवधि (ड्यूटी) मानी जाएगी। इसमें आने-जाने का पूरा समय भी शामिल होगा। इससे न केवल खिलाड़ियों को अपने खेल करियर में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा, बल्कि राज्य का प्रतिनिधित्व भी और मजबूत होगा, क्योंकि अब उन्हें अनुमति लेने में कोई बाधा नहीं आएगी। मंत्रिमंडल ने वाराणसी में निर्माणाधीन डा. सम्पूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम, सिगरा के संच.ालन, प्रबंधन और रखरखाव तथा राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के साथ हुए एमओयू को मंजूरी दे दी है। यह वही स्टेडियम है, जहां 'खेलो इंडिया' योजना के तहत आधुनिक स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया गया है। एमओयू के तहत स्टेडियम परिसर में मौजूद खेल सुविधाओं जैसे, भवन, ढांचे, मैदान और अन्य अवसंरचनाओं को साई को सौंपा जाएगा।

### योगी और धर्मेंद्र प्रधान ने किया 'काशी तमिल संगमम् 4-0' का शुभारंभ

**वाराणसी।** धार्मिक नगरी काशी में 2 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले 'काशी तमिल संगमम् 4-0' का शुभारंभ सोमवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नमो घाट पर किया। इस अवसर पर तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा युवा कल्याण एवं खेल राज्य मंत्री डा. एल. मुरुगन, पुडुचेरी की उपराज्यपाल के. कैलाशनाथन, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक सहित कई केंद्रीय मंत्री, सांसद और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## योगी मंत्रीमंडल में हुए फैसलों की जानकारी देते हुए बोले वित्तमंत्री

# यूपी के हर मंडल में बनेगा दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में दिव्यांगजनों के लिए एक अहम निर्णय लिया गया।

सरकार ने राज्य के सभी 18 मंडलों में नए जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र (डीडीआरसी) खोलने को मंजूरी दे दी है। वर्तमान में प्रदेश के 38 जिलों में ऐसे केंद्र चल रहे हैं, लेकिन कतिपय समस्याओं के कारण कई जगह संचालन प्रभावित हो रहा था। अब सरकार पूरे ढांचे को नए सिरे से संसाधनों से लैस करते हुए संचा.लित करने जा रही है, ताकि दिव्यांगजनों को मिलने वाली सेवाओं में कोई बाधा न आए। कैबिनेट के फैसले के बारे में जानकारी देते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि नए डीडीआरसी खुलने से प्रदेश में दिव्यांगजनों को एक ही जगह पर सर्वे, पहचान, शिविर, सहायक उपकरण, कृत्रिम अंग फिटमेंट और प्रशिक्षण जैसी सुविधाएं आसानी से उपलब्ध होंगी। इसके साथ ही फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी जैसी नैदानिक सेवाएं भी इन केंद्रों पर दी जाएंगी।

यूडीआईडी कार्ड और दिव्यांग प्रमाणपत्र जैसे जरूरी दस्तावेज बनवाने में भी अब लोगों को ज्यादा चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। सरकार का मानना है कि इस फैसले से दिव्यांगजनों को योजनाओं का लाभ समय पर और सुगमता से मिल सकेगा तथा उनके पुनर्वास की पूरी प्रक्रिया मजबूत होगी। सरकार ने अयोध्या को विश्व स्तर पर एक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गंतव्य के रूप में विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। मंत्रिमंडल ने टाटा सन्स के सहयोग से अयोध्या में प्रस्तावित विश्व स्तरीय 'मंदिर संग्रहालय' का दायरा और बघ कर दिया है। खन्ना ने बताया कि टाटा सन्स ने अपने सीएसआर फंड से एक अत्याधुनिक मंदिर संग्रहालय विकसित करने और उसका संचालन करने की इच्छा व्यक्त की है। इसके लिए कम्पनी एक्ट 2013 की धारा 8 के तहत एक गैर-लाभकारी एसपीवी बनाया जाएगा, जिसमें भारत सरकार और राज्य सरकार के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। परियोजना हेतु भूमि आवंटन के लिए भारत सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और टाटा सन्स के बीच त्रिपक्षीय एम्ओयू बीते 3 सितम्बर 2024 को हस्ताक्षरित हो चुका है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि पूर्व में प्रदेश सरकार ने अयोध्या के मांझा जमथरा गांव में 25 एकड़ नजूल भूमि टाटा सन्स को 90 वर्षों के लिए उपलब्ध कराने की अनुमति दी थी, लेकिन टाटा संस ने संग्रहालय की भव्यता के दृष्टिगत अधिक भूमि की अपेक्षा की थी।



**अयोध्या में विश्व स्तरीय संग्रहालय बनेगा, जिसके लिए टाटा को जिम्मेदारी सौंपी गई है**

### बरेली और कानपुर में दो बड़ी पेयजल परियोजनाओं को मंजूरी

**लखनऊ।** योगी मंत्रिमंडल ने शहरी पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने के लिए दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं को हरी झंडी दे दी है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अटल नवीकरण एवं शहरी रूपांतरण मिशन-अमृत 2-0 के तहत बरेली और कानपुर नगर निगम क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुधारने और नेटवर्क विस्तार के लिए कुल 582.74 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। दोनों योजनाएं शहरों की बड़ी आबादी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने में मील का पत्थर साबित होंगी। बरेली नगर निगम में पेयजल प्रणाली को नए सिरे से विक.सित करने के लिए फेज-1 पुनर्गठन परियोजना को व्यय वित्त समिति से 26,595.46 लाख रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है। इसमें केंद्र सरकार का हिस्सा 8,530.96 लाख, राज्य सरकार का 14,504.95 लाख और नगर निगम का अंश 2,559.55 लाख रुपये शामिल है।

# बीजेपी जाए, तो निजता बच पाएः अखिलेश यादव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा सांसद अखिलेश यादव ने संचार साथी ऐप को पर जारी किए गए केंद्र सरकार के निर्देशों को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी है। सपा मुखिया ने भारतीय जनता पार्टी पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं।

सोशल मीडिया साइट एक्स पर अखिलेश यादव ने लिखा कि बीजेपी जाए , तो निजता बच पाए। कन्नौज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से सांसद अखिलेश ने लिखा कि जिनका इतिहास ही मुखबिरी का रहा हो, वो जासूसी करना कैसे छोड़ सकते हैं। भाजपा सरकार में अभिव्यक्ति की आजादी तो पहले ही छीनी जा रही थी, अब घर-परिवार, नाते-रिश्तेदार, मित्रता-कारोबार की आपसी बात.चीत पर भी भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों की गिद्ध निगाह लग जाएगी। अब जनता ने फैसला कर लिया है भाजपा सरकार नहीं चाहिए, तो नहीं चाहिए. भाजपा जाए तो निजता बच पाए!



### घोसी उपचुनाव में सुजीत सिंह होंगे सपा प्रत्याशी

**मऊ।** समाजवादी पार्टी के नेता और उत्तर प्रदेश स्थित जसवंतनगर से विधायक शिवपाल सिंह यादव ने मऊ स्थित घोसी विधानसभा सीट पर प्रत्याशी का ऐलान कर दिया है। मंगलवार को सुधाकर सिंह के कर्म में मऊ पहुंचे शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि स्व. सुधाकर सिंह के बेटे सुजीत सिंह ही उम्मीदवार होंगे। शिवपाल ने कहा कि हम लोगों को पूरा सहयोग और आशीर्वाद सुजीत को है। हम लोग यहां आकर इनकी मदद करेंगे।



सेंसेक्स 85138.27
निफ्टी 26032.20



सोना रु. 126720
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)


## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 173340
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में गिरावट, सेंसेक्स लुढ़का



मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट जारी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 503.63 अंक (0.59 प्रतिशत) लुढ़ककर 85,138.27 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 143.55 अंक यानी 0.55 प्रतिशत टूटकर 26,032.20 अंक पर बंद हुआ। औद्योगिक उत्पादन के अक्टूबर के आंकड़े कमजोर रहने के बाद मंगलवार को बाजार में शुरू से ही बिकवाली हावी रही। मझौली और छोटी कंपनियों में भी गिरावट रही। एनएसई के सूचकांकों में फार्मा को छोड़कर सभी में गिरावट रही। निजी बैंकों, वित्तीय सेवाओं, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस और धातु समूहों में ज्यादा गिरावट रही। सेंसेक्स की कंपनियों में एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और बीईएल के शेयर एक प्रतिशत से अधिक टूटे। एशियन पेंट्स में तीन प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। मारुति सुजुकी, भारती एयरटेल, हिदुस्तान यूनीलि.वर और बजाज फाइनेंस के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए।

### लक्जरी हॉस्पिटैलिटी और ग्रीन प्रोजेक्ट्स में रूचि दिखा रहे हैं सिंगापुर के निवेशक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विदेशी निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से चल रही अंतर्राष्ट्रीय पहल के अंतर्गत, इन्वेस्ट यूपी के सिंगापुर डेस्क ने सोमवार को पर्यटन, हॉस्पिटैलिटी और संबद्ध क्षेत्रों में निवेश संभावनाओं को लेकर निवेशकों के साथ कई महत्वपूर्ण उच्च-स्तरीय बैठकें कीं। आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि इस रणनीति के अनुरूप, इन्वेस्ट यूपी के सिंगापुर डेस्क का नेतृत्व करते हुए इन्वेस्ट यूपी के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शशांक चौधरी ने सिंगापुर में ग्रीनफील्ड वेंचर्स के मुख्य संच.ालन अधिकारी अमृतांशु रॉय के साथ एक उच्च-स्तरीय बैठक की। बैठक के दौरान, इन्वेस्ट यूपी टीम ने अयोध्या, वाराणसी, मथुरा सहित उत्तर प्रदेश के अन्य उच्च-संभावना वाले पर्यटन क्षेत्रों में स्थित पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया।

# सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज

**नई दिल्ली।** मंगलवार की सुबह ट्रेडर्स ने पिछले सेशन की तेज रैली के बाद मुनाफा वसूली की। यही वजह रही कि एमसीएक्स पर दोनों धातुएं नीचे खुलीं। दोपहर 3.40 बजे तक सोना 0.47 प्रतिशत गिरकर 1,26,720 प्रति 10 ग्राम पर था। वहीं चांदी 2.73 प्रतिशत फिसलकर 1,73,340 प्रति किलो पर आ गई।

इससे ठीक पहले सोमवार को सोना छह हफ्तों के ऊपरी स्तर पर पहुंच गया था, क्योंकि बाजार को फेड की संभावित दर कटौती की उम्मीदें सपोर्ट दे रही थीं। कमजोर रुपया ने भी घरेलू कीमतों को ऊपर धकेला है, जो हाल ही में डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड लो पर गया। चांदी की कीमतों में मुनाफावसूली से पहले की हालिया उछाल की सबसे बड़ी वजह 'सिल्वर स्क्वीज' है। चीन के अक्टूबर में चांदी के निर्यात 660 टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। वहीं इन्वेंट्री दस साल के निचले स्तर पर चली गई। यह सप्लाई टाइटनेस लंदन तक दिख रही है। 2025 चांदी बाजार के लिए लगातार पांचवां डेफिसिट वाला साल होगा। इस कमी के चलते लिक्विडिटी पर दबाव पड़ा, लीज़ रेट्स बढ़े और अमेरिकी सीएमई वॉल्ट्स में डिलिवरी भी बढ़ी। इतना ही नहीं अमेरिका ने चांदी को 2025 की 'क्रिटिकल मिनरल' लिस्ट में शामिल किया है। इससे इसकी रणनीतिक अहमियत और बढ़ गई है। च्वाइस ब्रोकिंग के अमीर मकड़ा ने कहा कि चांदी मजबूत अपट्रेंड में है और इसका मोमेंटम अभी भी कायम है। उनके मुताबिक चांदी के लिए अहम सपोर्ट 1,42,285 और 1,21,437 पर है।

# सतत विकास की आधारशिला है पारदर्शिताः सीतारमण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीता.रमण ने मंगलवार को पारदर्शिता को सतत विकास की आधारशिला बताते हुए कहा कि मौजूदा सरकार ने स्वैच्छिक अनुपालन को बढ़ावा देकर लोगों का सहयोग हासिल किया है और अर्थव्यवस्था को गति दी है।

श्रीमती सीतारमण ने यहां ग्लोबल फोरम की 18वीं आम बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के लिए कर मामलों में पारदर्शिता सदैव प्रशासनिक सुधारों से कहीं अधिक रही है। यह उस गहरे सिद्धांत से जुड़ा है कि आर्थिक शासन की नींव निष्पक्षता और उत्तरदायित्व पर आधारित होनी चाहिए। जब आम लोग और कंपनियां अपना उचित कर अदा करती हैं और कर चोरी को प्रभावी रूप से रोका जाता है, तब समाज अधिक सशक्त और समानतापूर्ण बनता है। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता को केवल अनुपालन के उपकरण के रूप में नहीं, बल्कि सतत विकास और राजकोषीय सुदृढ़ता की आधारशिला के रूप में देखना आवश्यक है। भारत का अनुभव इस समझ को और मजबूत करता है। मौजूदा सरकार के अनुभवों को साझा करते हुए



वित्त मंत्री ने कहा कि पिछले दशक में सरकार ने स्वैच्छिक अनुपालन में स्पष्ट वृद्धि देखी है। नागरिक तब अधिक सहयोग देते हैं जब उन्हें विश्वास होता है कि प्रणाली ईमानदारी को प्रोत्साहित करती है और कर चोरी के खिलाफ दृढ़तापूर्वक कार्रवाई करती है। यह केवल प्रवर्तन से नहीं बल्कि स्पष्टता, सरलीकरण और करदाताओं के साथ विश्वास निर्माण के निरंतर प्रयासों से भी संभव हुआ है।

उन्होंने कहा कि पारदर्शिता करदाताओं की नैतिकता को बढ़ाती है। जब लोगों को भरोसा होता है कि प्रणाली निष्पक्ष है और नियम निरंतर रूप से लागू होते हैं, तो स्वैच्छिक अनुपालन मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि जो दुनिया कभी गोपनीयता और सीमित जानकारी तक सिमटी थी, वह अब बदलकर ऐसी हो गई है, जहां पारदर्शिता को निष्पक्षता, अनुपालन और उत्तरदाई शासन के लिए अत्यंत आवश्यक माना जाने लगा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उप्र में विकास...** बिताए गए समय को 'ड्यूटी' (कर्तव्यार्थ व्यतीत अवधि) माना जाएगा। कैबिनेट की बैठक में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के चैनेज सं0 45 980 किमी पर स्थित घाघरा पुल के क्षतिग्रस्त भाग के स्थायी सुरक्षात्मक कार्य कराए जाने के संबंध में निर्णय लिया गया। इसके अलावा अटल नवीकरण और शहरी रूपान्तरण मिशन-2.0 (अमृत-2.0) योजनान्तर्गत कानपुर नगर में पेयजल पाइप लाइन विस्तार से संबंधित प्रायोजना के लिए 316.78 करोड़ की अनुमोदित लागत के व्यय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। कैबिनेट की बैठक में अमृत-2.0 योजनान्तर्गत बरेली में पेयजल पुनर्गठन योजना फेज-1 से संबंधित प्रायोजना के लिए 265.95 करोड़ रुपये की अनुमोदित लागत के व्यय के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया। इसके अलावा अवस्थापना एवं औद्योगिक निवेश नीति-2012 और औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2017 के अन्तर्गत गठित इम्पावर्ड कमेटी की 15 मई, 2025 को हुई बैठकों में की गई संस्तुतियों पर अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में डा. सम्पूर्णानन्द स्पोर्ट्स स्टेडियम, सिगरा वाराणसी के संचालन और राष्ट्रीय उत्कृष्टता केन्द्र के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) द्वारा उपलब्ध कराए गए एमओयू के संबंध में फैसला लिया गया है।

**क्या रोहिंग्या...** का विरोध कर रहा है, लेकिन डिपोर्टेशन कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अनुसार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यहां मामला हिरासत से गायब होने का है। सरकार ने स्वयं डिपोर्टेशन की प्रक्रिया तय की है, जिसका पालन होना चाहिए। उन्हें चुपचाप कहीं भेज देना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी हानिकारक है और ऐसा नहीं होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि रोहिंग्या मामला पहले से सुप्रीम कोर्ट में है और उन्हीं याचिकाओं के साथ इस अर्जी को सुना जाएगा। सीजेआई ने इस दौरान टिप्पणी में कहा कि अगर उन्हें भारत में रहने का कानूनी अधिकार नहीं है और वे घुसपैठिए हैं, उत्तर भारत की सीमा बहुत संवेदनशील है और ऐसे में अगर कोई घुसपैठिया आता है, तो क्या हम उसे रेड कॉर्पेट (लाल कालीन) बिछाकर स्वागत करें और सारी सुविधाएं दें? सीजेआई ने पूछा कि उन्हें वापस भेजने में समस्या क्या है? वकील ने कहा कि उन्हें वापस भेजा जाना चाहिए, परंतु कानून के अनुसार। इसके बाद चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि पहले आप (रोहिंग्या) अवैध रूप से सीमा पार करते हैं। सुरंग खोदकर या बाड़ लांघकर भारत में घुसते हैं। फिर कहते हैं कि अब चूंकि आ गए हैं इसलिए देश की सारी कानून-व्यवस्था उन पर लागू हो और वो भोजन, आश्रय, बच्चों की शिक्षा सबका हकदार हों। क्या हम कानून को इतना खींचना चाहते हैं? याचिकाकर्ता की वकील ने कहा कि वह कानून को खींचने की मांग नहीं कर रही हैं, बल्कि सिर्फ इतना चाहती हैं कि निर्वासन की वर्तमान विधिक प्रक्रिया लागू की जाए। उन्होंने 2020 के सलीमुल्लाह मामले का उल्लेख किया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि रोहिंग्याओं का निर्वासन केवल प्रक्रिया के अनुसार ही किया जा सकता है। सीजेआई ने कहा कि भारत एक ऐसा देश है, जहां बहुत से गरीब लोग हैं, और हमें उन पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे देश में भी गरीब लोग हैं, नागरिक हैं। क्या वे सुविधाओं और लाभों के हकदार नहीं? क्यों न उन पर ध्यान दें? वकील ने स्पष्ट किया कि वह किसी पुनर्वापसी की मांग नहीं कर रही हैं। याचिकाकर्ता पक्ष ने कहा कि उसकी सीमित प्रार्थना यह है कि डिपोर्टेशन का आदेश सरकार के नियम के अनुसार किया जाए। भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह याचिका एक पीआईएल याचिकाकर्ता द्वारा दायर की गई है, किसी प्रभावित व्यक्ति द्वारा नहीं।

# यूपी में बदलेगी डीएल अप्रूवल की प्रक्रिया

## तेजी से बनेंगे लाइसेंस, नई एजेंसियों ने संभाला कामकाज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी में ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रोसेस में बदलाव दिख सकता है। हाल ही में डीएल से जुड़े सारे कामकाज नई एजेंसी को सौंपा गए हैं। कंपनी ने हार्डवेयर इंस्टालेशन का काम भी पूरा कर लिया है। अब डीएल बनाने का काम नई कंपनी के कर्मचारी करेंगे। बता दें कि नई कंपनी को काम स्थानांतरण के चलते 25 से 29 नवंबर तक नए ड्राइविंग लाइसेंस बनाने संबंधी कामों पर रोक लगी थी।

प्रदेश में ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की जिम्मेदारी 3 एजेंसियों को दी गई है। लखनऊ में सिल्वर टच को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। फोकाम नेट व रोजमार्टा के पास अन्य जिलों का काम है। अब तक स्मार्ट चिप नाम की कंपनी के पास डीएल संबंधित कामकाज की जिम्मेदारी थी, यहां तकरीबन 300 कर्मचारी इस काम में लगे थे। डीएल संबंधी हार्डवेयर इंस्टालेशन के चलते कुछ दिनों तक ड्राइविंग लाइसेंस अप्रूवल का काम बंद था। इस दौरान आवेदकों को काफी असुविधा भी हुई, लेकिन अब नई कंपनियों के काम संभालने के बाद यह काम फिर से शुरू हो गया है। एजेंसी के अंतर्गत काम करने वाले कर्मचारियों को ट्रांसफर नई कंपनियों में ट्रांसफर कर दिया गया है। स्मार्ट चिप कंपनी के पास जब डीएल अप्रूवल का काम था, तो कभी चिप की कमी और कभी तकनीक में गड़बड़ी से हजारों डीएल महीनों बाद तक नहीं पहुंचाए जा सके थे। 2023 में एक समय तीन लाख ड्राइविंग लाइसेंस लंबित हो गए थे। ऐसे में सरकार ने दूसरी कंपनियों को इसका काम सौंपने का निर्णय लिया। पिछले हफ्ते नए सिस्टम इंस्टालेशन के कारण 3-4 दिनों तक डीएल अप्रूवल बंद रहा, जिससे हजारों आवेदन अटक गए थे। नई व्यवस्था से ये दिक्कतें दूर होंगी, प्रोसेसिंग में तेजी आएगी। इसके अलावा पहले आधार कार्ड में पिता के नाम की अनिवार्यता से डीएल प्रक्रिया प्रभावित हो रही थी। इससे तकनीकी दिक्कतें भी आ रही थीं। उम्मीद जताई जा रही है डीएल संबंधित ये सभी परेशानियां अब दूर हो जाएंगी। इसके अलावा अब ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्टिंग सेंटर (एडीटीसी) पर ड्राइविंग टेस्ट की शुरुआत भी हो रही है।



शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सरदार पटेल ने अखंड भारत का सपना साकार किया : सीएम

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को साधली, बडाध्देरा, गुजरात में सरदार/150 यूनिटी मार्च के अंतर्गत आयोजित सरदार गाथा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

मुख्यमंत्री ने भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल को समस्त उत्तराखंडवासियों की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने अपनी अदम्य इच्छाशक्ति, दूरदर्शिता और अटूट समर्पण से अखंड भारत का सपना साकार किया। मुख्यमंत्री ने सरदार पटेल को आधुनिक भारत का निर्माता बताते हुए कहा कि खेड़ा और बारदोली के किसान आंदोलनों में अन्याय के विरुद्ध उनके द्वारा किए गए संघर्ष ने उन्हें भारत में लोकप्रिय बनाया था।



▪ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ सरदार गाथा कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

उन्होंने अपना पूरा जीवन राष्ट्र-सेवा के लिए समर्पित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा सरदार पटेल ने संवाद, प्रेम, दृढ़ता और निर्भीकता का परिचय देते हुए 562 रियासतों को भारत में मिलाया। मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरदार पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लेकर उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की है। प्रधानमंत्री द्वारा सरदार पटेल की प्रेरणा से एक भारत, श्रेष्ठ भारत के मंत्र के साथ भारत की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय गौरव को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाने का कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 समाप्त कर सरदार पटेल और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के एक देश, एक विधान, एक संविधान के संकल्प को साकार किया है।

प्रधानमंत्री ने गुजरात के केवड़िया में विश्व की सबसे ऊँची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का निर्माण कराया। साथ ही सरदार पटेल के जन्म दिवस पर देश में रन फॉर यूनिटी का आयोजन कर युवाओं को सरदार पटेल के बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित भी किया है। मुख्यमंत्री ने कहा सरदार/150 यूनिटी मार्च के अंतर्गत उत्तराखंड सरकार ने देवभूमि उत्तराखंड के प्रत्येक जनपद में भी एकता यात्रा का आयोजन किया। मुख्यमंत्री ने बताया उन्होंने स्वयं चार प्रमुख स्थानों पर एकता यात्रा में प्रतिभाग किया है। एकता यात्रा के माध्यम से युवाओं को नशा मुक्ति, योग और स्वास्थ्य जैसे विषयों से जोड़ने के साथ सहकारिता मेलों का आयोजन कर स्थानीय हस्तशिल्प और स्वदेशी उत्पादों के प्रचार प्रसार की दिशा में भी कार्य किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया एकता यात्रा के दौरान ग्राम सभाओं में जनसंवाद कार्यक्रमों का आयोजन कर जनता की विभिन्न समस्याओं के समाधान भी किया गया। विभिन्न गाँवों में सरदार उपवन विकसित कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण पहल की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा सरदार पटेल की प्रेरणा और प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तराखंड सरकार ने सभी नागरिको के लिए एक समान अधिकार और कानून लागू करने के उद्देश्य से राज्य में समान नागरिक संहिता लागू की है। इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया, केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया, केंद्रीय राज्यमंत्री शोभा करंदलाजे, एवं अन्य गणमान्य सदस्य मौजूद रहे।

# आवारा पशुओं को मिलेगा आसरा, डीएम ने किया गजा की नई गोशाला का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** गजा में आयोजित तहसील दिवस के सफल समापन के बाद जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की जमीनी हकीकत जानने के लिए स्थलीय निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने गजा में नव निर्मित गौशाला का दौरा किया और वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पर्वतीय क्षेत्रों में आवारा पशुओं की समस्या और खेती को होने वाले नुकसान को देखते हुए प्रशासन द्वारा इस गौशाला का निर्माण एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष कुंवर सिंह चौहान ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि इस नवनिर्मित गौशाला में एक साथ 70 आवारा पशुओं को आश्रय देने की क्षमता है, जिससे स्थानीय निवासियों को बेसहारा पशुओं की समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी।

निरीक्षण के दौरान गौशाला के संच.ालन को सुचारू और प्रभावी बनाने के लिए कुछ अतिरिक्त सुविधाओं की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई। नगर पंचायत अध्यक्ष ने जिलाधिकारी के संज्ञान में लाया कि गौशाला परिसर की सुरक्षा के लिए बाउंड्री वॉल का निर्माण, पशुओं के लिए निरंतर पानी की व्यवस्था और गौशाला से निकलने वाले अपशिष्ट के सही निस्तारण के लिए गोबर कम्पोस्ट यूनिट की स्थापना नितांत आवश्यक है। इन सुझावों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. डी. के. शर्मा को मौके पर ही निर्देशित किया कि वे इन अतिरिक्त कार्यों के लिए तत्काल एक विस्तृत प्रस्ताव तैयार करें, ताकि गौशाला को सर्वसुविधायुक्त बनाया जा सके और इसका लाभ लंबे समय तक मिल सके।

गौशाला निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए तहसील गजा कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया। उन्होंने वहां मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को पर्यावरण को हरा-भरा रखने का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने पौधारोपण कर प्रकृति के संरक्षण का आह्वान किया। इस अवसर पर तहसीलदार गजा विनोद, अधिशासी अधिकारी (ईओ) गजा रोहित और अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे,।

# मरीजों के साथ तत्परता का व्यवहार रखें: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने जिला अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं, मरीजों को मिल रही सेवाओं के साथ ही विभिन्न विभागों के कार्यों की गहन समीक्षा की। बिना पूर्व सूचना के इस निरीक्षण का उद्देश्य अस्पताल की वास्तविक स्थिति का आंकलन करना और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में आवश्यक सुधार सुनिश्चित करना था।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल में मौजूद मरीजों और उनके तीमारदारों से बातचीत कर



उनसे अस्पताल प्रबंधन, उपलब्ध सुविधाओं और उपचार व्यवस्था के बारे में फीडबैक प्राप्त किया। लोगों ने आमतौर पर अस्पताल की वर्तमान कार्यप्रणाली और सेवाओं पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी तथा व्यवस्थाओं को संतोषजनक बताया।जिलाधिकारी ने बाद में अस्पताल के डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मचारियों के साथ चर्चा कर उनके समक्ष आने वाली चुनौतियों और आवश्यक सुधारों पर जानकारी हासिल की। उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज के साथ संवेदनशीलता और तत्परता से व्यवहार करना अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि सीटी स्कैन मशीन का संचालन जल्द सुचारू रूप से शुरू करने के लिए अतिरिक्त तकनीशियन की नियुक्ति आवश्यक है, जिसके लिए डीजी हेल्थ से पत्राचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तकनीशियन की नियुक्ति होते ही जिले के मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी तथा उन्हें उच्च स्तरीय जांच के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी एवं समस्त चिकित्साधिकारी एवं चिकित्सा स्टाफ उपस्थित रहे।

# क्षेत्र पंचायत सदस्यों को हिमाचल प्रदेश के तर्ज पर मिले मानदेय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** क्षेत्र पंचायत सदस्यों के लिए अपेक्षित वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार दिए जाने, क्षेत्र पंचायत सदस्यों को हिमाचल प्रदेश के तर्ज पर 9 हजार रूपये का मानदेय दिए जाने सहित अन्य मांगों को लेकर क्षेत्र पंचायत संगठन कीर्तिनगर ने मंगलवार को उपजिलाधिकारी से वार्ता की। इस दौरान उन्होने ज्ञापन प्रेषित करते हुए जल्द मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही की मांग की। उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर को सौंपे ज्ञापन में कनिष्ठ प्रमुख प्रियंका जायड़ा, क्षेत्र पंचायत सदस्य रानीहाट मनोज कुमार जोशी ने कहा कि सरकार क्षेत्र पंचायतों के प्रति उदास.ीन रवैया अपना रही है। कहा कि भारतीय संविधान के 73वें संशोधन (1992) में त्रि-स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था को वरीयता और संवैधानिक आधार प्रदान किया गया था। जिसमें क्षेत्र पंचायतों को एक महत्वपूर्ण कड़ी माना गया था। जबकि उत्तराखंड पंचायती राज एक्ट, 2016 की धारा 192 में भी मानदेय का प्राविधान विहित है। इसके बावजूद भी क्षेत्र पंचायतों को इस व्यवस्था से पूर्णत: नजरअंदाज किया गया है। कहा कि पड़ोसी राज्यों जैसे हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार आदि में क्षेत्र पंचायतों को आवश्यक वरीयता तथा सोलह दिन की मासिक बैठकें दी गई हैं।

## एक नजर .......

### पदयात्रा की अनुमति को लेकर उपजिलाधिकारी को सौंपा पत्र

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा उत्तराखंड ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर 7 दिसम्बर को हाने वाली पदयात्रा को लेकर मंगलवार को उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। मोर्चा के जिलाध्यक्ष टिहरी राजीव उनियाल और वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश कोहली ने उपजिलाधिकारी सौंपे ज्ञापन में बताया कि 7 दिसंबर को रामलीला मैदान कीर्तिनगर से मां धारी देवी मंदिर तक शांतिपूर्ण पदयात्रा आयोजित की जाएगी। इस पदयात्रा में प्रदेश के विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक, मोर्चा के सदस्य, मातृशक्ति और परिजन बड़ी संख्या में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि पदयात्रा सुबह 11:30 बजे रामलीला मैदान कीर्तिनगर से शुरू होकर नया कीर्तिनगर पुल, उफलड़ा, श्रीनगर, श्रीकोट होते हुए धारी देवी पहुंचेगी।

### सांसद बलूनी के जन्मदिन पर छात्रों को बांटी अध्ययन सामग्री



**श्रीनगर।** गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी का जन्मदिन मंगलवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय नंदन नगर पालिका श्रीनगर में बेहद सादगी और सामा.जिक भाव के साथ मनाया। कार्यक्रम में युवाओं ने जरूरतमंद छात्र-छात्राओं के बीच पहुंचकर उनके साथ केक काटा और अलग-अलग अध्ययन सामग्री वितरित की। इस दौरान उन्होने बच्चों को पढ़ाई में उपयोग में लाई जाने वाली कॉपी, पेंसिल, रबर, कटर सहित जरूरी सामान उपलब्ध कराई। साथ ही बच्चों को जूस भी वितरित किया। मौके पर कार्यक्रम के संयोजक आयुष मियां, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अंकित रावत, वीरेंद्र बिष्ट, हिमांशु भंडारी, अमन सागर, करन परिहार, वरुण शर्मा, विपिन दानू, दीप्ति आर्य, दीक्षा, काजल, वंदना, अरविंद सहित आदि मौजूद थे।

### उत्तराखंड के मूल निवासियों को नौकरी में मिले आरक्षण

**श्रीनगर।** उत्तराखंड निवासियों के लिए मूल निवास, भू-कानून एवं शिक्षित गरीब युवा बेरोजगारों को रोजगार दिलाने के लिए सख्त कानून बनाएं जाने की मांग को लेकर समाजसेवी पृथ्वी बिष्ट ने प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में पृथ्वी सिंह बिष्ट ने उत्तराखंड राज्य के मूल निवा.सियों को नौकरी में 85 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने, लोकपाल बिल लागू किए जाने, भूकानून लागू किए जाने सहित गैरसैंण को राजधानी बनाएं जाने की मांग की है।

### बीएलएस ई-सर्विसेज ने यूजीबी के साथ हिमालयी क्षेत्रों में किया उपस्थिति का विस्तार

**देहरादून।** भारत में अंतिम छोर तक वित्तीय सेवाओं की आपूर्ति को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, बीएलएस ई-सर्विसेज की सहायक कंपनी स्टारफिन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को उत्तराखंड ग्रामीण बैंक द्वारा कॉर्पोरेट बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट के रूप में नामांकित किया गया है। यह सहयोग राज्य के दूरस्थ, पहाड़ी और अविक.सित क्षेत्रों में आवश्यक वित्तीय सेवाओं तक पहुंच को बेहतर बनाएगा।सीबीसी के रूप में, बीएलएस ई-सर्विसेज की सहायक कंपनी उत्तराखंड ग्रामीण बैंक को खाता खोलने, नकद जमा, नकद निकासी, धन अंतरण, माइक्रो-एटीएम सेवाओं और अन्य बैंकिंग लेनदेन जैसी सेवाएँ प्रदान करके व्यापक वित्तीय समावेशन को सक्षम बनाएगी। बीएलएस ई-सर्विसेज वित्तीय वर्ष 27 तक उत्तराखंड में 1,000 से अधिक सीएसपी/बीसी आउटलेट्स का नेटवर्क स्थापित करने का लक्ष्य रखती है, जो अग्रणी पब्लिक और प्राइवेट बैंकों के साथ साझेदारी के माध्यम से स्थापित होगा।बीएलएस ई-सर्विसेज के चेयरमैन शिखर अग्रवाल ने कहा, कि यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम देश के हर कोने में आवश्यक बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करें। हम उत्तराखंड ग्रामीण बैंक के साथ सीबीसी के रूप में सहयोग करके प्रसन्न हैं ।

# रुद्रप्रयाग में लगे दिवाकर भट्ट अमर रहो के नारे

**रुद्रप्रयाग।** यूकेडी के संयोजक एवं वरिष्ठ दिवंगत नेता दिवाकर भट्ट की अस्थि कलश यात्रा यूकेडी कार्यकर्ताओं के साथ मंगलवार दोपहर रुद्रप्रयाग पहुंची। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने दिवाकर भट्ट अमर रहो के नारे लगाए, जबकि मुख्य बाजार में कई लोगों ने अस्थि कलश यात्रा में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित दी।

यूकेडी की ओर से स्वर्गीय दिवाकर भट्ट की अस्थि कलश यात्रा को अनेक स्थानों पर ले जाया जा रहा है, ताकि लोग उन्हें श्रद्धांजलि दे सकें। मंगलवार को केंद्रीय पदाधिकारियों की मौजूदगी में यात्रा रुद्रप्रयाग पहुंची। जहां बड़ी संख्या में लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

# एमडीडीए की अवैध निर्माण व प्लॉटिंग पर कार्रवाई जारी

▪ उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी बोले-नियमों से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माण और प्लॉटिंग के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत देहरादून, ऋषिकेश, विक.ासनगर, शिमला बाईपास सहित कई इलाकों में बीते दिनों महत्वपूर्ण कार्रवाइयाँ की गईं, जिनमें बड़े पैमाने पर ध्वस्तीकरण और सीलिंग शामिल रहे। एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने स्पष्ट संदेश दिया कि राजधानी देहरादून के सुनियोजित विकास और मास्टर प्लान के पालन में किसी भी प्रकार की ढील नहीं



बरती जाएगी।

मंगलवार को प्राधिकरण ने छरबा इंटर कॉलेज रोड स्थित मधुकर जोशी द्वारा लगभग 50 से 60 बीघा भूमि में की जा रही अवैध प्लॉटिंग पर बड़ी ध्वस्तीकरण कार्रवाई अमल में लाई। मौके पर अवैध रूप से काटी गई सड़कों और गैर-कानूनी रूप से विक.सित हो रहे प्लॉटों को ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान अवर अभियंता सिद्धार्थ सेमवाल, अमन पाल, सुपरवाइजर टीम तथा पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। प्राधिकरण टीम ने स्पष्ट कर दिया कि बिना स्वीकृत नक्शे, बिना लेआउट अनुमा.ेदन और नियमों के विपरीत होने वाली किसी भी प्रकार की प्लॉटिंग या निर्माण को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इसी क्रम में एमडीडीए ने शिमला बाईपास रोड स्थित बालाजी एन्क्लेव में दो अलग-अलग अवैध निर्माणों को सील किया। शौकीन द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण पर प्राधिकरण की टीम ने सीलिंग की कार्रवाई पूरी की। वहीं जुल्फी एवं अन्य द्वारा किए गए अवैध निर्माणों पर भी कार्रवाई करते हुए भवनों को सील किया गया। यह कार्रवाई संयुक्त सचिव गौरव चटवाल के निर्देशों पर सहायक अभियंता विजय रावत, अवर अभियंता जितेंद्र सिंह एवं सुप.रवाइजरों की टीम द्वारा संपन्न की गई।

## जनता की सजगता से रुकेगा अवैध निर्माण: तिवारी

एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण शहर के नियोजित विकास के लिए पूर्ण कड़ाई से कार्य कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध कॉलोनाइजर, अनधिकृत निर्माणकर्ता और बिना अनुमति भूमि काटने वालों पर निरंतर और सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने अपील की कि जनता किसी भी प्रकार की प्लॉटिंग या निर्माण शुरू करने से पूर्व प्राधिकरण से आवश्यक अनुमति अवश्य प्राप्त करे, जिससे उन्हें भविष्य में किसी प्रकार की जटिलता का सामना न करना पड़े।

## मास्टर प्लान के अनुरूप शहर के विकास का लक्ष्य : बर्निया

सचिव एमडीडीए मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि प्राधिकरण की प्राथमिकता देहरादून में नियम-सम्मत निर्माण को प्रोत्साहित करना और अवैध गति.विधियों पर पूर्ण रोक लगाना है। उन्होंने बताया कि मास्टर प्लान को ध्यान में रखते हुए सभी निर्माण गतिविधियों की सतत निगरानी की जा रही है। सचिव ने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार के अनधिकृत निर्माण, अवैध प्लॉटिंग या नियम-विरुद्ध गतिविधि में शामिल व्यक्तियों पर ध्वस्तीकरण, सीलिंग सहित नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि एमडीडीए की टीमें प्रतिदिन क्षेत्रीय निरीक्षण कर रही हैं और नियमों के उल्लंघन की स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा रही है, जो लगातार जारी रहेगी।

# नंदा गौरा योजना के तहत बेटियों को मिला एक और मौका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** उत्तराखंड सरकार की महत्वाकांक्षी "नंदा गौरा योजना" से वंचित रह गए पात्र लाभार्थियों के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर है। प्रदेश सरकार ने बेटियों के उज्ज्वल भविष्य को संवारने वाली इस कल्याणकारी योजना के तहत आवे.दन करने की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या के निर्देशों के अनुपालन में विभाग ने अब आवेदन की समय सीमा को 20 दिसंबर तक विस्तारित कर दिया है।

सरकार के इस फैसले से उन हजारों अभिभावकों और छात्राओं को एक और अवसर मिला है, जो किन्हीं कारणों से अब तक अपना पंजीकरण नहीं करा पाए थे।

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने इस संबंध में जानकारी देते हुए स्पष्ट किया कि पूर्व में इस योजना के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 नवंबर निर्धारित की गई थी। इस योजना के अंतर्गत कन्या जन्म के समय मिलने वाली आर्थिक सहायता और इंटरमीडिएट (12वीं) उत्तीर्ण करने के बाद उच्च शिक्षा के लिए दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि के लिए प्रदेश भर से भारी उत्साह देखने को मिला है। विभाग के आंकड़ों के अनुसार, अभी तक दोनों श्रेणियों को मिलाकर 30,000 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जो योजना की लोकप्रियता और आवश्यकता को दर्शाता है।

# विधानसभा अध्यक्षा के नेतृत्व में कोटद्वार शहर की समस्याओं पर हुआ विचार विमर्श

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** शहर में ट्रैफिक दबाव, अतिक्रमण, पार्किंग, पेयजलदृसीवर और अन्य स्थानीय मुद्दों के समाधान के उद्देश्य से विधानसभा अध्यक्षा ऋतु खंडूरी की अध्यक्षता में भूमि संरक्षण कार्यालय, कोटद्वार में एक रचनात्मक और समस्यादृसमाधान केंद्रित जनसुनवाई बैठक आयोजित की गयी।

अध्यक्षा ने कहा कि शहर की समस्याओं का प्रभावी समाधान तभी संभव है जब विभाग जिम्मेदारी के साथ आपसी समन्वय बढ़ाएं और कार्यों में गति लाएं। उन्होंने सभी विभागों से अपेक्षा व्यक्त की कि नागरिकों की शिकायतों को संवे.दनशीलता के साथ समझा जाए और उन पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। नगर निगम के महापौर शैलेन्द्र रावत ने आवासीय भवनों को जल संयोजन देने में आ रही दिक्कतों, शहर में आवारा पशुओं की समस्या तथा बंदरों के उत्पात को लेकर स्थिति साझा की। उन्होंने कहा कि विभागीय समन्वय बढ़े तो कई समस्याएँ शीघ्र सुलझ सकती हैं।

इस पर विधानसभा अध्यक्षा ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कहा कि छोटी समस्याएं भी जनता के लिए बड़ी असुविधा उत्पन्न कर सकती हैं, इसलिए प्राथमिकता के साथ समाधान किया जाए। बैठक में व्यापार संघ ने बढ़ते वाहनों, सीमित पार्किंग, चालानी कार्रवाई और सड़क किनारे ठेलियों से व्यवस्था प्रभावित होने जैसे मुद्दे रखे।

व्यापारियों की चिंताओं को गंभीरता से लेते हुए अध्यक्षा ने नगर निगम और पुलिस प्रशासन को संतुलित व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लाइसेंसिंग व्यवस्था में व्यापार मंडल को शामिल किया जाए और मुख्य मार्गों पर पार्किंगदृप्रबंधन को सुव्यवस्थित किया जाए, ताकि शहर की आर्थिक गतिविधियां प्रभावित न हों। स्कूलों के बाहर लगने वाले जाम पर अध्यक्षा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्कूल बसें और वाहन परिसर के भीतर ही खड़े किए जाएं। उन्होंने ओवरलोडिंग को गंभीर विषय बताते हुए परिवहन और पुलिस विभाग को सतर्क निगरानी के निर्देश दिए।

# गीता श्लोक वाचन प्रतियोगिता में आराध्या ने मारी बाजी

**श्रीनगर।** सरस्वती शिशु मंदिर श्रीनगर में श्रीमद्भ भागवत गीता जयंती बड़े उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में गीता पाठ एवं गीता श्लोक वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविंद सिंह ने गीता जयंती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस ज्ञान से अर्जुन ने मोह से मुक्ति पाई, वहीं ज्ञान आज के दिन हम सभी के जीवन का आधार बने। इस मौके पर गीता पाठ एवं गीता श्लोक वाचन प्रतियोगिता दो चरणों में संपन्न हुई। पहले चरण में कक्षा स्तर पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के विज.ेताओं का चयन किया गया।

# कांग्रेसियों ने किया वन विभाग का घेराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** भटवाडीघ्ब्लॉक में लगातार हो रहे भालू के हमलों को लेकर नाराज

कांग्रेस पार्टी ने वन विभाग कार्यालय उत्तरकाशी का घेराव किया है। मंगलवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप रावत के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कोट बंगला स्थिति वन विभाग के कार्यालय का घेराव किया है। कांग्रेसियों का कहना है कि टकनौर और अस्सी गंगा घाटी क्षेत्र में लगातार भालू के बढ़ते आक्रमण और इन हमलों से क्षेत्र की जनता में दहशत में है इसके बावजूद वन विभाग द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं कर रही इस लिए पार्टी ने विभाग के विरोध में प्रदर्शन किया है। आक्रोशित कांग्रेस



कार्यकर्ताओं ने मांग रखी किप्रभावित क्षेत्रों में तत्काल निगरानी बढ़ाई जाए,वन विभाग सक्रिय रूप से गस्त दल तैनात करे,घायल लोगों के इलाज व मुआवजे की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए,मानवख्रवन्यजीव संघर्ष पर रोक लगाने के लिए दीर्घकालिक योजना बनाई जाए।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट संदेश दिया कि जनता की सुरक्षा सर्वोपरि है, और यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप रावत, पूर्व जिलाध्यक्ष मनीष राणा, विजेंद्र नौटियाल,आंनद सिंह पंवार, डॉ नागेंद्र जगूड़ी, अभिषेक जगूड़ी, शीशपाल पोखरियाल, मनमोहन शाह, दिनेश गौड़, हरीओम राणा,कमल रावत, मधु, बिना शाह, कविता आदि मौजूद रहे है।

# मेडिकल कॉलेज का सपना दिखाकर जनता को छल रही सरकार:कांग्रेस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी गढ़वाल में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जिला कांग्रेस कमेटी ने आरोप लगाया है कि मेडिकल कॉलेज के नाम पर सत्ताधारी दल और स्थानीय विधायक पिछले कई वर्षों से जनता को केवल गुमराह करने का काम कर रहे हैं। जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मुरारी लाल खंडवाल ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज को लेकर केवल हवाई घोषणाएं की जा रही हैं, जबकि धरातल पर न तो इसके लिए कोई बजट जारी किया गया है और न ही कोई विधिवत शासनादेश ही सामने आया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने जल्द ही इस विषय पर स्थिति स्पष्ट नहीं की, तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुरारी लाल खंडवाल ने हाल ही में टिहरी झील में आयोजित हुए वाटर स्पोर्ट्स कप का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष स्थानीय विधायक ने मेडिकल कॉलेज का मुद्दा उठाया था, लेकिन मुख्यमंत्री ने इस पर कोई भी स्पष्ट आश्वासन या घोषणा नहीं की।

# कंडारस्यू पेयजल योजना की सौगात तीन माह के भीतर:डॉ.रावत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** कैबिनेट मंत्री एवं श्रीनगर विधायक डॉ. धन सिंह रावत ने मंगलवार को श्रीनगर विधानसभा के पांचों मंडलों के पदाधिकारियों की वर्चुअल बैठक ली। बैठक में उन्होंने आगामी 6 दिसंबर को आयोजित होने वाले बूंखाल मेले की तैयारियों के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि पौड़ी के थलीसैंण विकासखंड के बूंखाल में कालिंका माता मंदिर में लगने वाला बूंखाला मेला लोगों की आस्था, विश्वास और श्रद्धा का प्रतीक है, जहां हर वर्ष हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। बताया कि इस बार मेले में लगभग 25 हजार श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई है। साथ ही पार्किंग व अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से मेले को दिव्य और भव्य बनाने में सहयोग करने की अपील की। इस दौरान उन्होने कहा कि कंडारस्यू पेयजल योजना का पानी अगले तीन माह में शुरू कर दिया जाएगा। वहीं डूंगरीपंथ-खेड़ाखाल मोटामार्ग के डामरीकरण कार्य का भूमि पूजन भी शीघ्र किया जाएगा। उन्होने सभी मंडल अध्यक्षों प्रत्येक मंडल के अंतर्गत सभी बूथों का सत्यापन करने के निर्देश दिए। साथ ही जिन भी जरूरतमंद परिवार को आवास, राशन कार्ड व आयुष्मान कार्ड लंबित रह गये उन्हें पूर्ण सहयोग देने को कहा है। बैठक के समापन पर जिला महामंत्री गणेश भट्ट, श्रीनगर मंडल अध्यक्ष विनय घिल्डियाल, खिर्सू मंडल अध्यक्ष मीना गैरोला, थलीसैंण मंडल अध्यक्ष आनंद नेगी, पाबों मंडल अध्यक्ष विमल नेगी, पैठाणी मंडल अध्यक्ष विजय सिंह, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सीमा भंडारी, रमेश मन्दरवाल, दिनेश पटवाल सहित आदि मौजूद थे।

# पार्षदों ने नगर निगम के खिलाफ मोर्चा खोला

## निगम में धरना देकर जताया आक्रोश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** नगर निगम अल्मोड़ा में नगर आयुक्त की नियुक्ति और बंद. रों की समस्या से निजात दिलाने की मांग को लेकर पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को नाराज पार्षदों ने निगम परिसर में धरना दिया। इस दौरान नगर निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। धरना स्थल पर पार्षदों ने कहा कि अल्मोड़ा नगर निमग के अस्तित्व में आने के बाद अब तक यहां स्थाई नगर आयुक्त की नियुक्ति नहीं हो सकी है। आयुक्त की नियुक्ति नहीं होने से तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, नगर के हर वार्ड में बंदरों का आतंक बना हुआ है। जबकि बंदरों के डर से बच्चों का स्कूल जाना भी मुश्किल हो गया है। कहा कि मामले को लेकर कई बार नगर निगम प्रशासन को अवगत कराया गया। लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। पार्षदों ने चेतावनी दी कि अगर दोनों समस्याओं का समाधान नहीं होने तक रोजाना दो घंटे वह धरना प्रदर्शन करेंगे। यहां नगर निगम के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने वालों में पार्षद चंचल दुर्गापाल, मधु बिष्ट, तुलसी देवी, अंजू बिष्ट, रीना टम्टा, मुकेश कुमार, भूपेंद्र जोशी, हेम तिवारी, कुलदीप मेर, दीपक कुमार, अनुप भारती, इंतकाम कुरैशी, प्रदीप कुमार, रोहित सिंह कार्की, जानकी पांडे, गीता बिष्ट, कमला किरोला, गुंजन सिंह चम्याल आदि मौजूद रहे।

## स्याली सड़क निर्माण के लंबित होने पर जताई नाराजगी

**अल्मोड़ा।** डीएम अंशुल सिंह ने मंगलवार को मेरा गांव-मेरी सड़क योजना की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने योजना के तहत स्याली मोटर मार्ग के लंबित होने पर नाराजगी जताई। अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि अगर लापरवाही बरती गई तो विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिला पंचायत सभागार में आयोजित बैठक में डीएम ने बैठक में विभागों के मध्य लंबित औपचारिकताओं, अनापत्ति प्रमाण पत्र व कार्य प्रारंभ न हो पाने के कारणों की विस्तार से समीक्षा की गई। स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि सड़क के मार्ग में सरकारी भूमि है तो उसे तत्काल अतिक्रमण-मुक्त कराया जाए। वहीं, उन्होंने सड़क निर्माण कार्य के लगातार लंबित रहने पर गहरा असंतोष प्रकट किया। कहा कि विभागीय लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और संबंधित अधिकारियों पर आवश्यकतानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# जीआईएस पर कार्यशाला शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अल्मोड़ा में जनपद के माध्यमिक विद्यालयों के भूगोल प्रवक्ताओं के लिए पांच दिवसीय भौगोलिक सूचना तंत्र के तकनीकी ज्ञान की जागरूकता से संबंधित कार्यशाला का शुभारंभ हो गया है। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि यूकॉस्ट के तकनीकी सलाहकार एवं एसएसजे विवि अल्मोड़ा के जीआईएस एवं रिमोट सेंसिग विभाग में विजिटिंग प्रो. जीवन सिंह रावत एवं विशिष्ट अतिथि शिक्षा संकाय के संकायध्यक्ष, विभागध्यक्ष प्रो. रिजवाना परवीन सिद्दीकी एवं संस्थान के प्राचार्य ललित मोहन पांडे ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। कार्यशाला का संचालन कार्यशाला समन्वयक रमेश सिंह रावत, द्वारा किया गया। मौके पर मुख्य संदर्भदाता प्रो. जीवन सिंह रावत द्वारा भौगोलिक सूचना तंत्र की परिभाषा एवं इतिहास, स्थानिक एवं गैर स्थानिक आंकड़ो का जीआईएस में उपयोग विकास, रास्टर एवं वेक्टर डाटा तथा जनपद के शैक्षिक संस्थानों का जीआईएस मानचित्र का प्रदर्शन करते हुए अल्मोड़ा जनपद एवं उत्तराखंड राज्य की वर्तमान स्थिति का प्रदर्शन किया। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में जीआईएस का उपयोग, अनुसंधान एवं प्रशासन में उपयोग पर व्यख्यान प्रस्तुत किया। डायट प्रवक्ता रमेश सिंह रावत द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 के अलोक में तकनीकी शिक्षा (जीआईएस) का भूगोल प्रयोगात्मक व्यख्यान प्रस्तुत किया. विशिष्ट अतिथि प्रो. रिज़वाना परवीन सिद्दीकी ने शिक्षण एवं प्रशिक्षण में तकनीकी के रूप में जीआईएस तकनीक की आवश्यकता एवं महत्व के बारे में बताया। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए संस्थान के प्राचार्य ललित मोहन पांडे ने जीआईएस प्रशिक्षण के महत्व के बारे में बताया। यहां ई. वरुण सिंह रावत, डा. प्रकाश पंत, हरवंश सिंह बिष्ट, डा. कमलेश सिराड़ी, डा. भुवन चन्द्र पांडे, उमेश मिश्रा, गोविंद सिंह अलमिया, ललित मोहन लोहनी, खिमूली देवी, किशन सिंह भंडारी आदि मौजूद रहे।



## सीएम धामी नैनीताल के विकास को प्रयासरत: सरिता

**नैनीताल।** नैनीताल विधान सभा की विधायक सरिता आर्या ने कहा कि सूबे के सीएम पुष्कर सिंह धामी की ओर से लगातार नैनीताल विधान सभा के विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। विधायक सरिता आर्या के मुताबिक सीएम धामी ने नैनीताल विधान सभा के तहत बेतालघाट विकास खंड में 19 करोड़ से अधिक धन. राशि की दो सड़क निर्माण कार्य हेतु स्वीकृति प्राप्त हुई है। कहा कि बेतालघाट विकास खंड के दूनीखाल से रातीघाट (पाडली) मोटर मार्ग में महत्वपूर्ण पुल निर्माण हेतु 9 करोड़ 63 लाख रुपए एवं शहीद बलवंत सिंह मोटर मार्ग बेतालघाट में जीर्ण क्षीण 10 किमी सड़क के सुदृढ़ीकरण हेतु 10 करोड़ 28 लाख रुपए की धनराशि सीएम की ओर से स्वीकृत हो चुकी है। विधायक सरिता आर्या ने स्वयं तथा क्षेत्रीय जनता की ओर से भी सीएम का आभार जताया है।

## डीडीए के खिलाफ समिति का धरना प्रदर्शन

**अल्मोड़ा।** जिला विकास प्राधिकरण की समाप्ति की मांग को लेकर सर्वदलीय संघर्ष समिति का धरना प्रदर्शन जारी है। मंगलवार को समिति से जुड़े सदस्यों ने धरना दिया। इस दौरान शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। डीडीए समाप्ति तक धरना प्रदर्शन पर डटे रहने की चेतावनी दी। नगर के मालरोड स्थित गांधी में आयोजित धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि डीडीए पहाड़ के भौगोलिक स्थिति के अनुकूल नहीं है। इसके कारण लोगों के लिए भवन बनाना मुश्किल हो गया है। उन्हें कई विभागों के चक्कर काटने पड़ रहा हैं। पूर्व पालि. काध्यक्ष व समिति के संयोजक प्रकाश चंद्र जोशी, प्रताप सिंह सत्याल, अख्तर हुसैन, रॉबिन मनोज भंडारी, हेम चंद्र तिवारी, गोविंद बल्लभ जोशी, भारत रत्न पांडे रहे।

# विद्यालय प्रबंधन समिति का प्रशिक्षण संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** न्याय पंचायत लाखनमंडी के तहत आने वाले 43 विद्यालयों के 258 विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया।



यह प्रशिक्षण तीन चरणों में क्रमशः कुँवरपुर, नवाडखेड़ा और लाखनमंडी में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में ब्लॉक परियोजना अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी तारा सिंह द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन समिति को बालिका शिक्षा, शैक्षिक एवं भौतिक संसाधनों में सहयोग, और समाज में स्कूल के प्रति अपनत्व का भाव रखने पर बल दिया। उन्होंने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत प्रतिभागियों को शपथ दिलाई, जिसमें समाज में बेटियों के साथ भेदभाव नहीं करने, समान शिक्षा देने और बालिकाओं के प्रति उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने का संकल्प लिया गया। इस प्रशिक्षण में समग्र शिक्षा अभियान, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, बाल अधिकार, विद्यालय में ठहराव, पीएम पोषण योजना, विद्यालय वित्तीय प्रबंधन, बालिका शिक्षा, आपदा प्रबंधन, साइबर क्राइम, समावेशी शिक्षा जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। मास्टर ट्रेनर के रूप में डिकर सिंह पडियार और हिमांशु रौतेला ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के अंत में, सभी सदस्यों ने कहा कि वे इस प्रशिक्षण का उपयोग अपने विद्यालयों में प्रभावी रूप से करेंगे और छात्र-हित में काम करेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उषा सिंह (प्रधानाचार्य), रामपाल सिंह (प्रधानाचार्य), और शोभा पन्त (प्रधानाचार्य) ने नोडल अधिकारी के रूप में मार्गदर्शन किया।

## एक नजर

### अस्पताल के सफाई कर्मचारी का निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिला अस्पताल में तैनात सफाई कर्मी 36 वर्षीय प्रमोद कुमार छोटू की बीमारी के चलते मौत हो गई है। उसका लंबे समय से अस्पताल में इलाज चल रहा था। मृतक छोटू जिला अस्पताल में सफाई और जल्लाद का काम करता था कुछ दिन पूर्व उसके दोनों किडनियां फेल हो गई थी। जिला अस्पताल में उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर किया गया था वहां से गंभीर हालत में उसे घर भेज दिया था। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इधर उसकी मौत पर जिला अस्पताल के सीएम डा. तपन शर्मा सहित समस्त चिकित्सकों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

### चोरी के सामान के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अल्मोड़ा।** कोतवाली पुलिस ने लैपटॉप और मोबाइल चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने नगर के एक होटल में शादी समारोह के दौरान लैपटॉप और मोबाइल चोरी की थी। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार अमित साह, निवासी बाड़ी बगीचा ने कोतवाली में एक तहरीर सौंपी थी। तहरीर में कहा कि बीते दिनों नगर के एक होटल में उनका डीजे संचालन का कार्य था। इसी दौरान उनके दो लैपटॉप और मोबाइल वाहन में छूट गया था। इसी का ायदा उठाकर अज्ञात ने उनके लैपटॉप और मोबाइल उठा ले गया। मामले को लेकर उन्होंने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। इधर, पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस ने सीसीटीवी की जांच कर मामले में आरोपी अजीम अंसारी पुत्र शफीक अंसारी, निवासी मल्ला दन्या, राजपुर अल्मोड़ा को सामान सहित गिरफ्तार किया गया। टीम में एसएसआई रमेश सिंह बोहरा, एसआई धरम सिंह, आसिफ हसैन, खुशाल राम, नरेंद्र सिंह शामिल रहे।

### डीएम पर सत्ता के दबाव में काम करने का आरोप

**बागेश्वर।** पूर्व विधायक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ललित फर्स्वाण ने जिला. धिकारी पर सत्ता के दबाव में काम करने का आरोप लगाया है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अल्मोड़ा मैग्नेसाइट फैक्ट्री कर्मी अपनी मांगों को लेकर आंदोलित थे। सोमवार को पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, जिलाध्यक्ष अर्जुन भट्ट, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी, भगवत डसीला के अलावा व खुद आंदोलन स्थल पर गए। आंदोलित कर्मचारियों को अपना समर्थन दिया। फैक्ट्री प्रबंधन से कर्मचारियों की न्यायोचित मांग पूरी करने को कहा। लेकिन डीएम ने सत्ता के दबाव में उनसे कहा कि आप लोग अल्मोड़ा मैग्नेसाईट कर्मचारियों की आड में राजनीति कर रहे हो, जबकि वे लोग समझौता कराने आए थे। उन्होंने कहा कि डीएम खुद राजनीति की शिकार हुई है। देर शाम दोनों विधायकों पार्वती दास, सुरेश गढ़िया, दर्जा मंत्री शिव सिंह बिष्ट के दबाव में फैक्ट्री प्रबंधन के साथ समझोता किया।

### गुंजन डंगवाल ने ताइक्वांडो में जीता रजत

**बागेश्वर।** केंद्रीय विद्यालय बागेश्वर की छात्रा ताइक्वांडो खिलाड़ी गुंजन डंगवाल ने 69वें राष्ट्रीय विद्यालय खेल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। जम्मू कश्मीर में 16 से 19 नवंबर तक आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में गुंजन ने देश भर से विभिन्न राज्यों के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ कड़े मुकाबले करते हुए उत्कर्ष तकनीक से अपने वर्ग में दूसरा स्थान हासिल किया। विद्यालय की प्राचार्य सीएस तिवारी ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय संगठन छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ क्रियाकलापों में भी अग्रणी बनाता है, जिसका परिणाम विद्यालय राष्ट्रीय खेलों में पदक है। विद्यालय के खेल अधिकारी विकास कोटनाला ने इस उपलब्धि पर खुशी जताई है।

### पुरस्कार के लिए नामांकन की तिथि बढ़ी

**बागेश्वर।** उत्तराखण्ड सरकार ने वर्ष 2024-25 के लिए एसडीजी एचीवर पुरस्कार के लिए नामांकन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। इस वर्ष एक नई पहल के तहत एसडीजी यंग एचीवर पुरस्कार भी शुरू किया गया है। इस श्रेणी में 15 से 29 वर्ष के ऐसे युवा सम्मानित किए जाएंगे, जो अपने नवाचारों और पहल के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, जैव विविधता संरक्षण, जल संरक्षण, नशा मुक्ति और अन्य क्षेत्रों में उत्तराखण्ड में सतत् परिवर्तन ला रहे हैं। सभी संबंधित विभागों और नागरिकों से अपने क्षेत्र से जुड़े योग्य व्यक्तियों, संस्थाओं और युवाओं को 10 दिसंबर, 2025 तक नामांकन के लिए प्रोत्साहित करने व नामांकन फार्म पोर्टल पर भरने की बात कही हैं।

### विहिप ने नगर क्षेत्र में निकाली शौर्य यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने मंगलवार को नगर में शौर्य यात्रा निकाली। शौर्य यात्रा के दौरान पूरा नगर जय श्री राम के नारों से गूंजा रहा। अयोध्या में बाबरी ढांचे को गिराने की याद में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने नगर के मालरोड स्थित चौघानपाटा से शौर्य यात्रा का शुभारंभ किया। बाइक यात्रा नगर के शहीद तिराहे, जाखनदेवी, धार की तूनि, एनटीडी, धारानौला, राजपुरा, करबला, खत्याड़ी, जलाल बैंड होते हुए भैरव मंदिर तक पहुंची। इसके बाद यहां सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष गोपाल नयाल, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, विनीत बिष्ट, नरेंद्र आगर, धर्मेंद्र बिष्ट, नितिन पंत, सौरभ वर्मा, भानु प्रकाश जोशी, राजेंद्र कनवाल, विजय सिरद, नवीन बिष्ट, दर्शन रावत, अमित साह, कैलाश गुरुरानी, नरेंद्र आगरी, जगत भट्ट, अर्जुन बिष्ट, कुंदन सिंह सतवाल, महेंद्र जोशी, अनूप साह, राजीव गुरुरानी, कमलेश भट्ट, योगेश रौतेला मौजूद रहे।

### डेंटिस्ट डा. नवल किशोर जोशी का निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बागेश्वर।** जिला मुख्यालय के स्टेट बैंक तिराहे पर निजी डेंटल क्लीनिक के एक डाक्टर नवल किशोर जोशी का आकस्मिक निधन हो गया है। वह अपने कमरे में बेहोशी की हालत में मिले। परिजन उन्हें जिला अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 46 वर्षीय डा. जोशी पुत्र जय दत्त जोशी का निधन हो गया है। उन्होंने बताया कि सोमवार की रात वह खाना खकर अपने कमरे में सो गए थे। मंगलवार की सुबह जब वह देर तक नहीं उठे। परिजनों ने उन्हें उठाया तो नहीं उठे, जिसके तुरंत बाद परिजन उन्हें जिला अस्पताल लाए। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर लिया। उनके शव पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के सुपुर्द किया। इधर जोशी के निधन पर व्यापारियों ने शोक सभा कर उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि दी। जिला अस्पताल के उनके चाहने वालों ने परिजनों को सांत्वना दी।

# बेसहारा बच्चों का सहारा बनीं उर्वशी बाली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** उर्वशी दत्त बाली इन दिनों अपना जीवन उन 50 बच्चों के लिए समर्पित कर चुकी हैं, जो बिन मां बाप के हैं। किसी या बाप नहीं है तो किसी की मां नहीं। ये वो बालक है, जो हॉस्टल में नई शुरुआत कर रहे हैं। उर्वशी बाली ने अपने क्लब, किटी और सामाजिक कार्यक्रमों से दूरी बनाकर पूरी तरह इन बच्चों की देखभाल और उनके भविष्य निर्माण में खुद को लगा दिया है। आज पापा बेकर्स की ओर से बच्चों को विशेष कुकिंग क्लास दी गई। इन बच्चों में कई बिल्कुल अकेले हैं, लेकिन अब शहर के लोग ही उनका परिवार बनते जा रहे हैं। डॉ. रवि सहोता व अमन सहोता ने बच्चों के स्किल डेवलपमेंट के लिए 1 लाख रूपये का सामान प्रदान करते हुए कहा कि वे भी आज से हमेशा बच्चों के साथ खड़े रहेंगे। ममता सिंह अपनी चार फौजी बहनों के साथ बच्चों से मिलीं और कहा कि वे अपनी पूरी क्षमता के साथ इन बच्चों की मदद करती रहेंगी। हॉस्टल की प्रिंसिपल ज्योति राणा और पूरा स्टाफ इन बच्चों के लिए शिक्षक ही नहीं, बल्कि अभिभावक की तरह काम कर रहे हैं। उर्वशी दत्त बाली स्किल की क्लास लगा रही है, शांतनु चिकारा की इंग्लिश स्पीकिंग, नेत इंदू समिति के दिव्यांग बच्चों के द्वारा स्किल्स, जगमोहन बंटी द्वारा डांस, रजनी ठाकुर जी स्टिचिंग की क्लासेस, संजीवनी हॉस्पिटल की तरफ से फर्स्ट एड क्लास और स्कूल के सभी टीचर उन बच्चों पर मेहनत करके, उन चीजों को पक्का करवा रहे हैं। उर्वशी बाली की पहल, लगातार बड़ा स्वरूप ले रही है और हर दिन पूरा शहर इन 50 बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए एकजुट होता दिख रहा है।

# काशीपुर में विश्व एड्स दिवस पर निकाली जागरुकता रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** चन्द्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अन्तर्गत स्वयंसेवियों ने विश्व एड्स दिवस पर जागरुकता रैली निकाल. कर जनमानस को एचआईवी/एड्स की रोकथाम के प्रति जागरुक किया। जागरुकता रैली महाविद्यालय से प्रारम्भ होकर सत्येन्द्र चन्द्र गुड़िया मार्ग एवं पोस्ट ऑफिस से मुख्य बाजार होते हुए महाविद्यालय पहुंची। संगोष्ठी के अन्तर्गत एड्स से सम्बन्धित डॉक्यूमेंट्री द्वारा स्वयंसेवियों को एड्स के कारण, लक्षण और उपचार की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वन्दना सिंह, डॉ. गीता मेहरा, असि.प्रो. डॉ. दीपा चनियाल, डॉ. अंजलि गोस्वामी, डॉ. मंगला, डॉ. रंजना, डॉ. ज्योति गोयल, डॉ. ज्योति रावत एवं सृष्टि सिंह आदि उपस्थित रहे।




## बाइक चोरी का खुलासा

**काशीपुर।** चोरी की बाइक के साथ पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया। मोहल्ला अल्ली खां निवासी मोहम्मद रिजवान की 28 नवंबर को बर्फ फैक्ट्री मंझरा स्थित दुल्हन पैलेस से बाइक चोरी हो गई थी। खुलासे को सीओ दीपक सिंह के निर्देश पर एसएसआई केसी आर्या व एसआई भूपाल राम पौरी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने बाइक सवार एक युवक को मुखबिर की सूचना पर काली बस्ती, कब्रिस्तान के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रिजवान अली निवासी ग्राम कटैया मस्जिद वाली गली, थाना आईटीआई बताया। पुलिस टीम में एएसआई केसी आर्या, एसआई भूपाल राम पौरी, एएसआई अजीत सिंह, कांस्टेबल सचिन कुमार शामिल रहे।

## केक काटकर मनाया जिलाध्यक्ष का जन्मदिन

**काशीपुर।** भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज पाल का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जन्मदिन पर केक काटकर सभी ने उनके दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना की। सुबह से ही पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों का उनके आवास पर बधाई देने का सिलसिला लगातार जारी रहा। जिला अध्यक्ष मनोज पाल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं का यह प्रेम और सम्मान उन्हें जनसेवा की प्रतिबद्धता के लिए और अधिक प्रेरित करता है। उन्होंने पार्टी को मजबूत बनाने और समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास की योजनाएं पहुंचाने का संकल्प दो. हराया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता मंडल अध्यक्ष राजकुमार गुंबर, राजकुमार चौहान, जितेन्द्र यादव रहे।

# आरक्षित वन क्षेत्र में नियंत्रित फुकान कार्य को लेकर निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) दीपक सिंह ने आरक्षित वन क्षेत्रों में नियंत्रित फुकान कार्य के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए हैं। मुख्य वन संरक्षक कुमाऊं, नैनीताल के दिशा-निर्देशों के तहत, वनाग्नि निवारण के लिए वार्षिक नियंत्रण फुकान कार्य किया जाएगा। डीएफओ ने समस्त वनक्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिया है कि वन क्षेत्रों में कार्य योजना के अनुसार, नियंत्रित फुकान कार्य फिल्ड कर्मचारियों की उपस्थिति में किया जाए। मोटर मार्ग के किनारे फुकान करते समय पीरूल का संग्रहण करते हुए, आग बुझाने का काम सूर्यास्त से पहले सुनिश्चित किया जाए ताकि वन्यजीवों को कोई हानि न पहुंचे और रात में वनाग्नि की घटनाएं न हों। उन्होंने यह भी कहा कि फुकान की दैनिक सूचना और फोटोग्राफ मास्टर कंट्रोल रूम को भेजी जानी चाहिए। प्रत्येक रेंज से अलग-अलग टीमों का गठन कर, फुकान की तिथि और टीम लीडर का नाम भी उल्लेख किया जाएगा। इसके अलावा, स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों को इस कार्य के बारे में पूरी जानकारी दी जानी चाहिए। डीएफओ ने यह भी निर्देश दिया कि नियंत्रित दाहन कार्य 15 फरवरी से पहले पूर्ण किया जाए और इस दौरान किसी भी अनियंत्रित आग की स्थिति में स्थानीय ग्रामवासियों से सहयोग लिया जाए।

# प्रदेश मजबूती से आगे बढ़ रहा: जोशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता मथुरा प्रसाद जोशी मंगलवार को जनपद में पहुंचे। उन्होंने भाजपा पार्टी कार्यालय में मीडिया से वार्ता कर डबल इंजन सरकार की सफलताएं गिनाई। यहां आयोजित प्रेस वार्ता में जोशी ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों को आम जन तक पहुंचे। कहा पीएम मोदी का सपना है कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाना है। जिसके लिए डबल इंजन की सरकार राज्य में लगातार बेहतरीन कार्य करते आ रही है। सीएम पुष्कर धामी के नेतृत्व वाली सरकार ने अब तक 30 से अधिक नए कानून लागू कर राज्य को उत्कृष्ट राज्य बनाने की ओर प्रयास किए जा रहे हैं। आज प्रदेश में चार धाम यात्रा, प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना, पर्यटन स्थलों का विकास एवं विश्व पटल तक ले जाना सरकार की नई उपलब्धि है। इसके अलावा राज्य में नए भू कानून, नकल विरोधी कानून, यूसीसी कानून, धर्मांतरण जैसे कानूनों ने राज्य नई मजबूती मिली है। इसके अलावा राज्य में लव जिहाद, थूक जिहाद जैसे कानून लाकर शांति व्यस्था बहाल की है। उन्होंने कहा कि जनपद बागेश्वर को रेल लाइन से जोड़ने के लिए सर्वे का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जल्द बागेश्वर में रेल लाइनल बिछाने का कार्य शुरू किया जाएगा। वार्ता में जोशी ने कहा कि राज्य में कई अहम फैसलों से उत्तराखंड को उत्कृष्ट राज्य बनाने के लिए लगातार डबल इंजन सरकार कार्य कर रही है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभा गढ़िया, महामंत्री संजय परिहार, बसंत बल्लभ जोशी, मनोहर राम आदि मौजूद थे।




# उत्तरायणी मेले की तैयारियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** उत्तरायणी मेले की भव्यता और सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट, जिला प्रशासन, विभिन्न विभागों के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।




राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि उत्तरायणी मेला जनपद की पहचान है और इसे भव्य रूप में आयोजित करने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपनी कार्ययोजना तैयार करें और मेले की सजावट में एकरूपता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मेले के दौरान सफाई व्यवस्था, शौचालय, डस्टबिन, पार्किंग और यातायात प्रबंधन को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। जल एवं पेयजल निगम, पुलिस विभाग, विद्युत विभाग और खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को अपने-अपने कार्यों में तत्पर रहने को कहा गया। इसके अलावा, अस्थायी पुलों के निर्माण की कार्यवाही जल्द शुरू करने के निर्देश भी दिए गए। नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने मेले को भव्य बनाने के लिए सभी से सहयोग की अपील की। बैठक में विभिन्न सुझाव भी दिए गए, जैसे कि नुमाइश खेत मैदान में भोजन की दुकानों को वर्जित किया जाए, किसानों के बेहतरीन स्टॉल लगाने पर उन्हें पुरस्कार दिया जाए और मेले में खेलों को बढ़ावा दिया जाए। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी आदित्य रत्ना, मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, अपर जिलाधिकारी एन एस नबियाल, एसडीएम प्रियंका रानी, विधायक पार्वती दास, और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## पंतनगर विश्वविद्यालय के छात्रों को यंग साइंटिस्ट अवार्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** उत्तराखण्ड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा 29-30 नवम्बर 2025 को आयोजित 20वीं उत्तराखण्ड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सम्मेलन में पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के विज्ञान एवं मान. विकी महाविद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। महाविद्यालय के शोधार्थी दिव्यांशु को गणित, सांख्यिकी और कंप्यूटर विज्ञान में उनके महत्वपूर्ण शोध योगदान के लिए यंग साइंटिस्ट अवार्ड से नवाजा गया। इसके अलावा, शोधार्थी आशीष कुमार सागर को केमिकल साइंस में उनके उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए, और दिव्या पंत को बायोटेक्नोलॉजी, बायोकैमिस्ट्री और माइक्रोबायोलॉजी में उनके प्रभावी योगदान के लिए यह सम्मान प्राप्त हुआ।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता पी०एम०जी०एस०वाई० सिंचाई खण्ड, हल्द्वानी (नैनीताल)**
**स्थित- जमरानी बांध कालोनी दमुवाढूंगा (हल्द्वानी)**

पत्रांक संख्या-783/निविदा/2025-26 **अल्पकालीन निविदा सूचना** दिनांक-02.12.2025

महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता, पीएमजीएसवाई सिंचाई खण्ड हल्द्वानी द्वारा निम्नलिखित कार्यों की धन की स्वीकृति की प्रत्याशा में सील्ड निविदा दिनांक 03.12.2025 को आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 04.12.2025 से 06.12.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा दिनांक 08-12-2025 को अपरान्ह् 01.00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियंता, पीएमजीएसवाई, सिंचाई खण्ड जमरानी बांधी कालोनी दमुवाढूंगा (हल्द्वानी) कार्यालय में जमा किये जा सकते हैं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0) | धरोहर धनराशि (रु0) | कार्य पूर्ण करने हेतु समय | निविदा की वैद्यता | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत जनपद उधमसिंह नगर के रुद्रपुर विकासखण्ड में भूरारानी-मटकोटा मोटर मार्ग का दैवीय आपदा मद के अन्तर्गत पैच रिपेयर का कार्य किमी0 0.00 से किमी0 3.500 तक। | 1500.00 +18% जीएसटी | 36000.00 | 15 दिन | 90 दिन | "D" अथवा उच्चतर |
| 2 | प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत जनपद उधमसिंह नगर के खटीमा विकासखण्ड में नौग्वा-ठग्गू मोटर मार्ग का दैवीय आपदा मद के अन्तर्गत पैच रिपेयर का कार्य किमी0 2.500 से किमी0 4.100 तक। | 1500.00 +18% जीएसटी | 36000.00 | 15 दिन | 90 दिन | "D" अथवा उच्चतर |

निविदा दिनांक 08.12.2025 को अपराहन 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी। अन्य शर्तें निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

अधिशासी अभियन्ता
पी.एम.जी.एस.वाई. सिं०ख०,
हल्द्वानी (नैनीताल)

# 10 दिसम्बर तक टला मामला

## रेलवे बनाम बनभूलपुरा मामले पर सुप्रीम कोर्ट में नहीं हो पाई सुनवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बहुचचर्चित रेलवे मामले पर सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई टल गयी है। दरअसल सर्वोच्च न्यायालय में एसआईआर पर ही इतनी लंबी बहस हो गयी कि कॉजलिस्ट में 24वें नम्बर पर लगा यह केस कोर्ट के निर्धारित समय तक सुनवाई के करीब नहीं पहुंच सका। अतः इस मामले की अगली तारीख अब 10 दिसम्बर (बुधवार) तय हो गयी है। आज होने वाली सुनवाई को रेलवे मामले के लिए बेहद महत्वपूर्ण और निर्णायक माना जा रहा था। ऐसा लग रहा था कि इस मामले पर अब सुप्रीम फैसला आ ही जाएगा। इधर विगत तीन दिनों के भीतर जिला प्रशासन, पुलिस और रेलवे ने भी हल्द्वानी में कड़ी चौकसी बरती थी। प्रभावितों के पक्ष में फैसला न आने की स्थिति को मद्देनज़र रखते हुए अतिक्रमण को हटाने की पूरी तैयारी कर ली गयी थी। तैयारियों का यह आलम था कि जिस समय तक सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू नहीं भी हुई तो इसी दरमियान खुद एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने बनभूलपुरा पहुंचकर ग्राउंड ज़ीरो का जायज़ा लिया। हालांकि शाम चार बजे के बाद इस मामले में स्थिति स्पष्ट हो गयी। अब अगली तारीख 10 दिसम्बर पर निगाहें टिकी हैं। 2023 से हल्द्वानी का बनभूलपुरा रेलवे अतिक्रमण को लेकर देश प्रदेश में चर्चा का विषय बना हुआ है। रेलवे ने यहां पर 29 एकड़ भूमि पर अपना दावा किया हुआ है, जिसपर करीब 4365 परिवार बसे हुए हैं। रेलवे स्टेशन से इंदिरानगर तक यह भूमि आती है। 2023 के दिसम्बर में उत्तराखण्ड हाई कोर्ट ने अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। जिसके बाद प्रभावित पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाज़ा खटखटाया और वहां से स्टे मिलने के बाद मामला विचाराधीन चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों रेलवे, राज्य सरकार और प्रभावित पक्ष की दलीलों को ग़ौर से सुना है। विगत 14 नवम्बर की सुनवाई के बाद 2 दिसम्बर तारीख निर्धारित की गयी थी, जिसे अहम और फैसले की घड़ी माना गया। स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने बड़े पैमाने पर तैयारियां शुरू कर दीं और सुरक्षा तथा शांति के लिए दिन रात एक कर दिया। सीजेआइ न्यायधीश/न्यायमूर्ति सूर्यकांत को मामले को सुनना और फैसला देना है। सुनवाई को लेकर शहर में चर्चाओं का बाज़ार गर्म रहा। बनभूलपुरा में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। एसएसपी डा. टीसी ने सुरक्षा तैयारियों को बारीकी से मॉनिटर किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा दो एडीएम समेत 10 मजिस्ट्रेट भी तैनात रहे। शाम चार बजे के बाद जैसे ही लोगों को पता चला कि तारीख आगे बढ़कर 10 दिसम्बर हो गयी है तो बनभूलपुरा के लोगों ने राहत की सांस ली।



एसएसपी डा. मंजूनाथ ने बनभूलपुरा में ग्राउंड पर लिया जायजा।

### अपडेट के लिए दिन भर घनघनाते रहे फोन

**हल्द्वानी।** इस मामले में कांग्रेस व सपा नेताओं ने राहत के लिए याचिकाएं दायर की हैं। सुनवाई को लेकर दिल्ली गए नेताओं के फोन घनघनाते रहे। लोग पल-पल की जानकारी लेते रहे। वैसे तो केस 24वें नंबर पर लिस्टेड था लेकिन लंच तक किसी अन्य प्रकरण पर सुनवाई होने की वजह से केस बेंच के सामने नहीं आ सका और सुनवाई टल गई। जैसे ही यह खबर फोन पर लगी वैसे ही लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं, केस की अपडेट लेने के लिए कुछ लोग टीवी और सोशल मीडिया पर चिपके रहे।

### बनभूलपुरा में तैनात रहा पुलिस बल

**हल्द्वानी।** सुप्रीम कोर्ट के प्रस्तावित निर्णय के मद्देनजर बनभूलपुरा में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात था। बनभूलपुरा में आने वाले सभी रास्तों पर बैरियर लगाकर पुलिस फोर्स को तैनात किया गया था। इसके अलावा संवेदनशील स्थानों पर पुलिस व अर्द्ध सैन्य को तैनात किया गया था। ड्रोन और वीडियो कैमरे से चप्पे-चप्पे की निगरानी की जा रही थी। खुद एसएसपी मंजूनाथ टीसी बनभूलपुरा में डटे रहे और पल-पल पर निगाह बनाए रहे। इसके अलावा दो एडीएम समेत 10 मजिस्ट्रेट भी तैनात रहे।

# बनभूलपुरा में शांति और संयम का माहौल रहा

## लोग बोले-सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सम्मान किया जाएगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा के लोग आज भी यही कह रहे हैं, जो भी फैसला होगा, वो मंजूर होगा। सुप्रीम कोर्ट के आने वाले फैसले के प्रति यहां की जनता ने संयम और समझदारी का अद्भुत उदाहरण पेश किया है। स्थानीय लोग भले ही अपने घरों के उजड़ने का डर महसूस कर रहे हों, लेकिन कानून और अदालत के फैसले का सम्मान करने की बात हर जुबान पर है। मंगलवार को जैसे ही फैसले की घड़ी करीब आई, बनभूलपुरा का माहौल शांतिपूर्ण बना रहा। चप्पे-चप्पे पर पुलिस की तैनाती और ज़ीरो ज़ोन के बावजूद इलाके में कोई अप्रिय स्थिति नहीं देखी गई। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी की अपील और पीस कमेटी की बैठक के प्रभाव से शांति बनाए रखने में मदद मिली। अतिक्रमण की जद में आने वाले परिवारों के चेहरों पर चिंता जरूर थी, लेकिन किसी ने भी कानून व्यवस्था को तोड़ने की कोशिश नहीं की। यहां के शांतिप्रिय नागरिकों ने लगातार एक-दूसरे से संयम बनाए रखने की अपील की। सोशल मीडिया पर भी कहीं कोई गलत बयानी नहीं हुई। मस्जिदों और घरों में दुआओं का सिलसिला जारी रहा, जिससे माहौल में शांति बनी रही। सुप्रीम कोर्ट का फैसला जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, बनभूलपुरा के लोग इस पर शांति से विचार करने और परिणाम का स्वागत करने के लिए तैयार हैं। 10 दिसंबर की तारीख को लेकर स्थानीय लोगों में एक अजीब सी राहत की भावना है, मानो यह एक निर्णायक मोड़ हो, और इस फैसले को वे पूरी शांति से स्वीकार करने के लिए तैयार हैं। रेलवे के मुद्दे पर लगातार सक्रिय रहने वाले तस्लीम अंसारी ने भी कहा कि लो. कतंत्र में अपने अधिकार की आवाज उठाना हर नागरिक का हक है। हमने पहले भी प्रदर्शन किया था, और अब मामला सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर निर्भर है। हम फैसले का सम्मान करेंगे, चाहे वह प्रभावित परिवारों के पक्ष में आए या नहीं।

# गन्ने का समर्थन मूल्य बढ़ने से राज्य के 2.98 लाख किसानों को मिला लाभः नेगी

## भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष की प्रेसवार्ता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** किसानों को आगामी पेराई सत्र में सीधे लाभ पहुंचाएगी। इस साल उत्तराखंड में 88,603 हेक्टेयर क्षेत्रफल में गन्ने का उत्पादन हो रहा है और 738.95 लाख कुंतल गन्ने की पैदावार होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गन्ना किसानों के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। गन्ना किसानों की मांग को देखते हुए राज्य सरकार ने गन्ने के समर्थन मूल्य में 30 रुपये प्रति कुंतल की बढ़ोतरी की है। यह बात भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र सिंह नेगी ने कहीं। मंगलवार को कुमाऊं संभाग कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र सिंह नेगी ने कहा कि सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि प्रदेश की आठों चीनी मिलों में पेराई के लिए गन्ना लाने वाले किसानों को समय पर भुगतान किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि इस काम के लिए सरकार ने चीनी मिलों को विशेष ऋण भी उपलब्ध कराया है, और इस साल 139.70 करोड़ रुपये का ऋण सहायता के रूप में मिलों को दिया गया है। उन्होंने बताया प्रदेश में दो सहकारी मिलें (नादेही और बाजपुर), दो सार्वजनिक मिलें (डोईवाला और किच्छा), और चार प्राइवेट मिलें सितारगंज, लिब्बरहेड़ी, इक़बालपुर और लक्सर काम कर रही हैं। उन्होंने गन्ना समर्थन मूल्य में 30 रुपये प्रति कुंतल की वृद्धि को ऐतिहासिक करार दिया और कहा कि इस फैसले से उत्तराखंड अब गन्ने का अधिक समर्थन मूल्य देने वाला राज्य बन गया है। पत्रकार वार्ता में जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, किसान मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष सोबन सिंह, जिलाध्यक्ष संदीप कुकसाल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हरीश सुनाल, मीडिया प्रभारी नितिन राणा, सोशल मीडिया प्रभारी भैरव खोलिया, चम्पावत जिलाध्यक्ष पूरन सिंह, सौरभ बोहरा, पूरन बिष्ट, रवीन्द्र बाली, उमेश शर्मा, वीरेंद्र जायसवाल, कमल रावत, चन्द्र प्रकाश देव, भारत वाल्दिया आदि मौजूद रहे।




### काश्तकार को बनाएंगे जिलाध्यक्ष

किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष की ताजपोशी को लेकर पूरी तरह से गुटबाजी हावी होती नजर आ रही है। बता दें कि किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष को लेकर एक विधायक और एक प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी अपने-अपने गुट को लेकर जिलाध्यक्ष नियुक्त करना चाहता है। ऐसे में प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र नेगी के सामने जिलाध्यक्ष की नियुक्ति एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। मीडिया द्वारा जिलाध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर पूछे गए सवाल में महेन्द्र नेगी ने कहा कि भाजपा एक लोकतांत्रिक संगठन है, यहां सभी अपनी-अपनी सिफारिश व संस्तुति कर सकते हैं। हालांकि हाईकमान एक कार्यकर्ता का ही चुनाव करता है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास होगा कि खेती करने वाला काश्तकार ही जिलाध्यक्ष हो। उन्होंने रहा रही गुटबाजी की बाद तो इस पद के लिए कोई गुटबाजी हावी नहीं होने दी जायेगी।

## सीएम पुष्कर सिंह धामी आज जनपद भ्रमण पर

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को एक दिवसीय जनपद नैनीताल भ्रमण पर आ रहे हैं। डीएम ललित मोहन रयाल ने बताया कि मुख्यमंत्री बुधवार को सुबह 11 बजकर 15 बजे पंतनगर एयरपोर्ट उधमसिंह नगर से प्रस्थान कर 11 बजकर 25 बजे स्टेडियम हेलीपैड गौलापार पहुंचेंगे। यहाँ से प्रस्थान कर 11बजकर 45 बजे से ग्रुप सेंटर सीआरपीएफ काठगोदाम में पूर्व अर्द्धसैनिक सम्मेलन कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री दोपहर 1 बजे एमबीपीजी कॉलेज में विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय दिव्यांग पुरस्कार कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। दोपहर 2 बजे मुख्यमंत्री एमबीपीजी कॉलेज से एफटीआई हेलीपैड को रवाना होंगे।

# होमगार्ड से ठगी, मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** होमगार्ड उप निरीक्षक के खाते से साइबर ठगों द्वारा लाखों की रकम उड़ाए जाने के मामलें में पुलिस ने आज साइबर ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि आनंदपुर हल्दूपोखरा निवासी सुरेंद्र सिंह उत्तराखंड पुलिस होमगार्ड में उप निरीक्षक के पद पर तैनात हैं। बीते 16 अक्टूबर को सुरेन्द्र सिंह अपरान्ह तीन बजे एचडीएफसी बैंक के एटीएम में पैसा निकालने पहुंचे, जहां कैश न मिलने के बाद उन्होंने बैंक में जानकारी ली। बैंक कर्मी ने खाता जांचने पर पता चला कि उसी दिन सुबह उनके खाते पर बैंक से पर्सनल लोन निकाला गया है जिसकी रकम 2,45,181 रुपये है। इसके बाद पीड़ित सुरेन्द्र के खाते से 4,90,000 रुपये इंटरनेट बैंकिंग के जरिये किसी अन्य खाते में ट्रांसफर कर दिए गए थे। इतना ही नहीं सुरेन्द्र की एफडी और आरडी तोड़कर कुल 3,11,000 रुपये भी उड़ा लिए थे। सुरेंद्र सिंह ने कहा कि उन्होंने न तो इंटरनेट बैंकिंग शुरू करने का अनुरोध किया और न ही किसी अनजान व्यक्ति को कोई जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि उन्होंने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल व पुलिस से भी शिकायत की लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। अब न्यायालय के आद. ेश पर पुलिस ने साइबर फ्रांड करने वाले दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि वह मामले की जांच कर रही है। मामला बैंक में वित्तीय धोखाधड़ी है इसलिए बैंक कर्मचारियों से भी पूछताछ की जाएगी।

# बाघ की गणना के लिए दी ट्रेनिंग

## कार्यशाला में वन क्षेत्राधिकारियों ने महत्व व प्रक्रिया के बारे में बताया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मंगलवार को वन प्रभाग हल्द्वानी के तिकोनिया वन परिसर स्थित पूर्णागिरी सभागार में भारतीय वन्य जीव संस्थान देहरादून के प्रति. निधियों द्वारा अखिल भारतीय बाघ गणना 2026 के संदर्भ में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में तराई केंद्रीय वन प्रभाग, रूद्रपुर, अल्मोड़ा वन प्रभाग, नैनीताल वन प्रभाग, चंपावत वन प्रभाग और हल्द्वानी वन प्रभाग के नोडल पर्सन और फील्ड स्टाफ को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान खुरदार स्तनधारी वन्य जीवों की गणना में प्रत्यक्ष अवलोकन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं। वर्ष 2026 में अखिल भारतीय बाघ गणना ट्रेप कैमरा की मदद से की जाएगी, जिसमें प्रत्येक बीट को एक इकाई माना जाएगा। इसके साथ ही खुरदार स्तनधारी वन्य जीवों की गणना प्रत्यक्ष अवलोकन के आधार पर की जाएगी। इस कार्यशाला के दौरान प्रत्येक प्रभाग में मास्टर ट्रेनर्स भी बनाए गए हैं, जो प्रभाग स्तर पर फील्ड कर्मचारियों को विस्तृत प्रशिक्षण देंगे और उन्हें गणना कार्य में दक्ष बनाएंगे। कार्यशाला में मौजूद वन क्षेत्राधिकारियों ने बाघ गणना के महत्व व प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर शारदा उप प्रभागीय वनाधिकारी डा. शालिनी जोशी, मुक्तेश्वर उप प्रभागीय वनाधिकारी ममता चन्द्र, वन क्षेत्राधिकारी सुनील शर्मा, वन क्षेत्राधिकारी लक्ष्मण सिंह मर्तोलिया, वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार पंत सहित भारतीय वन्य जीव संस्थान देहरादून के प्रतिनिधियों के साथ-साथ हल्द्वानी वन प्रभाग के प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे।



# बहु पर लगाया मारपीट का आरोप, केस दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एक वृद्धा ने बहु पर मारपीट व अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई।

पुलिस ने वृद्धा की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार मुखानी थाना क्षेत्र आदर्श गली नंबर चार निवासी एक 73 वर्षीय वृद्धा ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि उसकी बहु अनुराधा उसके साथ गाली-गलौच व उसे जान से मारने की धमकी देती है, साथ ही उनकी बहु आत्महत्या करने की भी धमकी देते हुए परिवार के अन्य सदस्यों को झूठे केस में फंसाने की बात कहती है। जिस कारण से वह अपनी बहु से अलग रहती है। वृद्धा का आरोप है कि बीती सात नवंबर को उनकी बहु उनके कमरे में आई और रसाई में रखे चाकू को हाथ में लेकर मारने का इशारा करने लगी। इस सब घटना सीसीटीवी में कैद है। वृद्धा ने बताया कि उनकी बहु ने उनके ऊपर एक फर्जी मुकदमा भी दर्ज करा रखा है। वृद्धा ने कहा हालात से तंग आकर वृद्धा अपने भतीजे के घर में रहने लगी है, इसके बाद भी उसकी बहु का दुर्व्यवहार जारी है। वृद्धा की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रोशनी सोसायटी को राष्ट्रीय पुरस्कार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मानसिक दिव्यांग बच्चों के अधिकारों एवं पुनर्वास के क्षेत्र में कार्य कर रही उत्तराखंड की संस्था रोशनी सोसाइटी को वर्ष 2025 का डा. रीता पेशावरिया मेनन एवं प्रेमलता पेशावरिया राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया गया। यह सम्मान राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान और परिवार देशभर के अभिभावक संगठनों के महासंघ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित राष्ट्रीय अभिभावक बैठक में दिया गया, जो 28 से 30 नवंबर तक डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ में आयोजित हुई, जिसमें 25 राज्यों से 350 अभिभावकों एवं उनके संगठनों ने हिस्सा लिया। रोशनी सोसाइटी उत्तराखंड की पहली संस्था है जिसे यह राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुआ है। पुरस्कार के रूप में प्रशस्ति पत्र एवं 21 हजार रुपए की सम्मान राशि प्रदान की गई। संस्था की अध्यक्ष शिवानी पाल ने पुरस्कार को संस्था के लिए बढ़ी हुई जिम्मेदारी बताते हुए भविष्य में और प्रभावी कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। संस्था के सचिव गो. विंद मेहरा ने पुरस्कार को उन सभी मानसिक दिव्यांग बच्चों को समर्पित किया जो आज भी घर और समाज में भेदभाव का सामना कर रहे है। उन्होंने कहा कि रोशनी सोसाइटी अब उनके अधिकारों और पुनर्वास के लिए और तेजी से कार्य करेगी। इस बैठक में में गोविंद मेहरा को परिवार संस्थान की राष्ट्रीय एक्जीक्यूटिव काउंसिल का सदस्य भी निर्वाचित किया गया।



# आवारा पशुओं से लोग परेशान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**भीमताल।** नगर पालिका क्षेत्र भीमताल की सड़कों पर खुले में घूम रहे आवारा गाय समेत बैल और बछड़ों से स्थानीय निवासी व व्यापारी तथा पर्यटक लगातार परेशान हैं। बता दें खासकर मेहरागाँव खुटानी से लेकर नौकुचियाताल तक की मुख्य पर्यटन सड़कों पर बड़े-बड़े सींग वाले बैल आपस में भिड़ते नजर आते हैं जिससे भीड़ भाड़ वाली जगहों, बाजार क्षेत्र में लोगों की जान जोखिम में रहती है और वाहनों की आवाजाही भी खतरे में पड़ जाती है। लोगों की इस बढ़ती परेशानी को देखते हुए सामाजिक कार्यकर्ता पूरन चंद्र बृजवासी ने मंगलवार को नगर पालि. का कार्यालय पहुँचकर अधिशासी अधिकारी राहुल कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि सड़कों पर घूम रहे सभी आवारा पशुओं को तत्काल पकड़कर गौशाला भेजा जाए। ज्ञापन प्राप्त करने के बाद अधिशासी अधिकारी राहुल कुमार ने आश्वासन दिया कि आवारा पशुओं को पकड़ने की पूरी तैयारी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द ही टीम गठित कर इन पशुओं को सड़कों से हटाकर शहर से बाहर स्थित गौशाला में पहुँचाया जाएगा।श्स्थानीय लोगों का कहना है कि आए दिन इन पशुओं के कारण दुर्घटनाएँ होने की आशंका बनी रहती है। पर्यटकों के प्रमुख केंद्र भीमताल में इस तरह की स्थिति से क्षेत्र की छवि भी प्रभावित हो रही है। लोग अब प्रशासन से शीघ्र कार्यवाही की उम्मीद कर रहे हैं। नगर पालिका द्वारा की जा रही इस कार्यवाही पर लोगों की नजरें टिकी हुई हैं।

# काठगोदाम ने 8 विकेट से जीता मैच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में कराई जा रही अंडर-14 जिला क्रिकेट लीग का बुधवार को मैच जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में तन्मय क्रिकेट और काठगोदाम स्पोर्ट्स के बीच खेला गया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए तन्मय क्रिकेट की पूरी टीम 42वें ओवर में 229 रन बनाकर आल आउट हो गई। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी काठगोदाम स्पोर्ट्स की टीम ने 33वें ओवर में ही देवराज के 70, यस अनेरिया के 54 और मेहुल गोस्वामी के 48 रनों की बदौलत 2 विकेट के नुकसान पर 230 रन बनाकर 8 विकेट से मैच जीत लिया। मैन ऑफ-द मैच का पुरस्कार काठगोदाम क्रिकेट अकादमी के बल्लेबाज देवराज को दिया गया।

अंपायर की भूमिका में भूपेश और कुशाग्र रहे जबकि स्कोरर की भूमिका हरप्रीत सिंह कम्बोज ने निभाई। इस मौके पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपने, आनंद बिष्ट, किशन अनेरिया, निश्चल जोशी, मनोज भट्ट, नरेंद्र अधिकारी, संजय चौधरी, विजय कुकसाल, त्रिलोक जीना, पंकज गुरुरानी, योगेश चौहान, विक्रम बोरा, धर्मेंद्र पाल, प्रशांत भंडारी, विजय आर्या, मनोज पंत मौजूद रहे।



## नमाज पढ़ने गए युवक की बाइक चोरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** चिराग अली शाह मजार के पास मस्जिद के बाहर बाइक खड़ी करके नमाज पढ़ने गए युवक की बाइक चोरी हो गई। युवक ने बाइक चोरी की तहरीर पुलिस को सौंपी। पुलिस ने अज्ञात वाहन चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा लाइन नंबर 16 निवासी शारिक सिद्दीकी ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि वह बीती 14 नवंबर को वह नमाज पढ़ने के लिए अली शाह मजार के पास मस्जिद में गया था। उसने बताया जब वह नमाज पढ़कर बाहर आया तो उसकी बाइक वहां से गायब थी। उसने आस-पास बाइक को काफी ढूंढा लेकिन बाइक का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने पीड़ित युवक की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए।

# काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर लोको पायलटों की भूख हड़ताल

## लंबित मांगों की अनदेखी पर जताई नाराज़गी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन (एआईएलआरएसए) से जुड़े लो. को पायलटों ने मंगलवार से 48 घंटे की भूख हड़ताल शुरू कर दी। लोको पायलटों का कहना है कि उनकी लंबित मांगों पर रेलवे प्रशासन की ओर से अब तक ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस बार भी समाधान नहीं निकला तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। लोको पायलट टीए में 25 प्रतिशत बढ़ोतरी के बाद माइलेज में भी नियमानुसार बढ़ोतरी लागू करने, किलोमीटर भत्ते का 70 प्रतिशत भाग आयकर मुक्त रखने, आवधिक विश्राम (पीआर) 46 घंटे निर्धारित करने, लगातार अधि. कतम दो रातों तक ही रात्रि ड्यूटी सीमित करने और सहायक लोको पायलट से हैंड ब्रेक लगवाने रिलीज करवाने और एफएसडी ढुलवाने की प्रथा को तुरंत बंद करने की मांग को लेकर हड़ताल पर बैठे हैं। एआईएलआरएसए के ब्रांच सचिव मो. अफसर अली खान ने बताया कि पांच सूत्रीय मांगों को लेकर लोको पायलट 48 घंटे की भूख हड़ताल पर है। बार-बार आश्वासन मिलने के बावजूद जब तक कागजों पर कार्रवाई नहीं दिखती, आंदोलन को पीछे नहीं लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन मौन रहा तो आगे बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा। इस दौरान गौतम कुमार, विनय यादव, अनिल यादव, अमन कुमार, राम बहादुर यादव, विजय दीप, विजय वर्मा, राम आंचल मौर्य, प्रविन्द्र कुमार, राजेंद्र कुमार, कमल सुयाल, प्रेम चंद्र भट्ट, जगदीश कुमार मीना, बीके सिंह, शुभम उपाध्याय, अरुण कुमार सहित कई लोको पायलट मौजूद रहे।

# नई वाहन सीरीज के लिए ऑनलाइन आवेदन आज से

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के संभागीय परिवहन विभाग द्वारा कल यानि आज बुधवार से नई सीरीज (संभवत यूके श्रृंखला में एएफ या समकक्ष) की शुरुआत की जा रही है। वाहन स्वामी अब ऑनलाइन के माध्यम से अपना इच्छित फैंसी या पसंदीदा नंबर चुन सकते हैं। परिवहन अधिकारी (आरटीओ) गुरदेव सिंह ने वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर आवेदन करें। यह प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से होगी, और इच्छुक वाहन स्वामी https://fancy.parivahan.gov.in/fancy/faces/public/login.xhtml पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया कल यानि आज बुधवार दोपहर 12 बजे से शुरू होगी, और फैंसी नंबर की बुकिंग पहले आने वाले को मिलेगी, इसलिए समय से आवेदन करना जरूरी है। यह कदम काशीपुर में हाल ही में लागू की गई समान प्रक्रिया की तरह है, जहां अव्यावसायिक वाहनों के लिए नवंबर में यह व्यवस्था शुरू की गई थी। अधिक जानकारी के लिए वाहन स्वामी उत्तराखंड परिवहन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट transport.uk.gov.in पर जाकर विवरण प्राप्त कर सकते हैं।



## सुंदरकांड पाठ आयोजित

**नैनीताल।** श्री राम संस्कृत विद्यालय तल्लीताल के तत्वावधान में विद्यालय भवन में मंगलवार को सुंदरकांड पाठ विशेष आयोजन किया गया। इससे पूर्व सुबह गणेश पूजन से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। विद्यार्थियों ने नियमित कार्यक्रम के तहत सरस्वती वंदना की। इसके बाद राम दरबार आदि का विधिवत पूजन किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों समेत विद्यालय प्रबंधन कमेटी सदस्य व क्षेत्रवासियों की मौजूदगी में सुंदरकांड पाठ किया गया। इसके बाद भजन आदि किए गए जिससे माहौल भक्तिमय बना रहा। इससे पूर्व प्रधानाचार्य हरीश चंद्र जोशी ने आयोजन में आए अतिथियों का स्वागत किया। इसमें विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष पद्म सिंह रावत, प्रकाश चंद्र, प्रभात शर्मा, देवेंद्र जोशी, जगदीश चंद्र, लक्ष्मण सिंह, अखिल तथा अनुपमा साह, कल्पना मिश्रा, राधा पांडे, नारायण दत्त, मोहन भट्ट, दीपक कुमार तथा नंदा बल्लभ आदि शामिल रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सड़क हादसों में महिला समेत दो की मौत

**■ स्कूटी सवार महिला को स्कूल बस ने रौंदा, अनियंत्रित पिकअप डिवाइडर से भिड़ी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** गंगापुर मार्ग पर स्कूटी से घर जा रही महिला को एक स्कूल बस ने रौंद दिया, जिससे महिला बस की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे उपचार के लिए निजी चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। घटना से परि. जनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलने पर ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने ने मौजूद लोगों से घटना की जानकारी ली । बाद में चिकित्सालय में जाकर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बालाजी पुरम कालोनी तीन पानी डाम निवासी 35 वर्षीय अनीता चौरसिया पत्नी रामशरण फुलसुंगा में बच्चों को बस में बैठाकर स्कूटी से घर वापस लौट रही थी। मार्ग में दक्ष चौक से 100 मीटर फूलसुंगा की ओर जाते समय एक स्कूल बस चालक ने स्कूटी को जोर से टक्कर मार दी, जिससे अनीता बस से कुचलकर गंभीर रूप से घायल हो गई। लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। अनीता को उपचार के लिए निजी चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बस चालक वाहन छोड़ मौके से फरार हो गया। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक मोहन चन्द्र पाण्डे ने मय फोर्स के मौके पर पहुंचकर आस-पास मौजूद व्यक्तियों से उक्त घटना के बारे में पूछताछ की। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस भिजवाया। साथ ही स्कूटी व बस को कब्जे में ले लिया।

वहीं सोमवार की रात्रि काशीपुर मार्ग पर तीव्र गति से जाते पिकअप वाहन के डिवाईडर से टकरा जाने से उसमें सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम सिरसा सिसैया थाना दातागंज बदायूं निवासी 23 वर्षीय प्रदीप पुत्र बनवारी सिंह अपने दो भाईयों के साथ यहां रम्पुरा में किराए पर रहता था और सभी विवाह समारोह में कांउटर लगाने का काम करते थे। बताया जाता है कि सोमवार की रात्रि प्रदीप तीनपानी से कांउटर लेकर पिकअप वाहन में रखकर काशीपुर मार्ग की ओर दूसरी बुकिंग में जा रहा था। जब वाहन सोब्ती होटल के पास पहुंचा तो वाहन चालक अचानक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और वाहन सड़क के किनारे डिवाईडर से तेजी से जा टकराया। दुर्घटना में प्रदीप और चालक दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्रदीप को मृत घोषित कर दिया, जबकि वाहन चालक की हालत को गंभीर बताया जा रहा है। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचकर मृतक प्रदीप के शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

घटना की जानकारी मिलते ही मृतक प्रदीप के परिजन भी आ गये और उनमें कोहराम मच गया।

# फर्जी पुलिस अफसर ने महिला से 1.20 लाख ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** फर्जी पुलिस अधिकारी ने एक महिला से बेटे को रेप केस से बचाने का झांसा देकर 1.20 लाख रुपये ठग लिए। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

साईबर सेल को दी तहरीर में महिला ने बताया कि 29 नवंबर 2025 को उनके मोबाइल पर व्हाट्सएेप कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को दिल्ली पुलिस का अधिकारी बताया और डरावनी जानकारी दी कि उनका बेटा अश्विन डोगरा वकील की लड़की के साथ रेप के केस में फंस गया है, जिसके साथ और तीन लड़के भी है, जिनको आठ साल की सजा हो गयी है, आपका बेटा इनका दोस्त है। इसके बाद बेटे को फोन करने वालों ने मारा रोने की आवाज और बोलना बिल्कुल बेटे जैसा ही था। पुलिस ऑफिसर ने कहा कि आप अपने बेटे को जेल जाने से बचाना चाहते हो तो दो लाख मुझे भेजो।

महिला ने बताया कि वह घबरा गई और परिचित को बोल कर यूको बैंक खाते में 45000 तथा 25000 कैश जमा करवा दिया। फिर फोन आया कि एसपी साहब मान नहीं रहे है 50,000 रुपये और भेजो फिर परिचित को बोल कर बताए गये खाते में 50,000 केश जमा कर दिए। फिर और रुपयों की मांग करने लगा।

परिजित को जब जानकारी दी तो उन्होंने बताया कि यह सब फ्रॉड है तब उन्हें ठगी का अहसास हुआ। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

# पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान सात वाहनों के काटे चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नैनीताल स्टेट हाईवे पर बरहैनी चौकी इंचार्ज संदीप शर्मा ने मंगलवार को पुलिस फोर्स के साथ हल्द्वानी-बाजपुर मार्ग पर पुलिस द्वारा ताबड़तोड़ वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान के दौरान चौकी प्रभारी संदीप शर्मा ने बिना हेलमेट, तेज रफ्तार व अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों की जांच की गई। इस दौरान चौकी प्रभारी संदीप शर्मा ने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन करने के लिए लोगों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं पर नियंत्रण और लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह अभियान लगातार जारी रहेगा।पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने पर कुल सात वाहनों के चालान भी किए।



# गन्ना रेट बढ़ने पर मुख्यमंत्री का जताया आभार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** जसपुर विधानसभा से पूर्व विधायक प्रत्याशी व अल्पसंख्यक भाजपा प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा. यूनुस चौधरी ने कहा कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में लिए गए फैसलों का प्रदेश की जनता ने भी स्वागत किया है। प्रदेश के किसानों की समस्या का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री धामी ने किसानों की मांग को पूरी गंभीरता से लेते हुए गन्ने का मूल्य 30 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। उन्होंने कहा, यह वृद्धि प्रदेश के हजारों गन्ना किसानों के लिए अत्यंत राहत और संतोष का कारण बनेगी। इससे किसानों की आय में उल्लेखनीय सुधार आएगा और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि नई बढ़ी हुई गन्ना दरें आगामी पेराई सत्र से लागू होंगी और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। हम आश्वस्त हैं कि इस निर्णय से न केवल किसानों को उचित लाभ मिलेगा, बल्कि गन्ना उत्पादन और गुणवत्ता में भी वृद्धि होगी।

# गुरु ग्रंथ साहिब की शिक्षा सभी के लिए एक समान: बाबा अमरजीत सिंह

**■ गुरु मानयो ग्रंथ समागम का दूसरा दिन**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** गुरुद्वारा नानकसर गजरौला में चल रहे सालाना गुरु मान्यो ग्रंथ समागम के दूसरे दिन प्रसिद्ध धर्म प्रचारकों ने कथा कीर्तन करते हुए गुरु ग्रंथ साहिब की महिमा का वर्णन किया।

पंजाब से आए सुप्रसिद्ध धर्म प्रचारक बाबा अमरजीत सिंह गालिब खुर्द वालों ने कथा कीर्तन करते हुए कहा कि गुरु ग्रंथ साहिब की शिक्षा सभी के लिए एक समान है ऊंच नीच या संप्रदाय के लिए अलग से कोई व्यवस्था नहीं है। गुरबाणी के माध्यम से ही समाज में समरसता व सामानता आ सकती है कलयुग में गुरबाणी सतमार्ग पर चलने का एकमात्र मध्यम है। अंतरराष्ट्रीय कथावाचक भाई त्रिलोक सिंह यूके ने प्रवचन करते हुए कहा कि इस घोर कलयुग में गुरु ग्रंथ साहिब की शिक्षा हमें व समाज को सही राह दिखाती है। सुख समृद्धि व सम्मान पाने के लिए गुरबाणी की शिक्षा पर अमल करना जरूरी है। रागी जगजीत सिंह जी ने भी राग कीर्तन के माध्यम से संगत को गुरबाणी से रूबरू कराया।मुख्य सेवादार बाबा प्रताप सिंहने सभी जत्थों व संगत का स्वागत किया। इस मौके पर भाई अनमोल सिंह, हरपाल सिंह, जगमोहन सिंह, अमरीक सिंह, तरसेम सिंह, मनप्रीत सिंह, सतनाम सिंह आदि थे।

# आवारा पशुओं को पहनाई रेडियम बैल्ट

**■ आवारा पशुओं से होने वाली दुर्घटनाओं पर लगेगी लगाम**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के दृष्टिकोण से रामपाल की संस्था द्वारा एक सराहनीय कार्य करते हुए नगर पालिका क्षेत्र में घूम रहे आवारा पशुओं की गर्दन पर रेडियम लगाए गए।

आपको बता दें कि आवारा पशुओं की वजह से खटीमा के विभिन्न क्षेत्रों में रोज दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिसमें अनेकों लोग घायल हो रहे हैं तथा कई लोगों की दुर्घटनाओं में मौतें भी हो जा रही हैं, लेकिन कोई भी इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। वहीं श्रीश्री रामपाल के संस्था के हरियाणा से आए हुए उनके अनुयायियों ने शहर के विभिन्न स्थानों पर घूम-घूम कर आवारा पशुओं को रेडियम बैल्ट पहनाई ताकि आवारा पशुओं की वजह से होने वाली दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने संस्था के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि नगर पालिका हमेशा ऐसे कार्यों में अपना सहयोग देती रहेगी। इस मौके पर भाजपा नगर मंडल महामंत्री मनोज बाधवा, राहुल सक्सेना, करन यादव, मेहताब रजा, अमन मित्तल तथा किशोर छाबड़ा उपस्थित रहे।

# गोकशी के आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विहिप ने दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** गोकशी के आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को कोतवाली सितारगंज के गेट पर धरना दिया। पुलिस द्वारा शीघ्र कार्रवाई के आश्वासन पर बाद में धरना स्थगित कर दिया गया।



मंगलवार को प्रखंड अध्यक्ष अजय भगत के नेतृत्व में कार्यकर्ता कोतवाली गेट के सामने धरने पर बैठे। अजय भगत ने बताया कि सोमवार को वार्ड नंबर 12 में मोहसिन बाइक से गोवंशीय पशु का मांस बेच रहा था। सूचना मिलने पर गोसंरक्षण स्क्वायड टीम ने कार्रवाई करते हुए मौके से मांस बरामद किया, जबकि आरोपी बाइक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है, लेकिन अब तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। उन्होंने चेतावनी दी कि 24 घंटे के भीतर गिरफ्तारी न होने पर विहिप कार्यकर्ता दोबारा धरना-प्रदर्शन करेंगे।

# सुरई रेंज के क्रोकोडाइल ट्रेल में एक दिवसीय प्रशिक्षण

**■ विभिन्न रेंजों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को क्रोकोडाइल गणना का दिया प्रशिक्षण**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** प्रभागीय वनाधिकारी तराई पूर्वी वन प्रभाग, उप प्रभागीय वनाधिकारी के निर्देशानुसार खुरई ककरा 6 और 9 स्थित क्रोकोडाइल ट्रेल कैंपस में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें दो दिवसीय क्रोकोडाइल की गणना का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण शिविर में डब्ल्यूडब्ल्यूएफ की ओर से आए बायोलॉजिस्ट प्रशांत कुमार के द्वारा सर्वेक्षण एवं गणना के संबंध में महत्वपूर्ण एवं आवश्यक जानका. रियां दी गई। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के बायोलॉजिस्ट प्रशांत कुमार ने बताया कि भारतीय वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के अंतर्गत संकट ग्रस्त सूची में सम्मलित मगरमच्छ संरक्षित हैं। उन्होंने विभिन्न प्रजातियों के मगरमच्छ, उनके विभिन्न आकार, प्रकार, जीवनकाल, निवास स्थल गणना में प्रयोग किए जाने वाले प्रकार सर्वेक्षण एवं प्रारंभिक सर्वेक्षण एवं योजना के संबंध में जानकारियां दी।

उन्होंने सर्वेक्षण एवं गणना के समय बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराया। प्रशिक्षण शिविर में उपप्रभागीय वना अधिकारी संचित वर्मा, वन क्षेत्राधिकार राजेंद्र मनराल, चंदन सिंह अधिकारी वन क्षेत्राधिकार गोला, हेमा कर्नाटक प्रशिक्षण अधिकारी, मेघा सिंह प्रशिक्षु वन अधिकारी, डौली डोभाल प्रशिक्षु वन क्षेत्राधिकार ने क्रोकोडाइल संबंधी जानकारियां दी। इस दौरान प्रीति, दीपक लाल, बबीता, मनोज ठकुराठी, सुखविंदर सिंह , चंद्र प्रकाश, दीपक कुमार, ओमप्रकाश, हर्षदेव सिंह, मदन गोपाल, देवेंद्र कुमार, खीम सिंह अधिकारी, संजय कुमार, दीपक चंद्र पतौला, हेमभट्ट, वेद प्रकाश, जगदीश पंत, अरुण कुमार, गीता, अमन कुमार आदि मौजूद थे।

# पटरी पर अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आज मंगलवार प्रात: ग्राम छतरपुर में ट्रेन की पटरी पर अज्ञात युवक का शव पाये जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मामले की सूचना मिलने पर सिडकुल पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण वहां खड़े लोगों से आवश्यक जानकारी ली। मृतक युवक की मौके पर शिनाख्त न होने से पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया।

पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र करीब 28 वर्ष बताई जा रही। जानकारी के अनुसा आज प्रात: निटवर्ती ग्राम छतरपुर में राह गुजरते लोगों ने रेल पटरी पर एक युवक को बेसुध हालत मे पड़ा देखा। वहां लोगों की भीड़ लग गई।

सूचना मिलने पर एसआई अनिल मेहता पुलिस कर्मियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर वहां खड़े लोगों से युवक के बारे में जानकारी ली लेकिन कोई भी उसे पहचान नहीं पाया।

जिस पर पुलिस ने युवक को जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया और मृतक की शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए।

# व्यक्ति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर ।** रामनगर में अज्ञात कारणों के चलते एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

मोहल्ला जस्सागांजा निवासी राम सिंह पुत्र चन्दन सिंह उम्र 35 ने मंगलवार सुबह घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।बताया जा रहा है कि घर में उसकी पत्नी मौजूद नहीं थी।वह कही बाहर गई थी।किसी बात को नाराज होकर वह घर छोड़कर चली गई थी।कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सरकारी अस्पताल रामनगर के मोर्चरी में रखवाया गया है बुधवार सुबह पोस्टमार्टम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पत्नी और बच्चे बाहर रहते हैं। मृतक मजदूरी करता था।

# कुष्ठ आश्रम और सरकारी अस्पताल में राशन व फल बांटे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पौड़ी गढ़वाल लोकसभा सीट के सांसद अनिल बलूनी के जन्म दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कुष्ठ आश्रम में राशन एवं फल सब्जी वितरण किया।पार्टी कार्यकर्ताओं ने कुष्ठ आश्रम में रह रहे लोगों से भेंट करके उनके कुशलक्षेम जानी और अपने नेताओं के जन्मदिवस पर उनके दीर्घायु की कामना करते हुए फल सब्जी एवं राशन वितरित किए।

भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत, पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खाती,ग्रामीण मंडल अध्यक्ष घनश्याम शर्मा, पूर्व दर्जा मंत्री दिनेश मेहरा,भाजपा नेता इंदर रावत, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष चंदन सिंह बिष्ट, अजीत सिंह रावत, आनंद कड़ाकोटी, महिपाल सिंह, आशा बिष्ट, माया रावत, छात्र संघ उपाध्यक्ष मनोज पांडे, भारत तिवाड़ी, कुलदीप माहेश्वरी, रामभरोसे लाल,अशोक गुप्ता, संजीव सैनी, मनोज पंत,शुभम उत्तम, ऋषिपाल यादव आदि मौजूद रहे।

# तहसील दिवस पर सीडीओ ने सुनीं लोगों की समस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** नगर में तहसील दिवस के आयोजन में मुख्य विकास अधिकारी ने लोगों की जन समस्याओं को सुनकर कुछ समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया तथा अन्य समस्याओं को संबधित विभाग को देकर तत्काल निस्तारण करने को कहा।

मंगलवार को नानकमत्ता के एक महाविद्यालय में प्रशासन की ओर से तहसील दिवस का आयोजन किया गया। यहां तहसील दिवस पर जनपद के मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी एवं उप जिला अधिकारी तुषार सैनी के अलावा विभिन्न विभागों से अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे। तहसील दिवस के अवसर पर जर्जर सड़कों से संबधित ज्यादा शिकायतें पहुंची। इस दौरान भाजपा के ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष ओम नारायण राना ने सौंपे पत्र में ग्राम बरकीडाडी में कलम भण्डारी आदि के घर से मुख्य मार्ग तक दो किलो मीटर के सड़क डामरीकरण मार्ग व ग्राम बरकीडाडी में मण्डी समिति की ओर से होने वाले सीसी मार्गों तथा ग्राम सभा बरकीडाडी में जिला योजना से राजकीय प्राथमिक विद्यालय बरकी डांडी में चार दिवारी बनाने की मांग रखी है। वहीं जिला पंचायत सदस्य भास्कर संभल ने जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में आ रही दिक्कतों के समाधान कराने की बात रखी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 से पूर्व जारी किए गए जन्म प्रमाण पत्र जो कि ऑफलाइन बनाए गए थे, जिनको अब ऑनलाइन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आयोजित तहसील दिवस में लगभग 29 समस्याएं दर्ज की गई। कार्यक्रम का संचालन राजस्व उप निरीक्षक अन्नत कुमार शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर भाजपा जनजाति के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक डा. प्रेम सिंह राना, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, उप जिला अधिकारी तुषार सैनी, तहसीलदार वीरेंद्र सजवाण, नायब नाजिर संजय कुमार, हेमचंद पांडे, राजस्व निरीक्षक दीपक वर्मा सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी अधिकारी गण मौजूद रहे।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद्, महुआखेड़ागंज, ऊधम सिंह नगर

**गृहकर नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित सूचित किया किया जाता है कि श्रीमती पूनम राणा पत्नी श्री प्रदीप सिंह निवासी पिपलिया पिस्तौर जिला ऊधम सिंह नगर द्वारा रजिस्ट्रड बैनामें, शपथपत्र के आधार पर पालिका अभिलेख दाखिल खारिज कर अपना नाम दर्ज कराना चाहते हैं। प्रार्थनी ने उक्त खसरा नं.- 367 मिन कुल क्षेत्रफल 96. 65 वर्गमीटर वाकै महुआखेड़ागंज को श्री सतीश कुमार पुत्र श्री छुन्नु लाल निवासी ग्राम हुमायूंपुर तह. ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश से रजिस्ट्रड बैनामे कर पंजीकृत क्रय किया है। प्रार्थनी वर्तमान में उक्त खसरे पर निर्मित भूमि को पालिका के गृहकर अभिलेखों में स्वयं के नाम से दर्ज करवाना चाहती है। रजिस्ट्रड बैनामें, शपथपत्र के आधार पर उक्त खसरा नं.- 367 मिन कुल क्षेत्रफल 96.65 वर्गमीटर वाकै गहुआखेड़ागंज का दाखिल खारिज कर प्रार्थिनी के नाम दर्ज करने में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर नगर पालिका परिषद गहुआखेड़ागंज के कार्यालय में लिखित में सूचना दें। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नियत तिथि के उपरांत नियमानुसार पालि. का अभिलेखों में मात्र गृहकर वसूली हेतु नामान्तरण कर नाम दर्ज कर दिया जायेगा। बाद म्याद प्राप्त आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**अधिशासी अधिकारी**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद्, महुआखेड़ागंज, ऊधम सिंह नगर

**गृहकर नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को को सूचित किया जाता है कि श्रीमती हाजरा बेगम पत्नी श्री मौ. याकूब निवासी ग्राम सरवरखेडा तह. काशीपुर व जिला ऊधमसिंहनगर से रजिस्ट्रड बैनामें, शपथपत्र के आधार पर पालिका अभिलेख दाखिल खारिज कर अपना माग दर्ज कराना चाहती हैं। प्रार्थनी ने उक्त मकान नं.-07/100 वाकै वार्ड नं.-07 महुआखेड़ागंज को श्री अकील अहमद पुत्र श्री शब्बीर अहमद निवासी मौहल्ला गंज महुआखेडागंज काशीपुर ऊधमसिंहनगर से रजिस्ट्रड बैनामे कर पंजीकृत क्रय किया है। प्रार्थनी वर्तमान में उक्त निर्मित मकान को पालिका के गृहकर अभिलेखों में स्वयं के नाम से दर्ज करवाना चाहती है। रजिस्ट्रड बैनामें, शपथपत्र के आधार पर उक्त मकान नं.-07/100 महुआखेड़ागंज का दाखिल खारिज कर प्रार्थनी के नाम दर्ज करने में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज के कार्यालय में लिखित में सूचना दें। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नियत तिथि के उपरांत नियमानुसार पालिका अभिलेखों में मात्र गृहकर वसूली हेतु नामान्तरण कर नाम दर्ज कर दिया जायेगा। बाद म्याद प्राप्त आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**अधिशासी अधिकारी**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद्, महुआखेड़ागंज, ऊधम सिंह नगर

**गृहकर नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अमित कुमार पुत्र श्री मिश्री लाल निवासी वार्ड नं. -03 मौहल्ला मडैयादेवी महुआखेडागंज तह. काशीपुर व जिला ऊधमसिंहनगर से रजिस्ट्रड बैनामें, शपथपत्र के आधार पर पालिका अभिलेख दाखिल खारिज कर अपना नाम दर्ज कराना चाहते हैं। प्रार्थी ने उक्त मकान नं.- 03/81 वाकै वार्ड नं.-03 मौ. गडैयादेवी, महुआखेडागंज को श्रीगती लक्ष्मी देवी पत्नी श्री विजयपाल निवासी ग्राम पैदुरिया भायपुर तह. जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश से रजिस्ट्रड बेनामे कर पंजीकृत क्रय किया है। प्रार्थी वर्तमान में उक्त निर्मित मकान को पालिका के गृहकर अभिलेखों में स्वयं के नाम से दर्ज करवाना चाहता है। रजिस्ट्रड बैनामें, शपथपत्र के आधार पर उक्त मकान नं.-03/81 वार्ड नं.-03 मौ. मडैयादेवी, महुआखेड़ागंज का दाखिल खारिज कर प्रार्थी के नाम दर्ज करने में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज के कार्यालय में लिखित में सूचना दें। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नियत तिथि के उपरांत नियमानुसार पालि. का अभिलेखों में मात्र गृहकर वसूली हेतु नामान्तरण कर नाम दर्ज कर दिया जायेगा। बाद म्याद प्राप्त आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# विज्ञान ड्रामा में राष्ट्रीय स्तर पर यूएस नगर अव्वल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** प्रगति मैदान, नेशनल साइंस सेंटर नई दिल्ली में दो दिवसीय राष्ट्रीय डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम विज्ञान महोत्सव के विज्ञान ड्रामा का आज समापन हो गया। उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर के डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फॉर्म, खटीमा की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इससे पूर्व राज्य स्तरीय विज्ञान महोत्सव 2025 की प्रतियोगिता नवम्बर माह में खालसा नेशनल बालिका इंटर कॉलेज हल्द्वानी में संपन्न हुई थी । जिसमें टीम प्रभारी विनीता जगदीश चौधरी जिला विज्ञान समन्वयक के निर्देशन में डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फॉर्म, खटीमा "का विज्ञान ड्रामा द्वितीय स्थान किया था। पर रहा था।

अब नई दिल्ली में नॉर्थ जोन विज्ञान प्रतियोगिता में यह ड्रामा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में पुन: प्रस्तुत करना था। शिक्षिका वैष्णवी विश्वकर्मा के निर्देशन में डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी इंटर कॉलेज छिनकी फॉर्म खटीमा की आठ बच्चों की टीम द्वारा नई दिल्ली में प्रतिभाग किया गया और राष्ट्रीय स्तर पर विज्ञान ड्रामा को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इसके साथ ही नाट्य प्रतियोगिता में बेस्ट एक्टर का पुरस्कार छात्र वंश भंडारी, बेस्ट डायरेक्टर शिक्षक सुरेश चंद्र ओली, बेस्ट स्क्रिप्ट राइटर शिक्षिका वैष्णवी विश्वकर्मा को भी पुरस्कार प्राप्त हुए।यह उपलब्धि उत्तराखंड राज्य के लिए अत्यधिक हर्ष एवं गौरव का विषय है ।

इस अवसर पर अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान उत्तराखंड की निदेशक बंदना गर्ब्याल, मुख्य शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह रावत, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक हरेंद्र कुमार मिश्रा,खंड शिक्षा अधिकारी सावेद आलम, भानु प्रताप द्वारा चयनित टीम , चंद्रकांत पनेरु प्रधानाचार्य डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी, धीरेंद्र चंद्र भट्ट विद्यालय प्रबंधक को शुभकामनाएं दी। राज्य विज्ञान समन्वयक देवराज सिंह राणा,ब्लॉक विज्ञान समन्वयक निर्मल कुमार निहोलिया आदि ने बधाई दी।

# एआरटीओ की बड़ी कार्रवाई, जेसीबी सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बन्नाखेड़ा क्षेत्र में परिवहन विभाग द्वारा ओवरलोड वाहनों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया गया। मंगलवार को एआरटीओ काशीपुर संदीप वर्मा के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में एक जेसीबी को सीज कर बरहैनी पुलिस चौकी में खड़ा कराया गया। अभियान के दौरान जेसीबी पर एक लाख पन्द्रह हजार रुपये का चालान काटा गया। वहीं अन्य वाहनों के विरुद्ध कुल 10 चालान जारी किए गए। जिनकी राशि लगभग दो लाख रुपये रही। इस दौरान एआरटीओ संदीप वर्मा ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए ओवरलोड वाहनों एवं नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। जिसके चलते यह अभियान चलाया जा रहा है और अभियान के तहतचालकों को यातायात नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक भी किया गया।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद टनकपुर जिला चम्पावत

पत्रांक-1210/ नामान्तरण सूचना/2025-26 दिनांक-2/12/2025

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद टनकपुर के लीज अभिलेखों में निम्न विवरण के अनुसार पूर्व में अंकित नाम खारिज कर उनके नाम के सम्मुख अंकित व्यक्तियों के नाम दर्ज किये जाने हेतु निम्नलिखित अभिलेखों के आधार पर नामान्तरण/संशोधन किया जाना प्रस्तावित है।

| क्र.सं. | आवेदक का नाम | भवन संख्या | वर्तमान में जिस व्यक्ति का नाम दर्ज है | जिसके नाम दर्ज किया जाना है | संलग्न दस्तावेज |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | श्रीमती राजकुमारी पत्नी श्री राजकुमार | प्लाट संख्या 103 | श्री राजकुमार पुत्र श्री सीता राम | श्रीमती राजकुमारी पत्नी श्री राजकुमार | आवेदन पत्र, शपथ पत्र आधार कार्ड, श्री नरेश कुमार अरोरा पुत्र श्री राजकुमार का अनापत्ति शपथ पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण पत्र, श्री राजकुमार का मृत्यु प्रमाण पत्र |

उपरोक्त नामान्तरण/संसोधन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो यह सूचना प्रकाशन के एक माह के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्य पालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा एवं पालिका के लीज अभिलेखों में पूर्व में अंकित व्यक्तियों के नाम खारिज कर वर्तमान में कालम नं0 5 में अंकित व्यक्तियों के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# छात्राओं की गरिमा और सुरक्षा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : कुसुम कण्डवाल

- उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग ने वायरल वीडियो पर लिया संज्ञान
- डीएम को दिए आरोपी प्राध्यापक के विरुद्ध जांच और कठोरतम कार्रवाई के आदेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** बेरीनाग महाविद्यालय में छात्राओं से छेड़छाड़ के गंभीर व शर्मनाक आरोप के मामले में महिला आयोग की अध्यक्ष ने स्वत: संज्ञान लिया है। मामले में एक पीड़ित छात्रा द्वारा दर्ज कराई गई लिखित शिकायत के बाद पूरा प्रकरण उजागर होने पर आरोपी प्राध्यापक का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा।

इसी बीच, उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने वायरल वीडियो के आधार पर घटना को अत्यंत गंभीर बताते हुए जिलाधिकारी को फोन पर वार्ता के क्रम में त्वरित, प्रभावी और कठोरतम कार्रवाई करने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि छात्राओं की गरिमा और सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाए और दोषी पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ कानून के तहत सख्त से सख्त दंड सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा यह घटना अत्यंत निंदनीय है और इससे महाविद्यालय की छात्राओं में असुरक्षा का माहौल पैदा होने की आशंका गहरा गई है। शिक्षण संस्थान जहां सुरक्षित वातावरण और विश्वास का केंद्र होते हैं, वहां इस प्रकार की हरकतें न केवल संस्थान की गरिमा को ठेस पहुंचाती हैं, बल्कि छात्राओं के मनोबल पर भी गंभीर प्रभाव डालती हैं। महाविद्यालय प्रशासन ने भी पीड़िता को पूर्ण सुरक्षा, सहयोग और मानसिक संबल प्रदान करने का भरोसा दिलाया है। महिला आयोग की अध्यक्ष ने स्पष्ट किया है कि इस मामले पर आयोग लगातार निगरानी रखेगा।

# अतिक्रमण के खिलाफ पुलिस प्रशासन चलाएगा अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नगर में लगातार हो रही अतिक्रमण की समस्या और जाम की समस्या को देखते हुए मंगलवार को कोतवाल नरेश चौहान ने व्यापार मंडल और व्यापारियों की बैठक ली। जिसमें उन्होंने अतिक्रमण तथा ई-रिक्शा संचालन को व्यवस्थित के जाने को लेकर दिशा निर्देश दिए। इस दौरान तमाम महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करने के बाद तय किया गया की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए रविवार तक सभी को चेतावनी दी गई है। अगर कोई भी नियमों का पालन नहीं करता है तो उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

इस दौरान कोतवाल नरेश चौहान ने बताया कि आठ दिसंबर दिन सोमवार को पुलिस तथा प्रशासन फुटपाथ पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाएगा अगर अतिक्रमण पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। बैठक में उन्होंने सभी व्यापारियों से सहयोग की अपील। वहीं व्यापारियों ने भी यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से व्यवस्थित करने के लिए प्रशासन को



पूर्ण रूप से भरोसा दिया है। इस मौके पर प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष सत्यवान गर्ग,प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष सत्यवान गर्ग, पूर्व प्रधान लियाकत अली, व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष बलवीर सिंह साबू,व्यापार मंडल महामंत्री ललित कोछड़ वायटी, राकेश कोछड़, तौकीर अहमद, मोहम्मद नफीस, उशांत सब्बरवाल, लईक अहमद, धर्मेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

**वहीं** बैठक में रेलवे फाटक, रामराज रोड पर मंडी गेट से आगे और एसडीएम कार्यालय से आगे ई-रिक्शा संचालन को प्रवेश नहीं दिया जाएगा, जिससे नगर में आ रही जाम की समस्या से निजात मिल सकेगी।

## एक नजर

# फील्ड मार्शल दिवाकर भट्ट की श्रद्धांजलि यात्रा में उमड़ रही भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) के शीर्ष आंदोलनकारी नेता, फील्ड मार्शल स्वर्गीय दिवाकर भट्ट को श्रद्धांजलि देने हेतु शुरू की गई। लोगों का जुड़ाव लगातार बढ़ता जा रहा है।




यूकेडी कार्यकर्ताओं द्वारा जसपुर से शुरू की गई यह यात्रा रुद्रपुर, खटीमा, बनबसा, टनकपुर, चंपावत सहित विभिन्न क्षेत्रों से गुजरते हुए आज लोहाघाट पहुंची, जहां जगह-जगह यात्रा दल का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

नैनीताल जिला इकाई अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान के नेतृत्व में पूर्व केंद्रीय सह-संयोजक भुवन सिंह बिष्ट, युवा प्रकोष्ठ के संगठन मंत्री अमित बीनवाल, श्याम सिंह नेगी, मोहन सिंह नेगी, हरीश कोटिया, प्रमोद सती, प्रेम बिष्ट, उत्तम बिष्ट, प्रदीप कटोरिया, मोहम्मद अंसारी सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने दिवंगत भट्ट को श्रद्धांजलि अर्पित की। भट्ट के सपनों के उत्तराखंड के लिए फिर उठा संघर्ष का संकल्प यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने भट्ट के आदर्शों और संघर्षों को याद करते हुए कहा कि आज भी पहाड़ का वास्तविक विकास अधूरा है।

# टेंपो चालकों की कोतवाल ने ली बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** मंगलवार को कोतवाली परिसर में कोतवाल नरेश चौहान ने टेंपो यूनियन से जुड़े कुछ लोगों व चालकों की एक बैठक ली। टेंपो चालकों का दोराहा से बाजपुर के रामलीला मैदान तक के लिए एक स्टैंड बना है। बैठक में उन्होंने वाहन चालकों को हिदायत देते हुए कहा कि वह जब दोराहा से सवारियां लेकर निकलते हैं, तो वह सवारियां मुख्य मार्ग स्थित करतार सिंह पेट्रोल पंप के समीप उतार दें, ताकि शहर में लगने वाले जाम से निजात मिल सके।



उन्होंने कहा कि नगर में वह जगह-जगह सवारी को न उतरें ताकि आने जाने वाले लोग जाम की समस्या से ग्रसित ना हो। उन्होंने कहा कि टेंपो चालक करतार सिंह पेट्रोल पंप के पास सवारियां उतारने के बाद अपने टेंपो को रामलीला मैदान में बने स्टैंड पर रोके। जाम से निजात दिलाने को लेकर फड़ ठेले आदि के संबंध में नगर पालिका आदि अन्य प्रशासन के साथ पुलिस प्रशासन एक महत्वपूर्ण बैठक करेगा। जिसमें विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया जाएगा ताकि शहर में किसी प्रकार से जाम की समस्या ना बने। इस मौके पर, एसएसआई जसविंदर सिंह, एसआई देवेंद्र सिंह मनराल,बबलू नामधारी, नितिन, जितेंद्र कुमार पासी, सीताराम तिवारी आदि अन्य लोग मौजूद थे।

# घरों की छत से विद्युत लाइन को स्थानांतरित करने को एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** घरों की छतों से विद्युत लाइन को अन्य स्थान पर स्थानांतरित किए जाने की मांग को लेकर ग्राम दियोहरी के ग्रामीणों ने उत्तराखंड दलित वाल्मीकि समाज सुधार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनिल वाल्मीकि के नेतृत्व में मंगलवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने उप जिला अधिकारी डॉक्टर अमृता शर्मा को सौंपा ज्ञापन।

ज्ञापन में कहा कि मकानों के ठीक ऊपर से विद्युत लाइन गुजर रही है। जिसकी दूरी मकान की छतों से मात्र दो से तीन फिट है। विद्युत लाइन के इतनी नीचे होने के कारण पूर्व में कई बार हादसे भी हो चुके हैं। करेन्ट लगने के कारण पूर्व में गाय तक की मृत्यु हो चुकी है। साथ ही कई बार बच्चों को भी करन्ट लग चुका है।

घरों में छोटे बच्चे हैं जो कि आय दिन हमारी गैर मौजूदगी में मकानों की छतो पर चले जाते हैं और इस प्रकार एक प्रकार का डर बना रहता है, कभी भी कोई बड़ी घटनाएं हो सकती है। उन्होंने जल्द से जल्द विद्युत लाइन को अन्य स्थान पर स्थानात्रिंत करने की मांग की है। इस मौके पर नरेश, राजू, सुखवीर, बन्टी, जितेन्द्र, संजीव, अजय, हरदेवी, राजकुमार, आशा आदि अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# नजूल, दानपात्र की भूमि पर विद्युत कनेक्शन पर लगी रोक को लेकर विधायक विकास प्राधिकरण पहुंचे

- पुरानी बसे हुए क्षेत्र ट्रांजिट कैम्प,रम्पुरा जैसे पुराने इलाकों में आदेश नहीं होगा लागू: जय किशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विगत दिनों जिला विकास प्राधिकरण द्वारा जारी आद. ेश जिसमे बिना नक्शा पास किए किसी भी भू स्वामी या मकाने बनाने वाले को विद्युत कनेक्शन नहीं दिया जाएगा। इस आदेश से बस्ती व पुराने बसे रुद्रपुर क्षेत्र के लोगों में असमंजस व संकट की स्थिति पैदा हो गई। वहीं इस विषय को गंभीरता से लेते हुए विधायक शिव अरोरा रुद्रपुर क्षेत्र के विभिन्न इलाकों के जनप्रतिनिधि व आम लोगो संग जिला विकास प्राधिकरण कार्यालय पहुंचे,जहां उन्होंने विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जय किशन व सचिव पंकज उपाध्याय से मुलाकात की।



विधायक अरोरा ने कहा बिना नक्शा पास हुए विद्युत कनेक्शन ना मिलना यह एक गंभीर विषय रुद्रपुर में बनी हुई है, जिसको लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति है। जबकि रुद्रपुर क्षेत्र में रम्पुरा, भदईपुरा, गांधी कॉलोनी, ट्रांजिष्ट कैम्प, संजय नगर खेड़ा, खेड़ा,दूधिया नगर, आदर्श इंद्रा बंगाली कॉलोनी, आदर्श कॉलोनी घास मंडी, जगतपुरा, शिव नगर जैसी बस्तिया जो बहुत पुरानी दशकों से बसी हुई है जो नजूल, दान पात्र / बिना भू स्वामित्व वाली हैं। ऐसे में इस आदेश के प्रभावी होने से 30 हजार परिवार इससे सीधे प्रभावित हो रहे हैं और लोगो में जन आक्रोश बना हुआ है। जबकि हम जानते है यह सभी क्षेत्र के लोगों के पास अपने मकान का कोई स्वामित्व नहीं है। ऐसे में यह आदेश का लागू होना पुराने बसे लोगों में भय व आक्रोश की स्थिति पैदा कर रहा है जोकि उचित व न्यायसंगत नहीं है।

वहीं जिला विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जय किशन ने स्पष्ट किया जैसा कि विधायक अरोरा ने कहा पुरानी बसे हुए क्षेत्र ट्रांजिट कैम्प,रम्पुरा जैसे इलाके जो नजूल, दान पात्र / बिना भू स्वामित्व वाले क्षेत्र जिनके पास अपनी भूमि का स्वामित्व नहीं है उन क्षेत्रों यह नियम प्रभावी नहीं होगा, क्योकि वह बहुत लम्बे अरसे से बसे हुए हैं और यहां रह रहे है। उन्होंने कहा जहां तक नदी किनारे, खेत काटकर या 10 रुपये के स्टम्प पर मकान खरीद जिन जगह पर चल रहा है, उनके लिए यह नियम प्रभावी होगा। विधायक ने सारी वार्ता सुनकर स्पष्ट किया कि यह बिना नक्शा पास किए विद्युत कनेक्शन नहीं दिया जाना यह निर्णय उन क्षेत्रों में प्रभावी है जिसमे पहाड़गंज जैसे क्षेत्रों में नदी किनारे डेमोग्रेफी चेंज की मंशा से अवैध अतिक्रमण किए जा रहे है, जिस पर बीते दिनों प्राधिकरण की टीम ने सख्ती से कार्यवाही भी की थी। इस दौरान जिला विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष जय किशन, सचिव पंकज उपाध्याय, भाजपा नेता उपेंद्र चौधरी, अनुभव चौधरी, किरन विर्क, धीरेश गुप्ता, मुकेश पाल, पवन राणा, एमपी मौर्य, कैलाश राठौर, मुकेश रस्तोगी, निमित्त शर्मा, जीतेन्द्र संधू, राजेंद्र राठौर, गोविन्द राय, सतनाम सिंह, मनोज मदान, कमल पाल, शिव कुमार गंगवार, गिरीश राठौर आदि थे।

# अनूठा पौधारोपण अभियान जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**पिथौरागढ़।** राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान आज 505 वें दिन भी जारी रहा।

पौधा रोपण अभियान को विवाह समारोह से जोड़ते हुए अभियान के 505 वें दिन सतगढ़ पिथौरागढ़ में अमर उजाला के पत्रकार दीपक कापडी एवं निशा ने परिणय सूत्र में बंधने के बाद एक पौधा धरती मां के नाम के तहत परिणय पौध लगाया। दीपक व निशा ने कहा कि अब वह इस पौधे की देखभाल घर के एक सदस्य के रूप में करेंगे और अपनी हर सालगिरह में पौधारोपण करेंगे ।दीपक कापडी ने कहा कि वह हमेशा शुभ कार्यो में पौधा रोपण करते हैं ।उन्होंने कहा कि वह अपने आप को भाग्यशाली मानते हैं कि वह इस अभियान का हिस्सा बन रहे हैं। विवाह समारोह में उपस्थित लोगों ने पौधारोपण अभियान की सराहना की। कार्यक्रम में सामाजिक कार्य कार्यकर्ता प्रदीप कन्याल उपस्थित रहे।

दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका विवाह समारोह को पौधारोपण कार्यक्रम से जोड़ने का अभियान जारी रहेगा।

# शहरवासियों को आवारा पशुओं से जल्द मिलेगी राहत: महापौर

- लंबा खेड़ा में आधुनिक गोशाला का निर्माण अंतिम चरण में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** लंबे समय से शहरवासियों को परेशान कर रही आवारा पशुओं की समस्या से अब लोगों को जल्द निजात मिलने जा रही है। इसके लिए महापौर विकास शर्मा द्वारा किए गए प्रयास अब सार्थक होने जा रहे हैं। नगर निगम द्वारा लंबा खेड़ा क्षेत्र में विकसित की जा रही गौशाला का निर्माण अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है और उम्मीद है कि जल्द ही शहर में घूमते आवारा पशुओं को यहां सुरक्षित आश्रय मिल सकेगा।



मंगलवार को महापौर विकास शर्मा ने नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पांडे और निगम के अन्य अधिकारियों के साथ निर्माणाधीन गौशाला का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति और पशुओं के लिए किए जा रहे इंतजामों का बारीकी से अवलोकन करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि गौशाला का निर्माण तेजी से पूरा किया जा रहा है, ताकि शहर में दुर्घटनाओं और यातायात अव्यवस्था की वजह बन रहे आवारा पशुओं की समस्या का स्थायी समाधान हो सके। उन्होंने बताया कि फिलहाल पहले चरण में एक बड़ा शेड लगभग तैयार हो चुका है, जिसमें करीब 80 पशुओं को रखने की क्षमता है। आने वाले दो चार दिनों में इसका कार्य पूरा कर लिया जाएगा, जिसके बाद शहर में घूमते पशुओं को यहां शिफ्ट किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पांडे, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, महामंत्री पारस चुघ, कुलबीर सिंह, अंकुश गुंबर, नितिन सुखीजा, पार्षद चिराग कालरा, जितेंद्र चौहान, हमजा खान, ललित कश्यप सहित कई अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# स्पेशल किड्स के लिए दौड़ा पिथौरागढ़

- डीएम भटगांई ने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कलेक्ट्रेट परिसर से द स्कॉलर्स एकेडमी विद्यालय द्वारा आयोजित साम. ुदायिक मैराथन ''रन फॉर स्पेशल काइंड्स, रन फॉर चेंज'' को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।




इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्पेशल किड्स को समर्थन व प्रोत्साहन देने के लिए कार्यरत घनश्याम फाउंडेशन के अजय ओली की इस महत्वपूर्ण पहल की सराहना करते हुए कहा कि समाज के विशेष बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए ऐसी जनसहभागिता अत्यंत प्रेरणादायक है।

उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उत्साहपूर्वक भागीदारी हेतु शुभकामनाएं दीं। मैराथन कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी ने स्वर्गीय प्रकाश चंद रजवार की स्मृति में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का डिग्री कॉलेज मैदान में उद्घाटन किया। इस दौरान उमेश चंद्र जोशी, सचिव क्रिकेट एसोसिएशन पिथौरागढ़ द्वारा जिलाधिकारी का परिचय स्टेडियम पिथौरागढ़ एवं गुरना टीम के खिलाड़ियों से कराया गया। जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों को खेल भावना और अनुशासन के साथ प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि खेल युवा पीढ़ी को स्वस्थ, सक्षम और नशा मुक्त समाज निर्माण की दिशा में अग्रसर करते हैं।

उन्होंने दोनों टीमों को सफलता की शुभकामनाएं प्रदान कीं। कार्यक्रम में विद्यालय प्रतिनिधि, प्रतिभागी खिलाड़ी, अभिभावक एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# मुख्य सचिव ने किया अद्वैत आश्रम मायावती का भ्रमण

- आश्रम द्वारा रोगियों को घर तक पहुंचाने की व्यवस्था से हुए प्रभावित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** मानव सेवा, वन संरक्षण और जैव-विविधता संरक्षण के अनूठे समन्वय का जीवंत उदाहरण अद्वैत आश्रम मायावती आज मुख्य सचिव आनन्द वर्धन के स्वागत का साक्षी बना। मुख्य सचिव पहली बार अद्वैत आश्रम मायावती पहुंचे, जहां उन्होंने उस ऐतिहासिक ध्यानस्थल में कुछ समय साधना की, जिसमें 124 वर्ष पूर्व स्वामी विवेकानंद गहन ध्यान में लीन रहे थे। मुख्य सचिव का स्वागत प्रबुद्ध भारत पत्रिका के संपादक स्वामी दिव्य कृपानंद महाराज एवं आश्रम प्रबंधन ने भावपूर्ण ढंग से किया। इसके बाद



उन्होंने आश्रम परिसर में सुव्यवस्थित प्रदर्शनी का अवलोकन किया, जिसमें स्वामी विवेकानंद के मायावती प्रवास की दुर्लभ और अविस्मरणीय स्मृतियां प्रदर्शित हैं।

आश्रम द्वारा संचालित अस्पताल की जानकारी देते हुए स्वामी दिव्य कृपानंद ने बताया कि यहां ऐसा धर्मार्थ चिकित्सालय है, जहां किसी भी प्रकार का कैश काउंटर नहीं है, फिर भी ग्रामीण क्षेत्रों के रोगियों को उपचार के साथ-साथ घर तक छोड़ने की व्यवस्था आश्रम द्वारा ही की जाती है। यह 'नर सेवा ही नारायण सेवा' की परंपरा को जीवंत करने वाला प्रेरक प्रयास है। मुख्य सचिव के साथ कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत, जिलाधिकारी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, सीडीओ डॉ जीएस खाती, एडीएम केएन गोस्वामी, एसडीएम अनुराग आर्य, नितेश डांगर सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य सचिव ने बाद में लोहाघाट में बस टर्मिनल की जानकारी ली। बाद में वे कोली ढेक झील गए जहां उन्होंने आध्यात्मिक जोन में विकसित करने का जायजा लिया। मत्स्य विभाग को यहां महाशीर मछलीयों का आशियाना बनाने के साथ यहां महिला समूहों के स्टालों का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा, सचिन जोशी ने मुख्य सचिव को पारम्परिक टोपी पहना कर उनका स्वागत किया। नगर पालिका अध्यक्ष वर्मा ने मुख्य सचिव को नगर भूमि को फ्रीहोल्ड करने, नगर के लिए सरयू नदी से जल्द पेयजल सुविधा देने आदि तमाम समस्याएं रखीं।

# जनपद चंपावत ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रीमियर लीग में चमक बिखेरी



- प्रदेश में हासिल किया गौरवपूर्ण द्वितीय स्थान, राज्यपाल ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** विश्व आपदा प्रबंधन सम्मेलन एवं 20वें उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सम्मेलन के अंतर्गत आयोजित प्रथम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रीमियर लीग में जनपद चंपावत के मेधावी छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में चंपावत टीम ने 6 राउंड की कड़ी प्रतिस्पर्धा में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। जिला विज्ञान समन्वयक नवीन चंद्र पंत के नेतृत्व में टीम ने उत्कृष्ट समन्वय और ज्ञान का प्रदर्शन किया। टीम में शामिल रहे सचिन शर्मा राजकीय इंटर कॉलेज भींगराड़ा, निकिता जोशी राजकीय इंटर कॉलेज भींगराड़ा, युवराज पांडे होली विजडम, मानेश्वर, गार्गी पांडे होली विजडम, मानेश्वर। समापन समारोह में उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने टीम को सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों को अनुशासन अपनाने, नशे से दूर रहने और अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहने की प्रेरणा दी।

मुख्य शिक्षा अधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक जंगपांगी, डीईओ बेसिक मानसिंह, जिला विज्ञान प्रकोष्ठ के संरक्षक उम्मेद सिंह बिष्ट, ललित मोहन बोहरा, जिला समन्वयक नरेश जोशी, ब्लॉक समन्वयक भुवन चंद्र जोशी, डॉ. जीवन सोराड़ी, नवीन चंद्र पांडे, नवीन सिंह बिष्ट, एवं प्रधानाचार्य संजय पंत और पंकज पंत ने टीम को बधाई दी।

# युवा संसद में पीजी कॉलेज के युवा सांसदों ने दमदार तरीके से संसद की कार्यवाही में भाग लेकर कांलेज को पहुंचाया प्रथम पंक्ति पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** स्वामी विवेकानंद राजकीय पीजी कॉलेज में आयोजित युवा संसद प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने जिस जोश और परिपक्वता से संसदीय कार्यवाही का संचालन किया, उसने सबका मन मोह लिया। कई महीनों की मेहनत रंग लाई और कॉलेज की युवा संसद ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर नया कीर्तिमान बनाया। अब सभी चयनित युवा सांसद राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। निर्णायक मंडल में डॉ. रुचि जोशी, डॉ. अर्चना त्रिपाठी, डॉ. रवि सनवाल, डॉ. उमा कांडपाल, डॉ. दिनेश राम एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के दिनेश पंत शामिल रहे, जिन्होंने प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए।प्रधानमंत्री की भूमिका निभा रहे अंकित चौबे ने प्रथम स्थान हासिल कर सबका ध्यान खींचा। वहीं कैबिनेट मंत्री प्रियांशु, अंकित और सांसद पूजा सामंत ने संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया। तीसरे स्थान पर रक्षा मंत्री नितिन चौबे रहे।

संसद की कार्यवाही के दौरान छात्र नेताओं की वाक्पटुता और आत्मविश्वास देखते ही बनता था। प्रश्नकाल में विपक्ष ने कई मुद्दों पर सरकार को घेरा, जबकि सत्ता पक्ष ने धारदार जवाब देकर सदन की गरिमा बनाए रखी।

महंगाई, जनसांख्यिकी परिवर्तन, प्रदेश की शांति व्यवस्था और विधायकों की पेंशन जैसे मुद्दों पर जमकर चर्चा हुई। सांसद पूजा सामंत द्वारा संसद का समय बर्बाद करने वाले सांसदों की सदस्यता समाप्त करने और विधायकों की पेंशन खत्म करने की मांग पर सदन में व्यापक सहमति देखने को मिली। उत्तराखंड के लोकगीत, कॉमेडी, ष्मातृभूमि मेरीष प्रस्तुति, राज्य आंदोलकारियों, शहीदों, गुरु तेग बहादुर और डॉ. भीमराव अंबेडकर को भावपूर्ण श्रद्धांजलि ने वातावरण को भावुक बना दिया। युवा संसद के सफल आयोजन पर जहाँ सभी ने प्रतिभागियों एवं मंत्रियों के प्रयासों की सराहना की, वहीं नोडल अधिकारी डॉ. प्रकाश चंद्र लखेड़ा को उनके उत्कृष्ट संचालन एवं संयोजन के लिए विशेष बधाई दी गई।

# राष्ट्रीय वॉलीबाल चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** 49वीं जूनियर बालक-बालिका राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप 16-21 दिसम्बर तक पिलानी झुंझुनू, राजस्थान में आयोजित होनी है। चैंपियनशिप में उत्तराखंड की जूनियर बालक- बालिका टीम प्रतिभाग करेंगी। चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने के लिए उत्तराखंड के जूनियर बालक-बालिका खिलाड़ियों का चयन, ट्रायल मंगलवार को मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुरू हुआ। इसमें प्रदेश के 190 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

ट्रायल का शुभारंभ जिला क्रिकेट एसोसिएशन ऊधम सिंह नगर के अध्यक्ष अजय तिवारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उत्तरांचल वॉलीबॉल एसोसिएशन की महासचिव सपना राणा ने बताया कि मंगलवार को हुए बालक वर्ग के ट्रायल में प्रदेश के 190 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

इसमें से 20 खिलाड़ियों का चयन एक सप्ताह के प्रशिक्षण शिविर के लिए किया जाएगा।

# हवा-हवाई काम पर हाई कोर्ट सख्त

## पेयजल लाइनों के ठेकेदारों को भुगतान नहीं करने के आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार के द्वारा जारी जल जीवन मिशन के अंतर्गत टिहरी जिले के प्रताप नगर तहसील के 23 गांवों में हर घर में जल एवं नल में जल की योजना में हुई भारी गड़बड़ियों और गबन के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश जी नरेन्द्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने गड़बड़ी करने वाले पेयजल लाइनों के ठेकेदारों को भुगतान नहीं करने के आदेश को जारी रखते हुए राज्य सरकार व पेयजल निगम से दो सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है। कोर्ट ने अगली सुनवाई हेतु सप्ताह बाद की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार प्रतापनगर तहसील के भेलुंटा गांव के पूर्व प्रधान दिनेश चंद्र जोशी की ओर से दायर जनहित याचिका दायर कर कहा गया कि प्रतापनगर तहसील में हर घर जल-हर घर नल योजना के तहत गांवों में पेयजल लाइन बिछाने का काम किया गया है जो कार्य संबन्धित ठेकेदारों के द्वारा हवा हवाई में पूर्ण कर दिया। कहा कि जो नल ढाई फिट जमीन के अंदर गड़ने चाहिए थे उन्हें ठेकेदार ने जमीन के ऊपर पेड़ों व जमीन पर गाड़ दिए गए जबकि जब इनका टेंडर हुआ था उसमें शर्ते यह थी कि जो भी पाइप लाइन बिछाई जएगी वह जमीन के अंदर ढाई फिट के अंदर होंगी लेकिन पेयजल निगम व ठेकेदार तथा कार्यदायी संस्था के द्वारा इनका अनुपालन न करते हुए संबन्धित ठेकेदारो को लाभ पहुचाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया।



जिसकी वजह से उनके ग्रामो में आपदा के दौरान नियमित पानी की सप्लाई नही हो पा रही है। इसलिए इस प्रकरण की जांच कराई जाए। इसमें शामिल कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाए। जनहित याचिका में कहा गया है कि मानकों के अनुसार काम नहीं किया गया है। कुछ गांवों में पेयजल लाइनें खुले में डाल दी गयी हैं जबकि कुछ गांवों में पाइप लाइनें अपेक्षाकृत कम गहरी हैं। अधिशासी अभियंता ने भी भेलुंटा, देवल व खेतगांव और खोलगढ़ आदि गांवों में पेयजल लाइनों में गड़बड़ी की बात स्वीकार की है। दूसरी ओर सरकार की ओर से गड़बड़ी की बात स्वीकार करते हुए कहा गया कि जिन गांवों में मानक के अनुरूप काम नहीं पाया गया है वहां का भुगतान रोक दिया गया है।

### अवैध खड़िया खनन पर आज भी होगी सुनवाई

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने बागेश्वर जिले के कांडा तहसील सहित जिले के कई अन्य गांवों में अवैध खड़िया खनन से आई दरारों के मामले में स्वत: संज्ञान लेकर पंजीकृत की गई व कई जनहित याचिकाओं व खनन इकाइयों के मामले पर एक साथ सुनवाई मंगलवार को भी की। बता दें मंगलवार को मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्यय की खण्डपीठ ने सुनवाई बुधवार आज भी जारी रखी है। कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा है कि उनके द्वारा जो तीन रिपोर्ट सर्वोच्च न्यायालय में पेश की गई थी उनकी प्रति और आयकर विभाग व जीएसटी विभाग ने खनन कारोबारी नवीन परिहार के स्टोन क्रशर की जो जांच की गई थी उसकी रिपोर्ट बधवार आज कोर्ट में पेश करें।

# धोखाधड़ी के आपराधिक मामले को हाई कोर्ट ने किया रद्द

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में एक व्यक्ति के खिलाफ देहरादून की निचली अदालत में चल रहे धोखाधड़ी के पूरे आपराधिक मामले को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि यह मामला कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग का एक उत्कृष्ट उदाहरण है जहां राज्य प्राधिकारी अपने ही बयानों से पलट रहे हैं। न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकल पीठ ने अपने फैसले में एक आपराधिक मुकदमे में जारी चार्जशीट व सममन आदेश को रद्द कर दिया। याचिकाकर्ता रणजीत सिंह के वकील ने तर्क दिया था कि आई पीसी की धारा 420 के तहत अपराध के लिए लेन-देन की शुरुआत से ही धोखाधड़ी या बेईमानी का इरादा होना आवश्यक है। कोर्ट ने इस तर्क को स्वीकार करते हुए पाया कि जब संपत्ति को किराए पर देने का पहला लेन देन हुआ था तब रणजीत सिंह की आयु मात्र दो वर्ष थी। कोर्ट ने कहा कि इतनी कम उम्र में आवेदक किसी भी इरादे का गठन नहीं कर सकता था और इसलिए उसे धोखाधड़ी का दोषी नहीं ठहराया जा सकता है। कोर्ट ने आवेदक को डोलि इनकापैक्स के सिद्धांत से संरक्षित माना। हाईकोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि विवादित संपत्ति को लेकर पक्षों के बीच लंबे समय से सिविल मुकदमे चल रहे हैं। इन सभी सिविल कार्यवाहियों में राज्य और एसएसपी देहरादून ने स्वयं यह स्वीकार किया था कि आवेदक के पूर्वज संपत्ति के मालिक थे और राज्य केवल एक किरायेदार था। याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि जब सभी अदालतों ने आवेदक के पक्ष में फैसला सुनाया और राज्य को बेदखल करने का आदेश दिया गयाए तो राज्य ने दुर्भावनापूर्ण इरादे से झूठी एफआई आर दर्ज करा दी। राज्य की ओर से कहा गया था कि आवेदक की माँ संपत्ति की मालिक नहीं थीं और यह संपत्ति एक मुस्लिम परिवार की थी जो विदेश जा चुका है इसलिए यह एस्चीट के माध्यम से सरकार के पास आ गई है। कोर्ट ने इस विरोधाभास को देखते हुए इसे कानून की प्रक्रिया का घोर दुरुपयोग माना। कोर्ट ने कहा कि पुलिस ऐसे मामले में अपने ही मामले में न्यायाधीश की तरह काम कर रही है। हाईकोर्ट ने आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 482 के तहत प्राप्त अपनी असाधारण शक्तियों का प्रयोग किया ताकि कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग रोका जा सके।

### एलटी शिक्षकों और प्रवक्ताओं की पदोन्नति पर सुनवाई कल

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट में प्रदेश के एलटी शिक्षकों और प्रवक्ताओं की पदोन्नति के मामले पर दायर कई याचिकाओं पर मंगलवार को एक साथ सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट की खंडपीठ ने अगली सुनवाई हेतु 4 दिसंबर की तिथि नियत की है। बता दें मंगलवार को सरकार की तरफ से कहा गया कि उनके द्वारा शिक्षकों वरिष्ठता सूची जारी कर दी है। वहीं मामले में अन्य याचिकाकर्ताओं की तरफ से दायर याचिकाओं में कहा है कि उनको पहले वरिष्ठता दी जाए क्योंकि उनका चयन 2005 में सीधी भर्ती से हुआ वही कई अन्य याचिकाकर्ताओं की तरफ से कहा गया कि उनको पहले वरिष्ठता पर रखा जाए क्योंकि वे प्रमोशन से आये हुए हैं।

### हाईकोर्ट बार एसोसिएशन का चुनाव 15 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन नैनीताल के चुनाव की तिथि घोषित कर दी गई है। बार एसोसियशन के विभिन्न पदों के लिये 15 दिसंबर सोमवार को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कुर्बान अली द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार चुनाव प्रक्रिया 3 दिसंबर को बकाया राशि के भुगतान की अंतिम तिथि के साथ शुरू होगी। अनंतिम मतदाता सूची 4 दिसंबर को प्रकाशित की जाएगी जिस पर आपत्तियां 5 दिसंबर को शाम 4 बजे तक दर्ज कराई जा सकती हैं जिसके बाद 6 दिसंबर को अंतिम मतदाता सूची जारी होगी। नामांकन पत्र क्रय करने की तिथि 8 दिसंबर सुबह 10 बजे से शाम को 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। नामांकन 9 दिसंबर को 10 बजे से शाम 3 बजे तक जमा होंगे। नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी 10 दिसंबर को शाम 4 बजे तक की जा सकेगी। इसके बादए उम्मीदवारों के नाम की पदवार प्रकाशन सूची 11 दिसंबर को जारी की जाएगी। बता दें अध्यक्ष और सचिव पद के उमीदवारों की आम सभा 12 दिसंबर को हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के कॉन्फ्रेंस हॉल में अपराह्व 1 बजे से होगी। मतदान 15 दिसंबर को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद शाम 5 बजे से वोटों की गिनती शुरू होगी और उसके बाद देर रात परिणामों की घोषणा की जाएगी। चुनाव समिति की बैठक के निर्णय के अनुसार सभी पदों के लिए नामांकन फार्म का मूल्य 1200 रुपया निर्धारित किया गया है। नामांकन शुल्क विभिन्न पदों के लिए अलग-अलग होगा जिसमें अध्यक्ष पद के लिए 50 हजार, महासचिव पद के लिए 40 हजार और वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए 35 हजार है। कनिष्ठ उपाध्यक्ष (सामान्य) और कनिष्ठ उपाध्यक्ष (महिला) दोनों के लिए शुल्क 20 हजार निर्धारित किया गया है। संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष तथा पुस्तकालयाध्यक्ष और वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के लिए शुल्क 10 हजार से 12 हजार रुपए तक है।

## एक नजर...

### बारातियों और घरातियों में हुई मारपीट

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में शादी में विदाई के दौरान किसी बात को लेकर बारातियों और घारातियों के बीच मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान बीच बचाव करने के दौरान एक पुलिस कर्मी भी चोटिल हुआ है। पुलिस ने मारपीट करने वाले 3 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार सोमवार की देर शाम एक शादी में विदाई के समय डीएसए मैदान में किसी बात को लेकर बारातियों और घरातियों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो दोनो पक्षों के युवकों में मारपीट हो गई। मारपीट के बाद लड़की पक्ष कार्रवाई की मांग लेकर सीधे कोतवाली पहुंच गया जबकि दूसरे पक्ष के युवक भागकर तल्लीताल पहुंच गए। सूचना के बाद तल्लीताल पुलिस की ओर से युवकों को पकड़कर मल्लीताल कोतवाली ले जाया गया। युवकों के मल्लीताल पहुंचते ही दोनो पक्षों के बीच फिर से मारपीट हो गई। बीच बचाव करने में एक पुलिस कर्मी भी चोटिल हुआ। जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा लिखने की बात कही तो दोनो पक्ष शांत हो गए। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि मामले में दोनो पक्षों के तीन लोगों तल्लीताल निवासी सूरज, दिल्ली सोनिया विहार निवासी नवीन व दीपक कुमार के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है।

### मारपीट के दौरान एक बुजुर्ग व महिला घायल

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल स्थित धामपुर बैंड में दो पक्षों में मारपीट के दौरान दोनों पक्ष के एक बुजुर्ग व महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों पक्षों ने कोतवाली पहुंच एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा। पुलिस ने दोनों के खिलाफ पुलिस एक्ट में चालानी कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार मल्लीताल धामपुर बैंड निवासी महिला का आरोप है कि सोमवार रात वह बच्चों के साथ घर पर काम कर रही थी। इस दौरान पड़ोस में ही रहने वाले बुजुर्ग ने शराब के नशे में हंगामा कर दिया। वह विरोध करने पहुंची तो बुजुर्ग ने उस पर किसी नुकीली वस्तु से वार कर उसे चोटिल कर दिया। बीच बचाव करने पहुंचे उसके बच्चों से भी मारपीट की गई वहीं बुजुर्ग का कहना है कि महिला व उसके परिजनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आई है। उन्होंने महिला पर मोबाइल चोरी करने का भी आरोप लगाया है। मंगलवार को दोनों पक्ष मेडिकल परीक्षण के बाद कार्रवाई की मांग को लेकर कोतवाली पहुंचे। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि मारपीट व हंगामा करने पर धामपुर बैंड निवासी पूरन पाठक व रेवा देवी के खिलाफ पुलिस एक्ट में चालानी कार्रवाई की गई है।

### बोतलें देकर आवारा कुत्तों के कल्याण में दें योगदान

**नैनीताल।** नैनीताल में जीरो वेस्ट नैनीताल नैनिटेल्स और स्क्रैपडोर के सहयोग से 12 से 14 दिसंबर तक एक अनोखा अभियान शुरू किया जा रहा है। इसके माध्यम से लोगों को अपने घरों में जमा प्लास्टिक की बोतलों को दान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इन बोतलों को रीसायकल करके प्राप्त धनराशि का उपयोग शहर के आवारा कुत्तों के भोजन, चिकित्सा व देखभाल और बचाव कार्यों में किया जाएगा। इसके लिए कोई भी व्यक्ति 12 से लेकर 14 दिसंबर को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक तल्लीताल के भवन कैै, अयारपाटा में शेरवुड गेट के सामने बिस्टी की दुकान के पास तथा मल्लीताल में राम सेवक समिति सभा भवन के पास नाथ साह एंड संस तथा माल रोड स्थित एकसेल्सियर रेस्टोरेंट में बोतलें जमा करा सकते हैं।आयोज. कों का कहना है कि बोतलों को पुनर्चक्रित करना पर्यावरण और समाज दोनों के लिए फायदेमंद है। इससे कचरा कम होता है तथा प्राप्त धनराशि से आवारा कुत्तों के कल्याण के लिए आवश्यक संसाधन जुटाए जा सकते हैं। कोई भी व्यक्ति पानी या कोल्ड ड्रिंक की प्लास्टिक बोतलें निर्धारित समय तथा स्थान पर दान कर सकता है।

### मेधावी छात्र कुशाग्र ने दिए परीक्षाओं के टिप्स

**नैनीताल।** नैनीताल नगर के पूर्व मेधावी छात्र व वर्तमान में आईआईटी गुवाहाटी में इंजीनियरिंग द्वितीय वर्ष के छात्र कुशाग्र जोशी द्वारा अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कॉलेज नैनीताल में मंगलवार को कैरियर काउंसलिंग प्रोग्राम का आयोजन किया। इस दौरान जोशी ने मुख्य रूप से जेई मैंस तथा जेई एडवांस्ड और जोशा राउंड और चॉइस फिलिंग के बारे में छात्राओं को जानकारी दी गई उसके पश्चात कुशाग्र द्वारा कोडिंग के संबंध में विस्तृत रूप से बात की तथा छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दिया गया। अपने बीच को कुशाग्र को पाकर छात्राएं बहुत ही उत्साहित थी। विद्यालय की प्रधानाचार्य जयश्री एवं शिक्षिकाओं द्वारा कुशाग्र को पुन: विद्यालय आने का आग्रह किया गया। बता दें इससे पूर्व जोशी ने बिशप इंटर कालेज, बिरला विद्या मंदिर, बालक स्कूल मल्लीताल, कन्या स्कूल मल्लीताल में भी कैरियर काउंसिल प्रोग्राम आयोजित किया।

### नैनीताल में सुहावने मौसम से निखरी रंगत

**नैनीताल।** सरोवर नगरी में मंगलवार को दिनभर मौसम सुहावना बना रहा। मंगलवार को सुबह व शाम की ठंड को अगर छोड़ दें तो पूरे दिन धूप खिली रही। दिन के समय गर्माहट की वजह से कई मर्तबा धूप में बैठना भी मुश्किल हो गया। बता दें नैनीताल नगर का मौसम इन दिनों दिन में सुहावना बना हैलेकिन शाम होते ही काफी मात्रा में पाला गिरना शुरू हो गया जिसकी वजह से ठंड में इजाफा हो गया। सुहावने मौसम से स्थानीय लोगों के साथ ही देश के विभिन्न शहरों से नैनीताल मौज मस्ती करने को पहुंच रहे पर्यटकों को भी काफी राहत मिल रही है। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार नगर में दिन का अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस रहा।

# डीएसबी परिसर में खुलेगा टेलीकॉम कंप्यूटर सेंटर

## वाणिज्य विभाग में आयोजित किया गया कार्यक्रम, प्राध्यापकों के साथ ही बड़ी संख्या में शामिल हुए छात्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि नैनीताल के डीएसबी परिसर स्थित वाणिज्य विभाग में मंगलवार को आयोजित फ्यूचर फॉरवर्ड गाइडेंस फ्रॉम इंडस्ट्री एंड फाइनेंस एकसपर्ट विषयक व्याख्यान में छात्रों के लिए बड़े अवसरों का रास्ता खुल गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एलारा कैपिटल लंदन के सीईओ एवं डीएसबी परिसर नैनीताल के पूर्व छात्र राज भट्ट ने परिसर में टेलीकॉम कंप्यूटर सेंटर स्थापित करने की घोषणा की जो छात्रों को प्रोफेशनल ट्रेनिंग और सर्टिफिकेशन मुहैया कराएगा।




इससे पूर्व वाणिज्य विभाग के संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी ने उनका स्वागत किया। इस दौरान प्रो. अतुल जोशी ने जानकारी दी कि राज भट्ट की ओर से वाणिज्य विभाग के टॉपर छात्रों को 50 हजार जबकि इतिहास विभाग के टॉपर को 30 हजार रुपये की छात्रवृत्ति दी जा रही है। परिसर के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संजय पंत ने कहा कि युवाओं को जॉब सीकर नहीं बल्कि जॉब क्रिएटर बनना चाहिए। कुविवि की वित्त नियंत्रक कमलेश भंडारी ने समाज कल्याण योजनाओं और वित्त क्षेत्र में मुहैया अवसरों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि कॉमर्स के छात्रों के लिए ट्रेजरी तथा फाइनेंस और प्लानिंग में बड़ी संभावनाएं हैं तथा टॉप 100 छात्रों को सरकार की ओर से 50 हजार से 1 लाख रुपये तक की छात्रवृत्ति मिलती है। मुख्य अतिथि राज भट्ट ने बताया कि उन्होंने वर्ष 1983 में डीएसबी परिसर से कॉमर्स की पढ़ाई की थी। ट्यूशन और पार्ट टाइम जॉब करते हुए उन्होंने सीए की तैयारी की और ऑल इंडिया रैंक के साथ परीक्षा पास की। वर्ष 1992 से उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्य किया और आज उनकी कंपनियों में 300 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं। उन्होंने उत्तराखंड के लगभग सभी जिलों में प्रोजेक्ट चलाने की जानकारी देते हुए कहा कि वे हर साल 500 से अधिक युवाओं को रोजगार मुहैया करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे उन मेधावी छात्रों को निशुल्क शिक्षा दे रहे हैं जिनके पास संसाधनों की कमी है। इसके साथ ही उन्होंने प्रियंका नयाल (सीए तैयारी) और दृष्टिबाधित शैलेंद्र यादव (एआई शोध) जैसी छात्रों की मेहनत की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान टेलीकॉम कंप्यूटर सेंटर की घोषणा करते हुए राज भट्ट ने बताया कि बेंगलुरु की टेलीकॉम कंपनी छात्रों को प्रशिक्षण व सर्टिफिकेट देगी। बोले कि जो छात्र फीस देने में सक्षम नहीं होंगे उनकी फीस वह स्वयं जमा करेंगे। कार्यक्रम में विजिटिंग प्रोफेसर निद. ेशालय के निदेशक प्रो. ललित तिवारी समेत डा. आरती पंत, डा. विजय कुमार, डा. जीवन उपाध्याय, डा. हिमानी जलाल, डा. विनोद जोशी, डा. तेजप्रकाश चंद्रा, डा. पूजा जोशी पालीवाल, डा. रितिशा शर्मा, डा. मीराज, डा. ताबिश, अमनप्रीत कौर, दीक्षा पंत, पंकज भट्ट, हिमांशु बिष्ट, घनश्याम, बिशन तथा बिशन सिंह मेहता रहे।

# चारा उत्पादन पर पंत विवि में कार्यशाला

## किसानों तक वैज्ञानिक पद्धतियों को पहुंचाने की आवश्यकता: प्रो. चौहान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय सभागार में 29 नवंबर से 4 दिसंबर तक आयोजित चारा उत्पादन और साइलेज निर्माण पर मास्टर ट्रेनर्स के लिए कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर नर्सरी प्रबंधन विषय पर स्टैंड-अलोन प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चल रहा है, जो 2 से 6 दिसंबर तक आयोजित होगा। ये कार्यक्रम उत्तराखंड ग्राम्य विकास समिति (आरईएपी-आईएफएडी) और राज्य सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के सहयोग से आयोजित किए जा रहे हैं।

कार्यशाला का उद्घाटन कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान, निदेशक शोध डा. एसके वर्मा, कार्यवाहक



अधिष्ठाता डा. रोहिताश्व सिंह, और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में हुआ। कुलपति डा. चौहान ने अपने संबोधन में लैब टू लैंड के महत्व पर बल दिया और किसानों तक वैज्ञानिक पद्धतियों को प्रभावी रूप से पहुँचाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने चारा उत्पादन, नर्सरी प्रबंधन और पशुधन उत्पादकता में आरईएपी-आईएफएडी और यूजीवीएस की पहल की सराहना की। डा. चौहान ने कहा कि पशु उत्पादकता पोषण, देखभाल और स्वास्थ्य पर निर्भर करती है, और अच्छे चारे के लिए संतुलित फाइबर और खनिज सामग्री की आवश्यकता है। उन्होंने पहाड़ी क्षेत्रों से पलायन रोकने के लिए बेहतर चारा उत्पादन और पशुधन आधारित आय को महत्वपूर्ण बताया। निद. ेशक शोध डा. एसके वर्मा ने चारा संकट के समाधान के लिए वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने की जरूरत पर जोर दिया, जबकि कार्यवाहक अधिष्ठाता डा. रोि. हताश्व सिंह ने प्रतिभागियों को प्रायोगिक सत्रों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। आरईएपी-आईएफएडी के विपन मडवाल ने जमीनी प्रयासों और प्रक्षेत्र सफलताओं को साझा किया। कार्यक्रम के अंत में डा. एएस नैन ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और प्रतिभागियों को इन तकनीकों को अपने क्षेत्रों में लागू करने के लिए प्रेरित किया।

# फड़ कारोबारियों पर पालिका सख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** पालिका प्रशासन की ओर से बार-बार आग्रह करने के बाद भी नियमों का उल्लंघन करने पर नगर के फड़ कारोबारियों को लेकर नगर पालिका प्रशासन अब सख्ती के मूड में नजर आता दिख रहा है। बता दें मंगलवार को नगर पालिका की टीम जब फड़ कारोबा. रियों की जांच के लिए पहुंची तो इस दौरान कुछ फड़ कारोबारियों से फड़ लगाने को लेकर पालिका कर्मचारियों की कहा सुनी भी हो गई। पालिका की टीम द्वारा प्राथमिकता के आधार पर 211 फड़ कारोबारियों को आगे बैठाया गया है और बुधवार (आज) को शेष स्थान पर अन्य कारोबारियों को भी बैठाया जाएगा। पालिका की ओर से सभी कारोबारियों को शीघ्र ही आइकार्ड



मुहैया करने की तैयारी भी की जा रही है। बीते कुछ दिनों से कुछ कारोबारियों की ओर से मनमाने तरीके से व निर्धारित समय से पहले फड़ लगाए जा रहे थे। इसी क्रम में मंगलवार को पालिका की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की और प्राथमिकता के आधार पर 121 फड़ कारोबारियों को बैठाया गया तथा अन्य कारोबारियों को भी बुधवार (आज) को शेष स्थान पर बैठाया जाएगा। टीम के पहुंचते ही कुछ व्यवसायियों और पालिका कर्मियों के बीच कहासुनी की स्थिति भी देखने को मिली और तनातनी का माहौल बना रहा। मामले में नगरपा. लिका के ईओ रोहिताश शर्मा ने बताया कि बीते दिनों फड़ कारोबा. रियों की ओर से की जा रही मनमानी करने तथा समय से पहले ही फड़ लगाने की शिकायतें देखने को मिल रही थी, जिसको देखते हुए पालिका की टीम द्वारा कार्यवाही की गई है। बोले कि मंगलवार को 121 कारोबा. रियों को बैठाया गया है तथा सामंजस्य बैठकर शेष लोगों को भी बैठाया जाएगा।

# स्काउट गाइड समागम का रंगारंग आग़ाज़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शांतिपुरी।** सार्वजनिक खेल मैदान शांतिपुरी में हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड उत्तराखंड द्वारा कुमाऊं मंडल स्तरीय तीन दिवसीय स्काउट-गाइड समागम 2025 का रंगारंग आगाज़ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक मोहन बिष्ट ने ध्वजारोहण और एडीएम पंकज कुमार उपाध्याय ने फीता काटकर किया। प्रादेशिक संगठन आयुक्त हिमांशु सक्सेना के अनुसार रामनगर, पंतनगर, रुद्रपुर, काशीपुर, हल्द्वानी, किच्छा, खटीमा, गदरपुर, बाजपुर, चंपावत सहित अनेक क्षेत्रों के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। शिविर में गांठें-बंधन, टेंट पिचिंग, आपदा प्रबंधन, आपातकालीन बचाव, साहसिक गतिविधियां व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शिविर प्रभारी वैभव गौड़, अंकुर श्रीवास्तव, वैभव सक्सेना तथा गाइड कैप्टन मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत भंगा/शहदौरा विकास खण्ड रूद्रपुर।**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महोदय पाम पंचायत मद से स्वीकृत निम्न निर्माण कार्य कराया जाना है जिस हेतु निविदाएँ विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 05/12/2025 की अपराहन 2 बजे तक स्वीकृत की जायेगी जो की उसी दिन अपराहन 2 बजे निविदा समिति द्वारा निविदादाताओं अथवा उनके मनोनीत प्रतिनिधियों की उपस्थिति / अनुपस्थिति में खोली जाएगी। निविदा की बिक्री दिनांक 04/12/2025 को पूर्वान्ह 11 बजे तक जायेगी। यदि कोई आपूर्तिकर्ता निविदा प्रपत्र डाक से मंगाना चाहता है तो वह निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं डाक व्यय समय से भेजकर प्राप्त कर सकता है विलम्ब से डाक प्राप्त होने पर विभाग जिम्मेदार नहीं होगा। निविदा के व्यय 100 का स्टाम्प पेपर व एक रूपए के रसीदी टिकट के साथ ठेकेदार का हस्ताक्षरयुक्त पत्र संलग्न होना चाहिए निविदा क्रय करने से पूर्व निविदा मूल्य की 2 प्रतिशत धरोहर राशि एन.एस.सी./डाकघर बचत बैंक पासबुक, राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर. के रूप में अधोहस्ताक्षरी के पद नाम से बन्धक करते हुए जमा करना अनिवार्य होगा।

1. ग्राम पंचायत शहदौरा के जनाजे की नमाज की जगह टीन शेड निर्माण कार्य अनुलागत - 10 लाख / कार्य पूर्ण - 1 माह / निविदा की वैधता 1 माह।
2. ग्राम पंचायत शहदौरा के मो गोक्ष धाम में बाउन्ड्री निर्माण कार्य व सौन्दर्यीकरण, अनुमानित लागत 10 लाख / कार्य पूर्ण 3 माह / निविदा की वैधता 1 माह।
3. ग्राम पंचायत भंगा के भमरौन पर लोहे की बाउंड्री व सौंदर्यीकरण निर्माण कार्य, अनुमानित लागत 10 लाख/ कार्य पूर्ण 3 माह / निविदा की वैधता 1 माह।

**ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत भंगा/शहदौरा विकासखण्ड रूद्रपुर।**

UTTARAKHAND

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,**
**निर्माण खण्ड, लो0 नि0 वि0, लोहाघाट**
E-Mail : eepwdlohaghat@rediffmail.com

पत्रांक :- 1853/1ए0सी0 दिनांक :- 01/12/2025

**निविदा सूचना (ई - टेंण्डरिंग)**

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 लोहाघाट द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु समान कार्य का अनुभव रखने वाली फर्मो से परामर्शदात्री सेवायें, गुणवत्ता व लागत आधारित चयन (QCBS) के आधार प्रतिस्पर्धात्मक निविदाये आमंत्रित की जाती हैं। RFP/TOR से सम्बन्धित सभी सूचनाएँ http://www.uktenders.gov.in पर दिनांक 05-12-2025 को सांय 05:00 बजे से उपलब्ध होंगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि रू0 (लाख में) | निविदा का मूल्य (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | 7 |
| 1 | मा0 मुख्यमंत्री घोषणा सं0-293/2022 के अन्तर्गत जनपद चम्पावत के विधानसभा क्षेत्र लोहाघाट में घाट नेत्र सलान पंचेश्वर में पड़ने वाले सेतुओं का निर्माण (प्रथम चरण) (RFQ एवं TOR के अनुसार) हेतु डी0पी0आर0 गठन का कार्य (IRC:SP: 54-2000-project preparation manual for bridge) के अनुसार समस्त कार्य। | 0.54 | 2000.00 + 18% GST | 06 माह | 60 दिन | केन्द्र/ राज्य सरकार / पी0एस0यू0 में पंजीकृत तथा सेतु डिजायन कार्यो की कन्सलटैन्सी कार्यो में वॉछित अनुभव। |

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,
लोहाघाट।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### खेलो इंडिया पहल से किशोरों को जीवन का उद्देश्य मिला: टॉड

**जयपुर।** भारतीय टेनिस सर्किट में एक जाना-पहचाना नाम बन चुके ऑस्ट्रेलियाई कोच टॉड क्लार्क ने खेलो इंडिया पहल सराहना करते हुए कहा कि इससे किशोरों को जीवन का उद्देश्य मिलता है। 2008 में भारत आने के बाद से क्लार्क ने यहां रहकर देश की संस्कृति को करीब से अपनाया है। वर्तमान में वे ओडिशा स्थित कलिगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी (केआईआईटी) में टेनिस निदेशक के रूप में काम कर रहे हैं और खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान 2025 में अपने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। क्लार्क का कहना है कि खेलो इंडिया गेम्स ने देशभर में किशोरों को सही दिशा और उद्देश्य दिया है। क्लार्क साई मीडिया से कहा कि उबाऊ किशोरावस्था से ज्यादा परेशान करने वाली कोई चीज नहीं होती। इन खेलों ने देशभर में युवाओं को खेल अपनाने, उसमें आगे बढ़ने और करियर बनाने का मौका दिया है।खेल चरित्र भी विकसित करते हैं।ष 30 से अधिक वर्षों से कोचिंग कर रहे क्लार्क ने भारत सरकार की फिट इंडिया के प्रति प्रतिबद्धता की भी सराहना करते हुए कहा, ष्वर्तमान केंद्र सरकार फिट इंडिया के विचार को लेकर काफी गंभीर है।ये खेल युवाओं में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाएंगे और खेल ढांचे को भी मजबूती मिलेगी। जयपुर में अब तक जो सुविधाएं देखी हैं, वे प्रभावशाली हैं।ष भारत आने के बाद क्लार्क पंजाब, गुजरात और हरियाणा में कोचिंग कर चुके हैं।

### बाराकास सेंट्रल को 2-0 से हराकर जिम्नासिया क्लॉसुरा सेमीफाइनल में

**ब्यूनस आयर्स।** मैनुअल पानारो और फ्रैंको टोरेस ने दोनों हाफ में किए गए गोलों की बदौलत जिम्नासिया ने बाराकास सेंट्रल को 2-0 से हराकर अर्जेंटीना के प्राइमेरा डिवीजन क्लॉसुरा टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। पनारो ने सोमवार को क्वार्टरफाइनल मुक. ाबले के 22वें मिनट में जेरेमियास मेर्लो के दाएं फ्रलैंक से क्रॉस पर पास से गोल करके मेहमान टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद मेर्लो की जगह दूसरे हॉफ में आए टोरेस ने 93वें मिनट में गोलकीपर मार्सेलो मिनो के पास से एक तेज टर्नओवर का फायदा उठाकर खाली नेट में गेंद डालकर बढ़त को दोगुना कर दी। अब सेमीफाइनल में जिमनेशिया का मुकाबला एस्टुडिएंट्स से होगा। क्लब डी जिम्नासिया वाई एस्ग्रीमा ला प्लाटा के मैनेजर फर्नांडो जानिराट्टो ने मैच के बाद कहा कि हमने एक मुश्किल टेस्ट पार कर लिया। हमारा एक और भी बड़ा मैच आने वाला है और हम अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे। दिन के दूसरे क्वार्टरफाइनल में, रेसिंग ने टाइग्रे को पेनल्टी में 4-2 से हराकर बोका जूनियर्स के साथ सेमीफाइनल जगह बनाई।

# सीरीज में अजेय बढ़त के लिए उतरेगा भारत

## दक्षिण अफ्रीका के लिए तीन मैचों की सीरीज में बराबरी पर आने का अवसर होगा



**रायपुर।** पहले एकदिवसीय में जबरदस्त प्रदर्शन के बाद भारत बुधवार को शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में द. अफ्रीका के खिलाफ दूसरे मैच में जीत दर्ज कर सीरीज में अजेय बढ़ाने उतरेगा।

वहीं पिछले मैच में संघर्षपूर्ण प्रदर्शन करनी वाली दक्षिण अफ्रीका के लिए तीन मैचों की सीरीज में बराबरी का अवसर होगा। पहले मैच में विराट कोहली के 135 रन सिर्फ एक आंकड़े से कहीं अधिक थे। यह पारी को गति देने, हालात को समझने और साझेदारी संभालने का एक मास्टरक्लास था। रोहित शर्मा का लगातार योगदान और केएल राहुल की जरूरत पड़ने पर तेजी से रन बनाने की काबिलियत भारत की बल्लेबाजी लाइनअप की गहराई और अनुभव को दिखाती है। यशस्वी जायसवाल और रुतुराज गायकवाड़ जैसे युवा प्रतिभाशाली शीर्षक्रम और मध्यम क्रम में जोश भरते हैं। यह एक ऐसा फॉर्मूला है जिसे भारत दो. हराना चाहेगा। वहीं गेंदबाजी की बात करें, तो कुलदीप यादव और हर्षित राणा ने कंसिस्टेंसी और स्मार्ट वैरिएशन की अहमियत दिखाई। अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा शुरुआती मूवमेंट का फायदा उठाने के लिए जरूरी तेज गेंदबाजी आक्रमण देते हैं, जबकि लाइट्स में पिच धीमी होने पर स्पिनर्स भी मैच जिता सकते हैं। दक्षिण अफ्रीका की बात करे तो उसने रांची के हाई- स्कोरिंग कंडीशंस में मजबूती दिखाई। क्विंटन डी कॉक शीर्षक्रम में खतरा बने हुए हैं, जिनमें पारी की रफ्तार तय करने में काबिल हैं। मैथ्यू ब्रीट्जके, मार्को यानसन और कॉर्बिन बॉश ने दिखाया कि निचले क्रम में साझेदारी कर मैच का पासा पलट सकती हैं, जिससे दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट की गहराई और अप्रत्याशित पर दबाव पड़ता है। नंद्रे बर्गर और ओटनील बार्टमैन की अगुवाई में गेंदबाजी आक्रमण विविधता और भेदने की क्षमता देता है, जिससे पता चलता है कि पहले मैच में पिछड़ने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका चुपचाप नहीं खेलेगा। पिच की अगर बात की जाए तो शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम की पिच तो यह तेज गेंदबाज शुरुआती मूवमेंट हासिल कर सकते हैं, बल्लेबाजों को अपनी पारी पर ध्यान से आगे बढ़ाना होगा, और जैसे-जैसे दिन आगे बढ़ेगा, स्पिनर्स खेल में आएंगे। भारत की संभावित टीम: रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, कोहली, रुतुराज गायकवाड़, वाशिंगटन सुंदर, केएल राहुल (कप्तान, रवींद्र जडेजा, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा। द. अफ्रीका टीम: टेम्बा बावुमा (कप्तान), डी कॉक (विकेट कीपर), एडन मारक्रम, मैथ्यू ब्रीट्जके, टोनी डी जॉर्जी, डेवाल्ड ब्रेविस, मार्को जेनसेन, कॉर्बिन बॉश, प्रेनेलन सुब्रायन, केशव महाराज, नंद्रे बर्गर और ओटनील बार्टमैन।

# असम के खिलाफ आया सरफराज खान का तूफान

**मुंबई के लिए सैयद मुश्ताक अली ट्राफी में खेलते हुएबल्लेबाज ने शानदार शतक जड़ा**

**लखनऊ।** युवा बल्लेबाज सरफराज खान ने मंगलवार को असम के खिलाफ धमाकेदार प्रदर्शन किया। मुंबई के लिए सैयद मुश्ताक अली ट्राफी में खेलते हुए 28 वर्षीय बल्लेबाज ने शानदार शतक जड़ा और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

हालांकि, इस मुकाबले में भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव कुछ खास नहीं कर सके जबकि अजिंक्य रहाणे ने 33 गेंदों में 42 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। दाएं हाथ के बल्लेबाज सरफराज ने टी-20 प्रारूप में अपना पहला शतक असम के खिलाफ जड़ा। 47 गेंदों में आठ चौके और सात छक्के की मदद से 100 रन बनाकर वह नाबाद रहे। इस दौरान उन्होंने 212.76 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। उनकी इस पारी की बदौलत मुंबई ने आसाम के सामने 221 रनों का लक्ष्य रखा था। जवाब में रियान पराग की अगुआई वाली टीम 122 रन ही बना सकी और आलआउट हो गई। इस तरह मुंबई ने यह मुक. ाबला 98 रन से जीत लिया। भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव पिछले कुछ समय से खराब फार्म से जूझ रहे हैं। इससे पहले आस्ट्रेलिया दौरे पर खेले पांच मुकाबलों में उन्होंने 39', 1, 24 और 20 रन बनाए थे। प्रशंसकों को उम्मीद है 9 दिसम्बर से द. अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो जा रही पांच मैचों की टी-20 सीरीज से पहले कप्तान सूर्यकुमार लय हासिल कर लेंगे।

# वेस्टइंडीज का कहर न्यूजीलैंड 231/9

**क्राइस्टचर्च (न्यूजीलैंड)।** केन विलियमसन (52) और माइकल ब्रेसवेल (47) की जूझारू पारियों की बदौलत न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट मैच के पहले दिन मंगलवार को दिन का खेल समाप्त होने के समय नौ विकेट पर 321 रन बना लिए है।

वेस्टइंडीज के गेंदबाजी आक्रमण के आगे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज दिन भर जूझते नजर आए। आज यहां वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज डेवन कॉन्वे (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए केन विलियमसन ने कप्तान टॉम लेथम के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 93 रनों की साझेदारी हुई। 30वें ओवर में जस्टिन ग्रीव्स ने टॉम लेथम 85 गें. दों में 24 रन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद न्यूजीलैंड ने महज 25 रन जोड़कर अपने दो और विकेट गंवा दिए। रचिन रविंद्र (तीन) और विल यंग 14 रन बनाकर आउट हुए। 49वें ओवर में जेडेन सील्स ने टॉम ब्लंडल 29 को आउटकर न्यूजीलैंड को छठा झटका दिया। केन विलियमस ने न्यूजीलैंड के 102 गेंदों में छह चौकों की मदद से 52 रनों की पारी खेली। ओजय शील्ड्स ने 73 गेंदों में छह चौकों की मदद से 47 रन बनाए। नेथन स्मिथ (23) और मैट हेनरी (आठ) रन बनाकर आउट हुए। खराब रोशनी के कारण न्यूजीलैंड ने 70 ओवरों मे नौ विकेट पर 231 रन बना लिए है।

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज

# हार्दिक पांड्या की वापसी तय, गिल पर संशय



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के अनुभवी आलरआउंडर हार्दिक पांड्या दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज से वापसी कर सकते हैं, लेकिन टी-20 टीम के उपकप्तान शुभमन गिल पर संशय बरकरार है। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को भारतीय चयनकर्ता टीम के चयन के लिए बैठक करेंगे।


इसी दिन भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा वनडे मैच खेला जाना है। अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति जब रायपुर में टीम चयन के लिए बैठक करेगी, तो एजेंडा में शीर्ष पर गिल रहेंगे। अगर गिल टीम में जगह नहीं बना पाते हैं, तो अभिषेक शर्मा के साथ यशस्वी जायसवाल और संजू सैमसन ओपनिंग का विकल्प होंगे। सैमसन आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज में पांच में से दो ही मैच खेले थे, जबकि उन्हें एक ही बार बल्लेबाजी का मौका मिला था। सैमसन तीसरे स्थान पर बल्लेबाजी के लिए उतरे थे। यशस्वी उस वक्त टीम का हिस्सा नहीं थे। गिल को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता टेस्ट के दौरान पहली पारी में बल्लेबाजी करते वक्त चोट लगी थी। वह रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान से बाहर चले गए थे और फिर मैच में हिस्सा नहीं ले पाए थे। गिल दूसरे टेस्ट में खेलने के लिए फिट नहीं हुए और वनडे सीरीज से भी उन्हें बाहर रखा गया। गिल सोमवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्धबीसीसीआईऋ के सेंटर आफ एक्सीलेंस पहुंचे जहां वह रिहैब शुरू करेंगे। चयनकर्ता रियान पराग को भी 15 सदस्यीय टीम में जगह दे सकते हैं। पराग ने भारत के लिए आखिरी बार बांग्लादेश के खिलाफ 2024 में टी-20 मैच खेला था। वह फिलहाल सैयद मुश्ताक अली ट्राफी में असम टीम की कमान संभाल रहे हैं। वहीं, चयनकर्ता और टीम प्रबंधन हार्दिक की वापसी से संतुष्ट है। हार्दिक ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बड़ौदा के लिए खेलते हुए पंजाब के खिलाफ नाबाद 77 रन बनाए। यह उनका पिछले दो महीने से अधिक समय में पहला प्रतिस्पर्धी मैच था। हार्दिक आस्ट्रेलिया दौरे पर टीम का हिस्सा नहीं थे। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी-20 सीरीज की शुरुआत नौ दिसम्बर को कटक में होने वाले पहले मैच से होगी। इसके बाद दोनों टीमें 11 दिसम्बर को न्यू चंडीगढ़, 14 दिसम्बर को धर्मशाला, 17 दिसम्बर को लखनऊ और 19 दिसम्बर को अहमदाबाद में सीरीज के शेष मुकाबले खेलेंगी। सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली भारतीय टीम फिलहाल टी-20 रैंकिंग में शीर्ष पर है, जबकि दक्षिण अफ्रीका पांचवें स्थान पर है।

# पाक के लिए मोईन अली ने भी छोड़ा आईपीएल

## चार दिन पहले फाफ डु प्लेसिस ने पीसीएल में खेलने का किया था फैसला

**कराची।** फाफ डू प्लेसिस के बाद अब इंग्लैंड के पूर्व आलराउंडर मोईन अली ने भी आईपीएल 2026 से हटकर पीसीएल 2026 में खेलने का फैसला किया है। चार दिनों में ऐसा कदम उठाने वाले वे दूसरे विदेशी खिलाड़ी बन गए हैं। 29 नवम्बर को आरसीबी के पूर्व कप्तान फाफ डू प्लेसिस ने आईपीएल से नाम वापस लेकर पाकिस्तान सुपर लीग खेलने की घोषणा की थी।

इसी बीच आईपीएल का मिनी आक्शन 16 दिसम्बर को अबू धाबी में होना है। हर टीम में वर्ल्ड क्लास खिलाड़ी- मोईन मोईन अली ने सोशल मीडिया पर बताया कि वे पीसीएल के नए दौर का हिस्सा बनने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने लिखा कि यह लीग दुनिया की टाप टी-20 लीगों में से एक है और हर टीम में वर्ल्ड क्लास खिलाड़ी खेलते हैं। उनके मुताबिक पाकिस्तान में खेलना हमेशा अच्छा अनुभव देता है। वहां क्रिकेट का स्तर ऊंचा है और दर्शकों का उत्साह खिलाड़ियों को पूरा दम लगाने पर मजबूर करता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह सफर भी यादगार रहेगा।



आईपीएल 2025 के मेगा आक्शन में कोलक. ाता नाइट राइडर्स ने मोईन को 2 करोड़ की बेस प्राइस पर खरीदा था। आईपीएल 2026 से पहले ज्ञ्ज्ञत ने 9 खिलाड़ियों को रिलीज किया, जिनमें मोईन भी शामिल थे। 2025 सीजन में उनका प्रदर्शन साधारण रहा। उन्होंने 6 मैचों में सिर्फ 5 रन बनाए और 6 विकेट हासिल किए। 2018 से आईपीएल का हिस्सा मोईन अली 2018 से आईपीएल खेलते रहे हैं और आरस. ीबी, सीएसके तथा केकेआर जैसी टीमों का हिस्सा रहे। अब तक वे 73 आईपीएल मैच खेल चुके हैं, जिनमें 1167 रन बनाए और 41 विकेट लिए हैं। वेसीएसक के साथ 2021 और 2023 में दो बार आईपीएल चैंपियन भी बने। फाफ डु प्लेसिस ने भी आईपीएल छोड़ने की घोषणा की थी मोईन अली से पहले साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने 29 नवम्बर को घोषणा की थी कि वे आईपीएल 2026 के आक्शन में अपना नाम नहीं डालेंगे। फाफ ने 14 सीजन में 154 मैच खेले हैं और 4,773 रन बनाए (औसत 35.10, स्ट्राइक रेट 135.79)। वे सीएसके, राइजिंग पुणे सुपरजायंट, आरसीबी और दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेले हैं। 2025 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए उनका प्रदर्शन चोट की वजह से प्रभावित रहा, जिसमें वे 9 मैचों में 202 रन ही बना पाए। सोशल मीडिया पर उन्होंने लिखा-14 सीजन के बाद इस बार आक्शन में नाम नहीं डाल रहा। भारत हमेशा मेरे दिल में खास जगह रखेगा, यह अलविदा नहीं है।

# ऑस्ट्रेलियाई ओपनर ख्वाजा चोटिल, गाबा टेस्ट से हुए बाहर

**गाबा।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज पीठ की चोट के कारण गुरुवार को शुरु होने वाले दूसरे एशेज टेस्ट से बाहर हो गए है। ख्वाजा की जगह अभी किसी अन्य बल्लेबाज का चयन नहीं किया गया है।

ऐसा माना जा रहा है कि जॉश इंग्लिस और ब्यू वेबस्टर की ऑस्ट्रेलियाई एकादश में वापसी हो सकी है। ख्वाजा ने मंगलवार को थोड़ी देर अभ्यास किया और इस दौरान उन्हें तकलीफ हो रही थी। वह अभी पूरी तरह से ठीक नहीं हुए हैं। यह देखना बाकी है कि उनकी जगह कौन ओपनिग करेगा। मार्नस लाब. ुशेन ने पर्थ टेस्ट की पहली पारी में ओपनिग की थी, जबकि ट्रैविस हेड ने दूसरी पारी की शुरुआत की थी। पर्थ में चौथी पारी में शानदार



प्रदर्शन के बाद, हेड ने संकेत दिया है कि उन्हें ओपनिंग करने में खुशी होगी। इंग्लिस ने पिछले हफ्रते इंग्लैंड लायंस के खिलाफ शानदार शतक लगाया था ऐसे में अगर उनका चयन होता है, तो वह भी एक विकल्प हो सकते हैं। इंग्लिस को लाने से ऑस्ट्रेलिया को हेड को मिडिल-ऑर्डर में बनाए रखने में मदद मिलेगी। अगर वे इसके बजाय वेबस्टर के साथ जाते हैं, तो हेड के ऑर्डर में ऊपर जाने की संभावना है। वेबस्टर ने पिछले साल भारत के खिलाफ घरेलू सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के लिए पदार्पण किया था। इस बीच, इंग्लैंड ने अपनी एकादश में एक बदलाव किया है और चोटिल मार्क वुड की जगह स्पिन-गें. दबाज ऑलराउंडर विल जैक्स को टीम में शामिल किया है। जैक्स, जिन्होंने दूसरे टेस्ट से पहले अभ्यास सत्र के दौरान लेंथ में गें. दबाजी की थी, उन्हें फ्रंटलाइन स्पिनर शोएब बशीर से आगे रखा गया है। इंग्लैंड एकादश: जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), विल जैक्स, गस एटकिसन, ब्रायडन कार्स और जोफ्रा आर्चर।

# आईपीएल की नीलामी में शामिल नहीं होंगे मैक्सवेल

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल और इंग्लैंड के बल्लेबाज मोईन अली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की नीलामी में भाग नहीं लेंगे।

ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मैक्सवेल ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिये जानकारी साझा की है कि वह आईपीएल 2026 की नीलामी में हिस्सा नहीं लेंगे। हालांकि उन्होंने नीलामी से बाहर होने का कारण नहीं बताया है। मैक्सवेल ने कहा कि आईपीएल में कई अविस्मरणीय सीजन के बाद इस साल नीलामी में मैंने अपना नाम नहीं डालने का फैसला किया है। यह मेरे लिए एक बड़ा निर्णय है और इस लीग ने मुझे जो कुछ भी दिया, उसके लिए मैं बहुत आभार के साथ यह फैसला ले रहा हूं।उन्होंने कहा कि आईपीएल ने मुझे एक क्रिकेटर और इंसान के रूप में गढ़ने में मेरी मदद की है। मैं बेहद सौभाग्यशाली रहा हूं कि मुझे विश्वस्तरीय खिलाड़ियों के साथ



खेलने और बड़ी फ्रेंचाइजियों का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। इसके साथ ही उन प्रशंसकों के सामने प्रदर्शन करने का मौका मिला है जिनका जुनून अद्वितीय है। भारत की चुनौती, यादें और ऊर्जा हमेशा मेरे साथ रहेंगी। इन वर्षों में आपके समर्थन के लिए धन्यवाद। उम्मीद है जल्द आपसे मुलाकात होगी। आईपीएल 2026 की नीलामी से पहले पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने मैक्सवेल को रिलीज कर दिया था। आईपीएल में मैक्सवेल कुल चार टीमों के लिए खेल चुके हैं। इन टीमों में पंजाब किंग्स, दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स), मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु शामिल हैं। आईपीएल 2024 के बाद आरसीबी ने मैक्सवेल को रिलीज कर दिया था, जिसके बाद बड़ी नीलामी में पीबीकेएस ने उन्हें खरीदा था। मैक्सवेल ने आईपीए में कुल 141 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 135 पारियों में 23-88 की औसत और 155 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 2819 रन बनाए हैं। इस दौरान मैक्सवेल ने 18 अर्धशतक भी लगाए हैं। वहीं गेंद के साथ मैक्सवेल ने 8.29 की इकॉनमी से 41 विकेट झटके हैं।

### देवदत्त पड़िक्कल का शतक कर्नाटक ने तमिलनाडु को से हराया

**अहदाबाद।** देवदत्त पड़िक्कल (नाबाद 102) की शतकीय पारी के बाद गें. दबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत कर्नाटक ने मंगलवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मुकाबले में तमिलनाडु को 145 रनों से करारी शिकस्त दी। 246 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी तमिलनाडु, कर्नाटक के गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने में विफल रही और पूरी टीम 14.2 ओवर में 100 रन के स्कोर पर सिमट गई। तमिलनाडु के लिए तुषार रहेजा ने सर्वाधिक 29 रनों की पारी खेली। नारायण जगदीशन (21), आर राजकुमार (16) और अमित सात्विक 15 रन बनाकर आउट हुए। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। प्रवीण दुबे और श्रएस गोपाल ने तीन-तीन विकेट लिए। विजयकुमार वैशक व शुभांग हेगड़े को दो-दो विकेट मिले।


**कार्यालय सहायक अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग पिथौरागढ़।**

दूरभाष/फैक्स नं- 05964-225115 E-mail :- pdpwdpth@rediffmail.com

पत्रांक:- 252/05ए0सी0 दिनांक:- 02.12.2025

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से सहायक अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 पिथौरागढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्यों की सील्ड निविदा दिनांक 22.12.2025 को आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक 05.12.2025 से दिनांक 20.12.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा दिनांक 22.12.2025 को अपरान्ह 1:00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते हैं।

1. अधिशासी अभियन्ता, प्रा0ख0, लो0नि0वि0 पिथौरागढ़, 2. अधीक्षण अभियन्ता तृतीय वृत्त, लो0नि0वि0 पिथौरागढ़, 3. अधिशासी अभियन्ता, अ0ख0, लोए0नि0वि0 बेरीनाग।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रु. में) | निविदा की लागत | निविदा की वैधता (दिवस) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | फर्म/ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | जिला योजना पूल्ड आवास वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत टकाना स्थित ट्राजिट हॉस्टिल आवासों की मरम्मत का कार्य। | 28000.00 | 1000.00 + 18%GST | 60 दिन | 03 माह | विभाग उपक्रम में 'भवन' निर्माण कार्यों हेतु श्रेणी डी एवं उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत |
| 2. | जिला योजना पूल्ड आवास वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत जज आवासों में मरम्मत का कार्य। | 15000.00 | 500.00 + 18%GST | 60 दिन | 03 माह | तदैव |

निविदा 22.12.2025 को पूर्वाह्न 3:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में खोली जायेंगी। अन्य शर्तें निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेगी।

किसी भी निविदा को स्वीकृत /अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

# रामपुर रायघाटी में खनन विभाग की छापेमारी

## पुलिस व टीम ने अवैध खनन कर रहे सात ट्रैक्टर-ट्राली किए गए जब्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** राजस्व को हानि पहुंचाने वाले के विरुद्ध मुख्यमंत्री ने कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशो के अनुपालन में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने सभी उपजिलाधिकारीयो एवं तहसीलदारों व खनन विभाग को अपने अपने क्षेत्रों में कड़ी निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।

**❖अवैध खनन के विरुद्ध जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने खनन विभाग एवं सभी उपजिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को अपने-अपने क्षेत्रों में कड़ी निगरानी रखने के दिए हैं निर्देश**



खनन विभाग ने लगातार मिल रही शिकायतों के बाद रामपुर रायघटी क्षेत्र में आज फेरूपुर चौकी को साथ लेकर अचानक छापामार कार्यवाही की जिससे खनन करने वालों में अफरा तफरी मच गयी मौके पर अवेध खनन करने वाले ट्रैक्टर ट्राली लेकर भागने लगे लेकिन टीम ने पुलिस को साथ लेकर घेर लिया और अवैध खनन से भरी सात ट्रैक्टर ट्राली पकड ली गयी जिन्हें जब्त करते हुए फेरूपुर चौकी में जाकर खडा कर दिया। वहीं जिला खनन अधिकारी मौ. काजिम खान ने अवगत कराया है कि आज तहसील लक्सर के ग्राम रामपुर रायघटी क्षेत्रान्तर्गत अवैध खनन किये जाने की दूरभाष पर प्राप्त मौखिक शिकायत के क्रम में उनके नेतृत्व में एवं, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, हरिद्वार के द्वारा विभागीय दल के साथ उक्त क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया गया। औचक निरीक्षण के दौरान मौके पर अवैध खनन करते हुए 07 ट्रेक्टर ट्राली पकड़ी गयी, जिन्हें ग्रामीणों की मदद से पुलिस चौकी भिक्कमपुर के सुपुर्द किया गया है।

# तहसील दिवस में एसडीएम ने सुनी जनसमस्याएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** लक्सर में आज तहसील दिवस का आयोजन हुआ। एसडीएम ने सुनी आम जनता की जन समस्याएं 41 शिकायतों में 12 शिकायततो का मौके पर निस्तारण बाकी शिकायत को निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निसतारण के लिए भेज दी गई है।

जानकारी के अनुसार लक्सर में आज तहसील दिवस का आयोजन हुआ। लक्सर उप जिला अधिकारी सौरभ अस्वाल ने बताया की आज तहसील दिवस में कुल 41 शिकायत आई है जिनमें से 12 शिकायतों का मौके पर ही निसतारण कर दिया है। बाकी बच्ची शिकायत संबंधित अधिकारियों को टाइम बाउंड के अंदर निसतारण के लिए भेज दी गई है। उन्होंने कहा सबसे ज्यादा शिकायत पैमाइश की आई है उन्होंने यह भी कहा की जिस विभाग से संबंधित कर्मचारी नहीं आये हैं उनका स्पष्टिकरण मंगा जाएगा और उन्होंने कहा जिस भी विभाग की शिकायत हो उसको मौके पर जाकर निसतारण कर देना चाहीये जिससे शिकायत कर्ता दोबरा शिकायत कर्ता ना आये।



# विधायक बोले-बिजली कटौती रोकें, वरना काट देंगे अधिकारी आवासों की बिजली

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** देहात क्षेत्र में बिजली कटौती के विरोध में झबरेड़ा विधायक क्षेत्रवासियों के साथ अधीक्षण अभियंता से मिले। उन्होंने 3 दिन के अंदर व्यवस्था सुधारने की चेतावनी दी और व्यवस्था न सुधरने पर स्वयं बिजली अधिकारियों के आवासों की बिजली काटने की बात कही। वही अधीक्षण अभियंता ने आश्वासन दिया कि वह अधीनस्थों के साथ बैठक कर मामले में सुधार करेंगे।

रुड़की वोट क्लब स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय पहुंचे झबरेडा विधायक वीरेंद्र जाती ने कहा कि करीब पिछले एक माह से देहात क्षेत्र में सुबह साढ़े पांच से साढ़े नौ और शाम को चार बजे से सात बजे तक बिजली कटौती की जा रही है। उन्होंने कहा कि जहां सुबह लोगों को नहाने धोने का काम होता है और अपने काम धंधे पर जाते हैं लेकिन बिजली कटौती के कारण उनका रूटीन लगातार बिगड़ रहा है। उन्होंने अधीक्षण अभियंता अमित कुमार को कहा कि अगर तीन दिन में सुधार नहीं हुआ तो वह खुद खंभे पर चढ़कर बिजली अधिकारियों के सरकारी आवास की बिजली काटेंगे। उन्होंने कहा कि इससे अधिकारी कम से कम आम आदमी का दर्द समझ पाएंगे। इसके साथ ही विधायक ने कहा कि जब स्मार्ट मीटर पर सीएम ने रोक लगाने की घोषणा की थी तो अब बिजली विभाग द्वारा शिविर लगाकर लोगों को स्मार्ट मीटर के लिए जागरूक कर रहे हैं। विधायक ने कहा कि वह स्मार्ट मीटर को किसी कीमत पर लगने नहीं देंगे। वहीं अधीक्षण अभियंता ने इस मामले में अधीनस्थों के साथ बैठक कर व्यवस्था सुधारने का आश्वासन दिया। स्मार्ट मीटर पर अधीक्षण अभियंता ने कहा कि रोक केवल तीन चार दिनों के लिए लगी थी अब शिविर लगाकर लोगों को उसके प्रति जागरूक कर रहे हैं और लोगों की सहमति से मीटर लगाए जाएंगे। इस अवसर पर गिरवर चौधरी, अंकुर,मोनू धीमा,मोनू चौधरी,अमित सैनी,दीपक सैनी, सागर सैनी,राजू प्रधान आदि मौजूद रहे।

### विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में बीएसएम इंटर कॉलेज के

# एनएसएस छात्रों ने शहर में निकाली जागरूकता रैली

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** बी0एस0एम0 इण्टर कॉलेज रुड़की मे एनएसएन के छात्रों ने विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष में एक जागरूकता रैली निकाली। कॉलेज के प्रबंधक परम आदरणीय श्री ममतेश कुमार शर्मा एडवोकेट वरिष्ठ भाजपा नेता और बी0 एस0 एम0 शिक्षण संस्थान के सचिव परम आदरणीय श्री रजनीश कुमार शर्मा एडवोकेट वरिष्ठ भाजपा नेता ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली को रवाना करने से पूर्व प्रबंधक महोदय और सचिव महोदय ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व एड्स दिवस पर जिस प्रकार एन0 एस0 एस0 के छात्रों ने जागरूकता रैली निकाली जिसमें उन लोगों ने लोगों को एड्स के संक्रमण से दूर रहने के लिए जागरूक किया और बताया किस-किस प्रकार से एड्स फैलता है उन्होंने लोगों को जागरूक किया की एड्स को रोकथाम से ही रोका जा सकता है। इसकी कोई एंटीडोट नहीं बनी है इसका इलाज सुरक्षा ही बचाव है। एड्स एक जानलेवा बीमारी है जिसे केवल लोगों को जागरूक करके ही रोका जा सकता है और बच्चों को संकल्प लेना चाहिए कि वह लोगों को एड्स के प्रति जागरूक करेंगे और किस-किस प्रकार से एड्स फैलता है। वह लोगों को बताएंगे प्रबंधक महोदय और सचिव महोदय ने छात्रों को अपना शुभ आशीष दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक ने अपने संबोधन में कहा कि हमें एड्स प्रभावित व्यक्ति से किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करना चाहिए बल्कि उसके साथ आम आदमी की तरह व्यवहार करना चाहिए क्योंकि एड्स साथ में उठने बैठने या खाना खाने से नहीं फैलता अपितु एड्स असुरक्षित यौन संबंध एड्स प्रभावित मां से उसके होने वाले बच्चे और एड्स प्रभावित व्यक्ति कि संक्रमित सुई से दूसरों व्यक्तियों को होता है एड्स एक जानलेवा बीमारी है सुरक्षा ही बचाव है। प्रधानाचार्य ने छात्रों को अपना आशीर्वाद दिया और उनको आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। रैली विद्यालय से शुरू होकर शेखपुरी, नेहरू नगर, गणेशपुर गंग नहर किनारे होते हुए विद्यालय में संपन्न हुई। रैली के दौरान छात्रों ने लोगों को एड्स के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी जितेश कुमार विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अमित कपिल, डॉ अभय ढौंडियाल, विकास गौतम, शैलेंद्र पंत, कमल मिश्रा, प्रमोद शर्मा, नीरज वर्मा, विशाल शर्मा, छात्र अजय, सुधांशु, वंश, सूरज, अबूजर आदि उपस्थित रहे।




# खेल महोत्सव प्रतियोगिता में अलीशा, लकी, वर्णिका ने मारी बाजी

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेड़ा।** झबरेड़ा पीएम श्री, अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कन्या कॉलेज के प्रांगण में झबरेड़ा विधानसभा सांसद खेल प्रतियोगिता संपन्न हुई इस प्रतियोगिता में एथलेटिक्स (100 मीटर एवं 400 मी), कुर्सी रेस, पीट्टू खेल, चम्मच रेस रेस, कबड्डी एवं वॉलीबॉल खेलों में उपस्थित प्रतिभागियों ने जमकर भाग लिया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि राजपाल सिंह (पूर्व प्रत्याशी भाजपा),सुबोध सैनी,(भाजपा मंडल अध्यक्ष,)कुलदीप सैनी(मंडल उपाध्यक्ष भाजपा) ने मिलकर किया। उन्होंने इस अवसर पर प्रतिभागियों को प्रतिभाग करने पर ढेर सारी शुभकामनाएं दी। उद्घाटन समारोह के दौरान सचिन त्यागी, अरुण चौधरी एवं सुधीर गुप्ता ने उपस्थित होकर मंच साझा किया। प्रतियोगिता की शुरुआत 400 मीटर रेस के साथ हुई 400 मी बालिका वर्ग में अलीशा(पीएम श्री, अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कन्या कॉलेज) ने प्रथम स्थान, लक्ष्मी (एस एस डी पब्लिक गर्ल्स कॉलेज रुड़की) ने दूसरा स्थान एवं तीसरा स्थान रूपाली (जबरी जट) ने प्राप्त किया 400 मीटर बालक वर्ग में लकी (चौधरी भरत सिंह इंटर कॉलेज झबरेड़ा) ने प्रथम स्थान, अभय (हिमगिरी भारत लोधी वाला) ने दूसरा स्थान एवं तीसरा स्थान मुसेर (सनराइज अकादमी) ने तीसरा प्राप्त किया। 100 मी बालिका वर्ग में वर्णिका परमार (एंबीशन पब्लिक स्कूल) ने प्रथम स्थान, दूसरा स्थान वंशु (हीरा खेड़ी) ने प्राप्त किया, तीसरा स्थान आस्था (थीथकी) ने प्राप्त किया। कबड्डी बालिका वर्ग में (पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज लाठर देवा हूण नारसन) ने प्रथम स्थान, हीरा खेड़ी ने दूसरा स्थान एवं तीसरा स्थान एंबीशन पब्लिक स्कूल ने प्राप्त किया। कबड्डी बालक वर्ग में कबड्डी बालक वर्ग में डेलना ने प्रथम स्थान, दूसरा स्थान झबरेड़ा एवं तीसरा स्थान बसवा खेती ने प्राप्त किया इस खेल प्रतियोगिता में (ब्लॉक खेल समन्वयक नारसन हरिद्वार) पवन राना, अरुण खरे, राजीव चौधरी, मनीष काकरान, पुलकित लोहान, अनुराग राठी, विवेक राठी, सोनिया सैनी, पूनम रानी, अलका रानी, सुषमा परमार , सुमन लता सैनी, हेमलता बिष्ट विपुल कुमार, परमिंदर मलिक, कुल दीप मलिक, कुशलजीत ,सौरभ कुमार एवं आलोक द्विवेदी आदि ने उपस्थित होकर अपना सहयोग दिया। प्रतियोगिता के अंत में मुख्य अतिथि (पूर्व प्रत्याशी भाजपा) राजपाल सिंह एवं (पीएम श्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर बालिका कॉलेज) प्रधानाचार्य पूनम शर्मा ने सभी प्रतिभागियों एवं सहभागियों का आभार प्रकट किया।

# झबरेड़ा नपं ने अतिक्रमण हटाने को लेकर व्यापारियों व जिम्मेदारों के साथ बैठक कर बनाई रणनीति

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेड़ा।** नगर पंचायत झबरेडा कार्यालय प्रांगण में कस्बे के दुकानदारों व कस्बे के गणमान्य लोगों की बैठक आयोजित करते हुए कस्बे के मुख्य बाजार व कस्बे से होकर निकलने वाले मुख्य मार्ग अमर जवान चौक से इकबालपुर मार्ग तथा गुरुकुल मार्ग पर बढ़ते अतिक्रमण से निजात पाने के लिए सब की सहमति से सीमा तय की गई। नगर पंचायत द्वारा निशान लगाने पर उससे आगे दुकानदार द्वारा फल ठेली रेहडी तथा सब्जी की फड लगाने पर भारी भरकम चालान नगर पंचायत व पुलिस द्वारा काटा जाएगा। नगर पंचायत झबरेड़ा अधिशासी अधिकारी हर्षवर्धन रावत ने कहा कि कस्बे के मुख्य बाजार व कस्बे से होकर निकलने वाले मुख्य मार्ग बस अड्डा व अमर जवान चौक से इकबालपुर मार्ग तथा गुरुकुल मार्ग पर फल ठेली वाले तथा सब्जी की फड लगाने वाले दुकानदारो के साथ-साथ अन्य दुकानदारो द्वारा अतिक्रमण को बढ़ावा दिया जा रहा है । जिससे कस्बे में आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है ।कस्बे के दुकानदारों तथा गण मान्य लोगों की सहमति से तय किया गया कि कस्बे के मुख्य बाजार व जाटोल मार्ग पर दोनों ओर बनी नाली से आगे सवा तीन फुट तथा कस्बे से होकर निकलने वाले मुख्य मार्ग गुरुकुल मार्ग व इकबालपुर व सहारनपुर मार्ग पर नाली से आगे साढे चार फीट पर नगर पंचायत द्वारा पैंट से लाल निशान लगाया जाएगा। जो भी दुकानदार नगर पंचायत द्वारा लगाए गए निशान से आगे सामान रखता है या फल ठेली व सब्जी की फड लगाता है उसका चालान काटा जाएगा। पहला चालान 2000 दूसरा चालान 3000 तथा तीसरा चालान 5000 का होगा तीन चालान एक ही दुकानदार का कटने पर उस दुकानदार का लाइसेंस नगर पंचायत द्वारा निरस्त कर दिया जाएगा। कस्बे में स्थित शिव चौक तथा अमर जवान चौक पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं लगने दिया जाएगा।



# निगम सभागार में जैव चिकित्सा अपशिष्ट कार्यशाला का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** नगर निगम स्थित सभागार में जैव चिकित्सा अपशिष्ट कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें वरिष्ठ समाज सेविका प्रज्ञा दीक्षित ने अपने द्वारा चलाए गई। सामाजिक संस्था प्रज्ञा फाउंडेशन के बारे में बताया कि सेनेटरी वेस्ट के पृथक रखने के लिए जागरूक अभियान चलाया और उसमें कामयाबी हासिल की। इस प्रकार के अभियान की रूड़की नगर से भी शुरुआत की जानी चाहिए,जिसमें डोर-टू-डोर जाकर नगर वासियों को जागरूक कराया जाये।जैव अपशिष्ट को लाल रंग के कूड़ेदान में डाले,यह एक स्वास्थ्य से संबंध में बेहतर मुहिम है और कूड़ा कूड़े वाली गाड़ी में डालें। सुखा कूड़ा-कागज, प्लास्टिक व गीला कूड़ा, हरी सब्जियों के छिलके, बचा हुआ खाना, पेड़-पौधों के पत्ते इत्यादी कूड़े के अलावा हानिकारक कूड़ा, टूटा हुआ कांच, बल्ब, दवाई की बोटल, रैपर केमिकल युक्त पदार्थ एवं सैनिटरी कूड़ा, नेपकिन, डायपर, पेड आदि के बारे में सभी लोगों को यह भी समझाया जाए कि चार प्रकार के कूड़े में क्या-क्या आता है। मिक्स कचरा रखने से क्या समस्या आती है। बीमारी फेलने का खतरा बढ़ जाता है। वहीं अगर कचरे को अलग-अलग रखा जाए तो किन समस्या का समाधान हो जाता है और हम बीमारी के खतरे से भी बचे रह सकते हैं। कार्यशाला में नगर निगम रुड़की के नगर आयुक्त राकेश चंद्र तिवारी,सहायक नगर आयुक्त अमरजीत कौर, शिवानी सलार,वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी विक्रांत सिरोही, ब्रांड एंबेसडर रीना अग्रवाल,मुख्य स्वच्छता निरीक्षक मनसा नेगी, रोटरी क्लब से समीक्षा जैन, स्वयं सहायता समूह की महिलायें, नगर निगम कार्यालय की समस्त महिला कर्मचारी मौजूद रहीं।

# सड़क हादसे में दो की मौत मामले में अज्ञात चालक पर केस

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** कलियर थाना क्षेत्र हद्दीपुर के पास ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से दो ग्रामीणों की हुई दर्दनाक मौत के मामले में पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पिरान कलियर थाना क्षेत्र के हद्दीपुर के पास खनन से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली से इब्राहिमपुर निवासी दो व्यक्तियों की मौत हो गई थी।घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया था। लोगों ने दोनों के शवों को सड़क पर रखकर विरोध प्रदर्शन किया और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई तथा मुआवजे की मांग की थी। प्रशासन की ओर से मुआवजे का आश्वासन दिए जाने पर धरना समाप्त कराया गया।वहीं मृतक के भाई रामेश्वर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि इब्राहिमपुर मसाही निवासी संजय उर्फ मटरू राठौर और चंद्रपाल बीते 29 नवंबर को बाइक से हद्दीपुर अड्डे की ओर जा रहे थे। जैसे ही दोनों हद्दीपुर इब्राहिमपुर मार्ग के बीच पहुंचे तो तभी खनन से भरी तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मृतक के भाई रामेश्वर राठौर ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

कलियर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात ट्रैक्टर-ट्राली चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# मलकपुर चुंगी में जलभराव की बड़ी समस्या पर मुख्य नाले की सफाई शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** मलकपुर चुंगी क्षेत्र में लंबे समय से चल रही जलभराव की गंभीर समस्या पर आखिरकार ठोस कार्रवाई शुरू हो गई है। स्थानीय व्यापारियों और आम नागरिकों की लगातार शिकायतों के बाद आज नगर निगम अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि क्षेत्र में जल निकासी के लिए जिम्मेदार मुख्य नाला काफी समय से अवरुद्ध पड़ा हुआ है, जिसके कारण बारिश व सामान्य दिनों में भी जलभराव की परेशानी बढ़ जाती थी। नाले की सफाई का कार्य तुरंत शुरू करवाया। ताकि व्यापारियों और क्षेत्रवासियों को वर्षों पुरानी इस परेशानी से जल्द निजात मिल सके।

### मदरसा मिसबाह उल उलूम रामपुर में हुआ सालाना जलसा

# अल्लाह के बताए रास्ते पर चलने से दुनिया व आखिरत आसान

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** मदरसा मिसबाह उल उलूम रामपुर में हुए सालाना जलसा एवं दस्तारबंदी कार्यक्रम में आलिमों द्वारा अल्लाह के हुक्म और नबी के तरीके पर जिंदगी गुजारने पर जोर दिया गया।मौलाना हुसैन अहमद ने कुरान और हदीस की रोशनी बयां करते हुए कहा कि अल्लाह और उसके प्यारे नबी के बताए गए रास्ते पर चलकर जिंदगी गुजारोगे तो दुनिया के साथ ही तुम्हारी आखिरत भी आसान हो जाएगी। मौलाना हुसैन अहमद ने आगे कहा कि आज मुसलमान दीन के रास्ते से भटक गया है,इसलिए तमाम परेशानियां उनका पीछा कर रही है।आज हमारे बच्चे बुजुर्गों की इज्जत नहीं करते और औरतें भी पर्दा हो गई है। उन्होंने सभी से दीन के रास्ते पर चलकर अपनी जिंदगी को बसर करने की बात कही और कहा कि तालीम के बिना इंसान का जीवन बेकार है। दीन और दुनिया की तालीम हासिल कर तरक्की की राह में आगे बढ़े। एक छोटा बच्चा बचपन से ही जब पढ़े लिखे माहौल में रहेगा तो बड़ा होकर भी वह अच्छा इंसान बनेगा। उन्होंने उलमाओं की सोहबत में रहने तथा उनसे सबक हासिल करने और उनकी इज्जत व एहतराम करने पर जोर दिया,साथ ही उन्होंने कहा कि निकाह को आसान कर दहेज प्रथा, फिजूल खर्ची,वीडियो ग्राफी, नशाखोरी, सूदखोरी आदि से दूर रहकर सुन्नत तरीके से निकाह करें। मुफ्ती अब्दुल शमी, मौलाना सलमान तथा मुफ्ती रियासत अली ने भी दीन और दुनियावी तालीम को हासिल करने पर जोर दिया।इस दौरान उन्होंने मदरसे के तीन बच्चों को कुरान हिफ्ज किए जाने पर दस्तार बंदी कर उन्हें बधाई दी।जलसे का आगाज नाते पाक से हुआ तथा जलसे के अंत में मुल्क और सुबे की की तरक्की व अमनों-सलामती के साथ कौम को तरक्की की राह में आगे बढ़ने की दुआ कराई।इस मौके पर मौलाना मुसर्रत अली,मोहम्मद शहजाद, कारी मोहम्मद मोहसिन, हाफिज मोहम्मद शाहिद,हाफिज मोहम्मद वसीम, मौलाना अब्दुल रहीम, मोहम्मद शाहिद,मौलाना फुरकान अहमद,डॉक्टर खुर्शीद, डॉक्टर अफजल,हाफिज मोहम्मद शमी आदि प्रमुख रूप से लोग मौजूद रहे।




**❖शादियों में दहेज, फिजूलखर्ची, वीडियोग्राफी व गैर जरूरी कामों से बचें, निकाह को आसान बनाएं : मौलाना हुसैन**

# हाईवे पर मिट्टी कार्य करने में बाधा डालने व पैसे मांगने पर एक के खिलाफ मुकदमा


शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** निर्माणाधीन हाइवे पर मिट्टी कार्य में बाधा डालने और पचास हजार रुपये हड़पने और पांच लाख रुपये की अतिरिक्त रंगदारी मांगने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति की तहरीर पर नामजद युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रहमतपुर निवासी इंतियाजुल ने कलियर थाने में तहरीर देकर बताया कि वह कृष्णा कॉन्स्टिलेशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की ओर से भारतमाला परियोजना के तहत निर्माणाधीन हाइवे पर मिट्टी भराई का कार्य कर रहा है। आरोप है कि इसी दौरान गांव का ही युवक वसीम कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहा है। पीड़ित के अनुसार वसीम ने पहले 50 हजार रुपये की रकम हड़प ली और लगातार ब्लैकमेल करते हुए अब 5 लाख रुपये की मांग कर रहा है। मांग पूरी न करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी जा रही है। पीड़ित ने पुलिस से आरोपित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।कलियर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर वसीम निवासी रहमतपुर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है।

# आंकड़ों में चेतावनी

पिछले छह महीनों के आईआईपी आंकड़े भी ग्रामीण उपभोग में कमजोरी की ओर इंगित करते हैं। लिहाजा, सावधानी भरे आशावाद का समुचित कारण है। लेकिन सितम्बर-तिमाही का उछाल बेहतर-वेतन वाले औपचारिक क्षेत्रों में केंद्रित लगता है, जबकि निम्न-आय वाले, निर्यात-संबंधी व श्रम-प्रधान खंड जूझ रहे हैं। सितम्बर और अक्टूबर के व्यापारिक आंकड़े पहले ही चेतावनी के संकेत दे रहे हैं, जिसे देखते हुए यह निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी हो सकती है कि आर्थिक वृद्धि की यह गति बरकरार रखी जा सकती है। यह बात अलग है कि चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के सितम्बर-तिमाही के जीडीपी आंकड़ों ने सभी अनुमानों को पीछे छोड़ दिया है। यह 8.2 फीसदी रहा, जो वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही के 7.8 फीसदी से भी ज्यादा है और एक साल पहले की समान अवधि से काफी ऊपर है। अक्टूबर माह के व्यापार के आंकड़ों में 41.68 बिलियन अमेरिकी डॉलर का ऐतिहासिक घाटा सामने आया था, जिसका आंशिक कारण सर्राफा आयात तिगुना हो जाना था , जो कि आर्थिक अनिश्चितता का एक संकेत है। इसके चंद दिनों बाद ही, जीडीपी के आंकड़े ने नीति- निर्माताओं को कम -से-कम कुछ समय के लिए आश्वस्त किया है। आर्थिक वृद्धि का नेतृत्व मैन्यूफैक्चरिंग (9.1 फीसदी) और सेवाओं (9.2 फीसदी) ने किया, जिसे निजी उपभोग में सुधार से सहारा मिला। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के 6.4 फीसदी की तुलना में, वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में निजी अंतिम उपभोग व्यय 7.9 फीसदी बढ़ा, जबकि सरकारी खर्च से भी थोड़ा समर्थन मिला। कुल मिलाकर, ये वैश्विक प्रतिकूलताओं के बावजूद घरेलू गतिविधि में व्यापक आधार वाली वृद्धि का इशारा करते हैं। इसके बावजूद, बाहरी झटके के पूरे असर आगामी तिमाहियों में दिख सकते हैं। अगस्त में भारत पर दो चरणों में अमेरिकी टैरिफ मध्य-तिमाही में लागू हुए। इन टैरिफों के लागू होने से पहले निर्यात आर्डरों के कुछ पेशगी- भुगतान (फ्रंट लोडिंग) से भी दूसरी तिमाही का आउटपुट बढ़ा हो सकता है। एक दूसरे सांख्यिकीय प्रभाव की भी भूमिका है। अक्टूबर में खुदरा मुद्रास्फीति गिरकर 0.25 फीसदी पर आ गई, जो वर्तमान सीपीआई सीरीज में सबसे कम है और इसने जीडीपी अपस्फीतिकारक (डिफ्लेटर) को एक फीसदी से नीचे लाने में योगदान दिया। इतना कम डिफ्लेटर नाममात्र के (नामिनल) जीडीपी की बनिस्बत वास्तविक (रियल) जीडीपी को अपने आप बढ़ा देता है नामिनल जीडीपी (8.7 फीसदी) और रियल जीडीपी (8.2 फीसदी) में बहुत कम अंतर इसे रेखांकित करता है। अगर मुद्रास्फीति बढ़ती है या इनपुट लागत ऊपर जाती है, अगर तेल की कीमत चढ़ती है क्योंकि भारत रूसी कच्चे तेल से इतर विविधीकरण कर रहा है, तो समग्र जीडीपी की वृद्धि नरम पड़ सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की आगामी मौद्रिक नीति समिति की बैठकें अनिश्चितता बढ़ाएंगी, क्योंकि कोई भी नीतिगत दर मांग से जुड़े दबावों को आकार देगी। सकल मूल्य संवर्धन को बांटकर देखने से पता चलता है कि निर्माण (कंस्ट्रक्शन) में 7.2 फीसदी की वृद्धि हुई है, और सेवाओं के वित्तीय, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवा उपखंड में 10.2 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है , जो इस बात की ओर इशारा करता है कि पूंजी- प्रधान, बुनियादी ढांचे से जुड़े सेक्टर इस रफ्तार के केंद्र में रहे हैं। मासिक औद्योगिक सूचक इस पैटर्न की पुष्टि करते हैं, सितम्बर में आईआईपी 4 फीसदी बढ़ा, जिसमें मुख्य पूंजी-प्रधान श्रेणियों जैसे इस्पात (14.1 फीसदी) और सीमेंट (5.3 फीसदी) ने मजबूत वृद्धि दिखायी। यह इस साल आरबीआई द्वारा तीन रेपो-रेट कटौतियों के असर के अनुरूप है। ये कटौतियां जून में नीतिगत दर को 5.5 फीसदी तक नीचे ले आईं और इससे निवेश गतिविधि को समर्थन मिला हो सकता है।

## सार्वजनिक धन से बाबरी मस्जिद बनाने का सुझाव



प्रथम पीएम स्व. जवाहरलाल नेहरू सार्वजनिक धन से यानी सरकारी पैसों अयोध्या में बाबरी मस्जिद का निर्माण कराना चाहते थे, लेकिन सरदार वल्लभभाई पटेल ने इस प्रस्ताव को आगे नहीं बढ़ने दिया, नेहरू ने सार्वजनिक धन से बाबरी मस्जिद बनाने का सुझाव दिया था, लेकिन पटेल ने साफ मना कर दिया, नेहरू ने पटेल के निधन के बाद उनके स्मारक के लिए जनता द्वारा जुटाए गए धन को कुएं और सड़कों के निर्माण में खर्च करने का सुझाव दिया था, जो उनकी विरासत को दबाने की कोशिश थी, पटेल सच्चे अर्थों में उदार और निष्पक्ष नेता थे, जिन्होंने कभी भी तुष्टिकरण की राजनीति नहीं की।

**-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

# अब गेहूं खुद अपना उर्वरक बना सकेगा!

आज गेंहूं दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण खाद्य फसलों में से एक है, जो विश्व की बड़ी आबादी के भोजन का आधार बनती है। बढ़ती जनसंख्या, सीमित कृषि भूमि, और जलवायु परिवर्तन के बीच यह आवश्यक हो गया है कि गेंहूं जैसी मुख्य फसलों की उपज और पोषण क्षमता में निरंतर सुधार किया जाए। पारंपरिक खेती में नाइट्रोजन उर्वरक का उपयोग गेंहूं की बढ़ोतरी और उत्पादन के लिए आवश्यक माना जाता है, लेकिन इन उर्वरकों का अत्यधिक इस्तेमाल मिट्टी को खराब करता है, पानी को प्रदूषित करता है और पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। नाइट्रोजन उर्वरक बनाने की उद्योग दुनिया के कुल ऊर्जा उपयोग का बड़ा हिस्सा लेती है और भारी मात्रा में ग्रीनहाउस गैसें उत्पन्न करती है। इन समस्याओं का सबसे टिकाऊ समाधान यह है कि गेंहूं को इस तरह इंजीनियर किया जाए कि वह खुद अपना उर्वरक बना सके, ठीक उसी तरह जैसे कुछ पौधेकृजैसे दालेंकृअपनी जड़ों के माध्यम से नाइट्रोजन स्थिरीकरण करती हैं। इस विचार पर वैज्ञानिकों का शोध तेजी से आगे बढ़ रहा है और यह कृषि जगत में क्रांति ला सकता है।

प्रकृति में कुछ बैक्टीरिया, विशेष रूप से राइजो. बियम परिवार के, हवा में मौजूद नाइट्रोजन को पौधों के उपयोग योग्य रूप में परिवर्तित करने की क्षमता रखते हैं। यही कारण है कि दालें बिना बाहरी नाइट्रोजन उर्वरकों के भी अच्छी वृद्धि कर लेती हैं। वैज्ञानिकों का उद्देश्य इन बैक्टीरिया या उनकी क्षमता को गेंहूं में लागू करना है ताकि गेंहूं खुद अपनी खाद बना सके। यह लक्ष्य सरल नहीं है, क्योंकि गेंहूं और दालों की जड़ संरचना, आंतरिक जैविक प्रक्रियाएं और रोग प्रतिरोधक प्रणाली अलग होती हैं। लेकिन जीन इंजीनियरिंग और माइक्रोबियल सिंबायोसिस टेक्नोलॉजी में नए विकास ने इसे संभव बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इस विचार को लागू करने के तीन प्रमुख वैज्ञानिक मार्गों पर शोध हो रहा है। पहला तरीका यह है कि गेहूं और कुछ लाभकारी बैक्टीरिया के बीच साझेदारी बनाई जाए, यानी गेंहूं की जड़ें उन बैक्टीरिया को पहचानें और उनकी मदद लें जो हवा से नाइट्रोजन को उपयोगी रूप में बदल सकते हों। इसके लिए वैज्ञानिक ऐसे बैक्टीरिया खोज रहे हैं जो प्राकृतिक रूप से गेंहूं की जड़ों में टिककर नाइट्रोजन स्थिरीकरण कर सकें। कुछ प्रयोगों में यह देखा गया है कि यदि बैक्टीरिया को जेनेटिक रूप से संशोधित किया जाए, तो वे गेंहूं की जड़ों में भी नोड्यूल जैसी संरचनाएं बना सकते हैं, जिससे पौधे को नाइट्रोजन लगातार मिलती रहती है। दूसरा तरीका गेहूं के जीनोम में प्रत्यक्ष बदलाव करना है। वैज्ञानिक यह प्रयास कर रहे हैं कि दालों में पाए जाने वाले वे जीन जो नाइट्रोजन स्थिरीकरण बैक्टीरिया को अपनी जड़ों में आकर्षित और नियंत्रित करते हैं, उन्हें गेंहूं में डाला जाए। प्रारंभिक परीक्षणों में कुछ ऐसे जीन क्लस्टर पहचाने गए हैं जो जड़ कोशिकाओं को इस उद्देश्य के लिए तैयार कर सकते हैं। यदि यह तरीका सफल होता है तो गेंहूं धीरे-धीरे बाहरी उर्वरकों पर निर्भर होने के बजाय एक आत्मनिर्भर पौधे में बदल सकता है। तीसरा तरीका अधिक उन्नत सिंथेटिक बायोलॉजी का है जिसमें लक्ष्य नाइट्रोजन स्थिरीकरण की पूरी प्रक्रिया को सीधे गेहूं के अंदर सक्रिय करना है। इसका मतलब है कि गेंहूं स्वयं उन एंजाइमों और प्रोटीनों का निर्माण करे जिनकी मदद से वह वायुमंडलीय नाइट्रोजन को अमोनिया में परिवर्तित कर सके। यह सबसे चुनौतीपूर्ण तरीका है क्योंकि यह प्रक्रिया बहुत ऊर्जा-खपत वाली होती है और पौधे की बाकी जैविक प्रक्रियाओं पर भी असर डाल सकती है। फिर भी वैज्ञानिकों के मॉडल संकेत देते हैं कि सही जीन अनुक्रम और ऊर्जा प्रबंधन तंत्र के संयोजन से यह दीर्घकाल में संभव है। यदि इन में से कोई भी तरीका सफलतापूर्वक बड़े पैमाने पर अपनाया जाता है तो कृषि क्षेत्र में बेहद बड़ा परिवर्तन आएगा। किसानों को महंगे रासायनिक उर्वरकों पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे उनकी लागत कम होगी और जल प्रदूषण तथा मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार आएगा। गेंहूं का ऐसा रूप पर्यावरण के लिए भी बहुत फायदेमंद होगा क्योंकि नाइट्रोजन उर्वरकों के निर्माण और उपयोग से होने वाला कार्बन उत्सर्जन कम हो जाएगा। इसके अलावा मिट्टी में जैविक सक्रियता बढ़ेगी, जिससे सूक्ष्मजीव संतुलन और मिट्टी की उर्वरता दीर्घकाल के लिए सुरक्षित रहेगी। मौसम की अनिश्चितताओं और जलवायु परिवर्तन की वजह से जो किसान आर्थिक जोखिम झेलते हैं, उनके लिए यह तकनीक एक स्थाई समाधान बन सकती है। भारत जैसे देशों में जहां गेंहूं बड़ी आबादी के भोजन और किसानों की आय दोनों का आधार है, यह शोध विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। भारतीय किसान अक्सर उर्वरकों पर भारी खर्च करते हैं और कई बार समय पर उपलब्ध न होने या नकली उर्वरक मिलने की वजह से नुकसान भी झेलते हैं। यदि भविष्य में गेंहूं के बीज ऐसे उपलब्ध होते हैं जो खुद अपना नाइट्रोजन उर्वरक बना सकें तो छोटे और सीमांत किसानों को सीधा लाभ होगा। इससे कृषि उपज में वृद्धि, आय में स्थिरता, और खेती को सतत एवं सस्ती बनाने में मदद मिलेगी। हालांकि इस



तकनीक के सामने कुछ चुनौतियां भी हैं। सबसे बड़ी चिंता यह है कि जेनेटिक इंजीनियरिंग से उत्पादित बीजों को लेकर लोगों में संदेह और भय रहता है। खाद्य सुरक्षा, जैव विविधता, और लंबे समय तक स्वास्थ्य पर प्रभावों को समझने के लिए पर्याप्त परीक्षण और समय की आवश्यकता होती है। इसके अलावा यह भी सुनिश्चित करना होगा कि यह तकनीक बड़ी कंपनियों के नियंत्रण में न जाकर किसानों के लिए सुलभ रहे। यदि बीजों के अधिकार या पेटेंट कुछ चुनिंदा कंपनियों के पास होंगे तो किसान फिर से निर्भरता की स्थिति में पहुंच सकते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि ऐसी तकनीकें खुले लाइसेंस, सरकारी संस्थानों, और वैश्विक वैज्ञानिक सहयोग के तहत विकसित की जाएं ताकि इनका लाभ अधिकतम लोगों तक पहुंच सके। एक और चुनौती कृषि जैव विविधता की है। यदि एक ही प्रकार के इंजीनियर गेहूं के बीजों का अत्यधिक उपयोग किया गया तो रोगों, कीटों या जलवायु आपदाओं का जोखिम बढ़ सकता है। इसलिए यह जरूरी है कि पारंपरिक किस्मों और स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप प्रजातियों को बनाए रखा जाए और इंजीनियर बीजों का उपयोग विविधता के साथ किया जाए। वैज्ञानिक इस दिशा में भी काम कर रहे हैं कि नाइट्रोजन स्थिरीकरण क्षमता को विभिन्न गेंहूं प्रजातियों में अनुकूल रूप से जोड़कर अनेक विकल्प उपलब्ध कराए जाएं। इस तकनीक की सफलता हमारे कृषि और पर्यावरण के भविष्य के लिए बहुत मायने रखती है। आधुनिक विज्ञान ने यह साबित किया है कि कृषि को केवल उत्पादन बढ़ाने के लिए नहीं बल्कि ग्रह और लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए भी विकसित किया जाना चाहिए। यदि गेंहूं जैसा प्रमुख खाद्य पौधा स्वयं अपना उर्वरक बनाने में सक्षम हो जाता है तो यह केवल वैज्ञानिक उपलब्धि नहीं बल्कि सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन का भी प्रतीक होगा। यह भविष्य की ऐसी तस्वीर है जिसमें किसान, पर्यावरण और उपभोक्ता तीनों लाभान्वित होंगे। अंत में यह कहा जा सकता है कि गेंहूं को इस तरह इंजीनियर करने का लक्ष्य कि वह स्वयं अपना उर्वरक बना सके, मानव इतिहास की सबसे परिवर्तनकारी कृषि उपलब्धियों में से एक बन सकता है। यह विज्ञान, पर्यावरण संरक्षण और खाद्य सुरक्षा के बीच समन्वय का उदाहरण है। हालांकि यह तकनीक अभी विकास के चरण में है, लेकिन तेजी से हो रहे शोध, वैश्विक वैज्ञानिक सहयोग और टिकाऊ कृषि की बढ़ती आवश्यकता इसे आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रही है।

आज हो रहा यह काम भविष्य की पीढ़ियों को एक ऐसे कृषि मॉडल की ओर ले जा सकता है जिसमें फसलें पृथ्वी पर बोझ नहीं बल्कि धरती की जीवनदायिनी प्रणाली के साथ सामंजस्य में काम करें। विज्ञान के जरिए जब प्रकृति के सिद्धांतों को समझकर उनसे प्रेरणा ली जाती है तो संभावनाओं का दायरा व्यापक हो जाता है, और गेंहूं को उर्वरक आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में हो रहे प्रयास इसी सच का प्रमाण हैं।

# स्वास्थ्य सेवाओं में तत्काल सुधार की जरूरत

**भारतीय संदर्भ में, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने 2018 में रोगियों के अधिकारों और जिम्मेदारियों की एक सूची तैयार की थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 2019 में इस चार्टर का संक्षिप्त रूप और फिर 2021 में एक समग्र चार्टर सभी राज्य सरकारों को भेजा था जिसमें रोगियों के 20 अधिकारों को शामिल किया गया था। अलबत्ता, अब तक इन अधिकारों पर आधिका. रिक स्तर पर कम ही ध्यान दिया गया है। संपूर्ण रोगी अधिकार चार्टर ( कुछ अस्पतालों में अपनाया गया कमजोर संस्करण नहीं ) को देश की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में प्रभावी ढंग से लागू किया जाना चाहिए। इससे रोगियों और उनकी देखभाल करने वालों को अनुकूल वातावरण में स्वास्थ्य सेवा का लाभ मिल सकेगा। ऐसा सुरक्षित माहौल बनाने से रोगियों और प्रदाताओं के बीच आवश्यक विश्वास को फिर से स्थापित करने में मदद मिलेगी।**

कोविड-19 महामारी के दौरान इलाज के लिए भटकते लाखों भारतीयों को दर्दनाक अनुभवों का सामना करना पड़ा था। इसने हमारे स्वास्थ्य सेवा तंत्र में दो परस्पर संबंधित परिवर्तनों की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित किया है। एक तो सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना और दूसरा निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं का नियमन। चूंकि भारत में स्वास्थ्य सेवा का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा निजी क्षेत्र के नियंत्रण में है, इसलिए स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार की कोई भी पहल निजी स्वास्थ्य सेवा को शामिल किए बिना पूरी नहीं हो सकती। गौरतलब है कि फोर्ब्स द्वारा 2024 में जारी अरबपतियों की सूची में 200 भारतीय शामिल हैं। विनिर्माण (मैन्यूफेक्चरिंग) के बाद, भारत में अरबपतियों की दूसरी सबसे बड़ी संख्या (36) स्वास्थ्य सेवा (फार्मास्यूटिकल्स सहित) उद्योग से है और यह संख्या हर साल बढ़ रही है, खासकर कोविड-19 महामारी के दौरान और उसके बाद। भारत में निजी स्वास्थ्य सेवा उद्योग भरपूर मुनाफा कमाता है क्योंकि इसका समुचित नियमन नहीं होता है, और अक्सर मरीजों से अनाप-शनाप शुल्क वसूला जाता है।

यह परिदृश्य जन स्वास्थ्य अभियान द्वारा प्रकाशित 18 सूत्री जन स्वास्थ्य घोषणापत्र में शामिल नीतिगत सिफारिशों की प्रासंगिकता को रेखांकित करता है। इसमें सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा, निजी स्वास्थ्य सेवा, औषधि नीति और सबके लिए स्वास्थ्य सेवा के अधिकार सहित विविध विषयों को शामिल किया गया है और परस्पर-सम्बंधित नीतिगत सिफारिशें प्रस्तुत की गई हैं। इस लेख में भारत में निजी स्वास्थ्य सेवा से सम्बंधित कुछ प्रमुख उपायों की संक्षिप्त रूपरेखा दी गई है। पारदर्शिता और सेवा दरों का मानकीकरण भारत में निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाता सभी व्यावसायिक सेवाओं में सबसे अनोखे हैं।

अनोखापन यह है कि इनकी दरें आम तौर पर सार्वजनिक डोमेन में पारदर्शी रूप से उपलब्ध नहीं होती हैं। ये दरें एक ही प्रक्रिया या उपचार के लिए बहुत अलग-अलग होती हैं-न केवल एक ही क्षेत्र के विभिन्न अस्पतालों में बल्कि एक ही अस्पताल के अंदर विभिन्न रोगियों के लिए भी अलग-अलग हो सकती हैं। चिकित्सा प्रतिष्ठान (केंद्र सरकार) नियम, 2012 के अनुसार सभी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को अपनी दरें प्रदर्शित करना अनिवार्य है और समय-समय पर सरकार द्वारा निर्धारित मानक दरों पर शुल्क लेना भी अनिवार्य है, लेकिन यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन कानूनी प्रावधानों के अधिनियमित होने के 12 साल बाद भी इन्हें अभी तक लागू नहीं किया गया है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से स्वास्थ्य सेवा दरों को कानून के अनुसार मानकीकृत करने का आदेश दिया है। अब समय आ गया है कि स्वास्थ्य सेवा दरों में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए और दरों के मानकीकरण को उचित तरीके से लागू किया जाए।

यह तकनीकी रूप से संभव भी है। चूंकि हजारों निजी अस्पताल केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना जैसे बड़े सरकारी कार्यक्रमों के तहत सभी सामान्य चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए मानक दरों पर भुगतान स्वीकार करते हैं, इसलिए इन उपायों को कानूनी रूप से लागू करना कोई मुश्किल काम नहीं है। यह चिकित्सा प्रतिष्ठान अधिनियम या राज्य सरकारों द्वारा अपनाए जाने वाले अधिक बेहतर अधिनियमों को लागू करते हुए सुनिश्चित किया जा सकता है। बेतुके स्वास्थ्य हस्तक्षेपों को रोकने के लिए भी मानक प्रोटोकॉल लागू करना अनिवार्य है। वर्तमान में व्यापारिक उद्देश्यों से ऐसे बेतुके हस्तक्षेपों को व्यापक पैमाने पर प्रचारित किया जाता है। उदाहरण के लिए, भारत में सिजेरियन डिलीवरी का अनुपात निजी अस्पतालों (48 प्रतिशत) में सरकारी अस्पतालों (14 प्रतिशत) की तुलना में तीन गुना अधिक है। चिकित्सकीय रूप से सीजेरियन प्रक्रिया की दर कुल प्रसवों का 10-15 प्रतिशत अनुशंसित है जबकि निजी अस्पतालों में यह कहीं अधिक होते हैं। उपचार पद्धतियों को तर्कसंगत बनाने और जरूरत से ज्यादा चिकित्सीय प्रक्रियाओं पर अंकुश लगाने से न केवल निजी अस्पतालों द्वारा वसूले जाने वाले भारी-भरकम बिलों में कमी आएगी, बल्कि रोगियों के लिए स्वास्थ्य सेवा परिणामों में भी महत्वपूर्ण सुधार होगा।

**रोगियों के अधिकार**

रोगियों और अस्पतालों के बीच जानकारी और शक्ति की भारी असमानता होती है। इसे देखते हुए रोगियों की सुरक्षा के लिए कुछ अधिकारों को सार्वभौमिक रूप से स्वीकार किया गया है। इनमें शामिल हैं-प्रत्येक रोगी को अपने स्वास्थ्य की स्थिति और उपचार की बुनियादी जानकारी प्राप्त करने का अधिकारय चिकित्सा की अपेक्षित लागत तथा उसका मदवार बिल प्राप्त करने का अधिकारय दूसरी राय लेने का अधिकारय पूरी जानकारी के आधार पर सहमति देने का अधिकारय गोपनीयता और औषधियां व नैदानिक परीक्षण के लिए प्रदाता चुनने का अधिकारय और यह सुनिश्चित करना कि कोई भी अस्पताल किसी भी बहाने से रोगी के शव को रोके न रखे।

# गुणों की खान अश्वगंधा सर्दियों में देता है खास लाभ

इन दिनों वैद्य और सेलिब्रिटीज अश्वगंधा का काफी गुणगान कर रहे हैं। यह औषधीय पौधा हजारों वर्षों से पारंपरिक भारतीय चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद में उपयोग किया जाता रहा है और कुछ वैज्ञानिक अध्ययनों ने भी दर्शाया है कि तनाव, चिंता, अनिद्रा तथा समग्र स्वास्थ्य प्रबंधन में अश्वगंधा उपयोगी है। इन सबके चलते अश्वगंधा में जिज्ञासा स्वाभाविक है। कहना न होगा कि अश्वगंधा सभी समस्याओं का कोई रामबाण इलाज नहीं है। इस बारे में न्यूयॉर्क स्थित प्रेस्बिटेरियन हॉस्पिटल की विशेषज्ञ चिति पारिख के अनुसार इसकी प्रभाविता व्यक्ति के लक्षण, शरीर की संरचना और चिकित्सा इतिहास के आधार पर अलग-अलग हो सकती है। इसके अलावा इसके गलत उपयोग से प्रतिकूल प्रभाव भी पड़ सकते हैं। अश्वगंधा जिसे इंडियन जिनसेंग या इंडियन विंटर चेरी के रूप में भी जाना जाता है, एक सदाबहार झाड़ी है जिसका उपयोग सदियों से विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए किया जाता रहा है। पारिख इसे एक संतुलनकारी बताती हैं।

संतुलनकारी या एडाप्टोजेन ऐसे पदार्थ होते हैं जो शरीर को तनाव के अनुकूल होने और संतुलन बहाल करने में मदद करते हैं और साथ ही सूजन (शोथ) को कम करने, ऊर्जा बढ़ाने, चिंता को कम करने और नींद में सुधार करने में उपयोगी होते हैं। ऐसा माना जाता है कि यह पौधा अपने सक्रिय घटकों (जैसे एल्केलॉइड, लैक्टोन और स्टेरॉइडल यौगिकों) के माध्यम से शरीर में तनाव प्रतिक्रिया को नियमित करने और शोथ को कम करने का काम करता है। नैसर्गिक रूप से पाए जाने वाले स्टेरॉइड यौगिक विदानोलाइड्स को एंटीऑक्सीडेंट और शोथ-रोधी प्रभावों का धनी माना जाता है।

कई अध्ययनों से यह साबित हुआ है कि विदानोलाइड्स के सांद्र अर्क सबसे प्रभावी होते हैं। नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के ओशर सेंटर फॉर इंटीग्रेटिव हेल्थ की मेलिंडा रिंग के अनुसार यह जैव-सक्रिय घटक कोशिका क्रियाओं को निर्देशित करने वाले संकेतक मार्गों को प्रभावित कर सकते हैं लेकिन इनकी सटीक क्रियाविधि को समझने के लिए अभी भी शोध चल रहे हैं। कई छोटे पैमाने के शोध अश्वगंधा के लाभों का समर्थन करते हैं। भारत में 2021 के दौरान 491 वयस्कों पर किए गए सात अध्ययनों की समीक्षा में पाया गया कि जिन प्रतिभागियों ने अश्वगंधा का सेवन किया उनमें प्लेसिबो (औषधि जैसे दिखने वाले गैर-औषधि पदार्थ) लेने वालों की तुलना में तनाव और चिंता का स्तर काफी कम रहा। भारत में ही 372 वयस्कों पर किए गए पांच अध्ययनों की समीक्षा में नींद की अवधि और गुणवत्ता में मामूली लेकिन उल्लेखनीय सुधार देखा गया। यह खासकर अनिद्रा से पीड़ित लोगों के लिए काफी उपयोगी सिद्ध हुआ।

इसके अलावा अश्वगंधा की पत्तियों में पाया जाने वाला ट्रायएथिलीन ग्लायकॉल संभावित रूप से GABA रिसेप्टर्स को प्रभावित कर नींद को बढ़ावा देता है, जो तनाव या भय से जुड़ी तंत्रिका कोशिका गतिविधि को अवरुद्ध करके मस्तिष्क में एक शांत प्रभाव पैदा करता है। रिंग यह भी बताती हैं कि अश्वगंधा अर्क नींद से जागने पर बिना किसी गंभीर दुष्प्रभाव के मानसिक सतर्कता में सुधार करता है। कुछ अध्ययन गठिया, यौन स्वास्थ्य, पुरुषों में बांझपन, मधुमेह और एकाग्रता अवधि और स्मृति सुधार में अश्वगंधा को प्रभावी बताते हैं, लेकिन इनमें से अधिकांश मामलों में और अधिक डैटा की आवश्यकता है।

सुरक्षितता के मामले में यू.एस. नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ की विशेषज्ञ बारबरा सी. सॉर्किन का सुझाव है कि अधिकांश लोगों के लिए लगभग तीन महीने तक अश्वगंधा का सेवन सुरक्षित है, लेकिन गर्भवती या स्तनपान कराने वाली महिलाओं, प्रोस्टेट कैंसर पीड़ितों और थायराइड हारमोन की दवाओं का सेवन करने वालों को सावधानी बरतनी चाहिए। अश्वगंधा संभवत: यकृत की समस्याएं पैदा कर सकता है, थायरॉइड ग्रंथि के कार्य को प्रभावित कर सकता है तथा थायरॉइड औषधियों व अन्य दवाओं के साथ अंतर्क्रिया भी कर सकता है। यकृत स्वास्थ्य और हारमोन के स्तर पर इसके प्रभाव को देखते हुए डेनमार्क में तो अश्वगंधा पर प्रतिबंध भी लगा दिया गया है, लेकिन भारत में इसका काफी अधिक उपयोग किया जा रहा है।

चूंकि यूएस में अश्वगंधा जैसे आहार अनुपूरक का नियमन दवाओं की तरह नहीं किया जाता है, इसलिए अनुपूरकों के वास्तविक घटक और गुणवत्ता पता करना मुश्किल होता है। लेकिन कंज्यूमरलैब जैसी स्वतंत्र प्रयोगशाला संस्थाएं उपभोक्ताओं को गुणवत्ता मानकों पर खरा उतरने वाले ब्रांड पहचानने में मदद कर सकती हैं। बहरहाल, विशेषज्ञ अश्वगंधा के सेवन से पहले डॉक्टर से परामर्श लेने की सलाह देते हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह आपकी स्वास्थ्य स्थितियों और दवाओं के साथ उपयुक्त है या नहीं।

**(स्रोत फीचर्स)**



## संक्षिप्त समाचार

### 15 देशों का चीन पर मानवाधिकार हनन का आरोप

**न्यूयॉर्क।** 15 देशों के गठबंधन ने 80वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा की तीसरी समिति के दौरान चीन पर गंभीर और व्यवस्थित मानवाधिकार हनन का आरोप लगाया है। अमेरिका, ब्रिटेन, जापान और आस्ट्रेलिया जैसे राष्ट्रों ने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के मानवाधिकार रिकार्ड पर गहरी चिंता जताई। फयूल की एक रिपोर्ट के अनुसार इन्होंने अपने बयान में चीन सरकार पर मनमानी हिरासत, जबरन श्रम, अवैध सामूहिक निगरानी, और धार्मिक/सांस्कृतिक स्वतंत्रता पर महत्वपूर्ण अंकुश लगाने की निंदा की।

### पोलैंड को अमेरिका से अब्राम्स टैंकों की नई खेप हुई प्राप्त

**वारसॉ।** पोलैंड के उप रक्षा मंत्री पावेल बेजदा ने बताया कि सेना को अमेरिका के 32 एम1ए2 अब्राम्स टैंक की खेप मिलने से रक्षा क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। बेजदा ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि यह नवीनतम अब्राम्स टैंकों की चौथी खेप है। वर्तमान में, 32 एम1ए2 टैंक पोलिश बंदरगाह पर उतारे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ये टैंक पोलिश सशस्त्र समूह के संयंत्र में संशोधित किए जाने के बाद सेवा में शामिल किए जाएंगे।

### ताकाइची से ताइवान संबंधी टिप्पणी वापस लेने का आग्रह

**टोक्यो।** जापान के कई विपक्षी दलों के नेताओं ने ताइवान पर प्रधानमंत्री साने ताकाइची की हालिया अनुचित टिप्पणियों की तीखी आलोचना की है और उनसे जापान-चीन संबंधों को और नुकसान से बचाने के लिए अपनी टिप्पणी वापस लेने का आग्रह किया है। जापान की संवैधानिक डेमोक्रेटिक पार्टी के नीति प्रमुख, सातोशी होंजो ने एक टीवी कार्यक्रम में कहा कि सुताकाइची के बयानों से जापानी कानून के तहत 'अस्तित्व के लिए खतरा' वाली स्थिति की अपर्याप्त समझ का पता चलता है।

### होंडुरास में राष्ट्रपति की दौड़ में कांटे का टक्कर

**टेगुसिंगल्पा।** होंडुरस में राष्ट्रपति पद के लिए मतों की गिनती बराबरी पर बनी हुई है। मतदाताओं ने सोमवार को राष्ट्रपति, राष्ट्रीय कांग्रेस के 128 सदस्यों और संसद के 20 प्रतिनिधियों को चुनने के लिए वोट डाले। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, सोमवार को 57.03 प्रतिशत वोटों की गिनती होने तक, नेशनल पार्टी के उम्मीदवार नसरी असफुरा को 749022 मत मिले, जो वैध मतपत्रों का 39.91 प्रतिशत है। उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी लिबरल पार्टी ऑफ होंडुरास के सल्वाडोर नसरल्ला को 748507 मत मिले और वह असफुरा के पीछे हैं। यह अंतर केवल 515 मतों का है।

# भारत ने इंसानियत के नाते पाक के लिए एयरस्पेस खोला

## मदद लेकर श्रीलंका जाएगा विमान, पहलगाम हमले के समय बंद किया था



पाकिस्तान ने सोमवार दोपहर लगभग 1 बजे भारतीय एयरस्पेस के ऊपर से उड़ान भरने की रिक्वेस्ट की थी

**नई दिल्ली।** भारत ने तूफान दितवाह से प्रभावित श्रीलंका के लिए राहत सामग्री ले जा रही पाकिस्तान की ओवरफ्लाइट को अपने एयरस्पेस से गुजरने की मंजूरी दे दी है। यह मंजूरी सिर्फ 4 घंटों के अंदर दी गई। ओवरफ्लाइट यानी, जब कोई विदेशी विमान किसी देश की सीमा के ऊपर से गुजरता है, लेकिन वहां लैंड नहीं करता, तो उसे ओवरफ्लाइट कहते हैं।

सरकार की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया कि पाकिस्तान ने सोमवार दोपहर लगभग 1 बजे भारतीय एयरस्पेस के ऊपर से उड़ान भरने की रिक्वेस्ट की थी। पाकिस्तान ने 1 दिसम्बर को ही ओवरफ्लाइट इजाजत मांगी थी। इसका मकसद श्रीलंका को मानवीय मदद देना बताया गया। इसे देखते हुए भारत ने बहुत तेजी से रिक्वेस्ट प्रोसेस की। इस दौरान सोमवार को 5.30 बजे आधिकारिक चैनलों के जरिए पाकिस्तानी विमान को भारतीय हवाई क्षेत्र से गुजरने की परमिशन दी गई। इसकी जानकारी पाकिस्तान सरकार को दे दी गई। गौरतलब है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान में तनाव बढ़ गया था। इसके कारण पहले पाकिस्तान ने फिर भारत ने अपना एयरस्पेस एक-दूसरे के विमानों के लिए बंद कर दिया। अधिकारियों का यह बयान तब आया जब पाकिस्तानी मीडिया ने कहा कि नई दिल्ली ने ओवरफ्लाइट के लिए अपने एयरस्पेस का इस्तेमाल करने की इजाजत देने से मना कर दिया है। अधिकारियों ने इन आरोपों को बेबुनियाद और गुमराह करने वाला बताया। भारतीय अधिकारियों ने कहा कि यह मंजूरी पूरी तरह से मानवीय कदम था। पाकिस्तान ने भारतीय एयरलाइनों के लिए अपना एयरस्पेस बंद रखा है इसके बावजूद भारत ने विमान गुजरने की मंजूरी दी। 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद दोनों देशों में तनाव बढ़ गया था। भारत ने 30 अप्रैल 2025 से पाकिस्तान में रजिस्टर्ड और आपरेट होने वाले विमानों के लिए अपना एयरस्पेस बंद करने का निर्देश जारी किया। यह कदम तब उठाया गया, जब दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान ने 24 अप्रैल 2025 को खुद भारतीय विमानों के लिए अपना एयरस्पेस बंद किया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान एयरस्पेस बंद करने से पहले, रोजाना 100/150 भारतीय विमान पाकिस्तानी एयरस्पेस से गुजरते थे। साइक्लोन दितवाह की वजह से श्रीलंका में भारी बाढ़ आई है। श्रीलंका में कम से कम 334 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। 370 लोग लापता हैं। देश में 11 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। लगभग 2 लाख लोग घर छोड़कर शेल्टर होम में रह रहे हैं। भारत ने साइक्लोन दितवाह से निपटने के लिए ऑपरेशन सागर बंधु के तहत श्रीलंका को 53 टन राहत सामग्री भेजी है। कोलंबो में इंडियन नेवी के दो जहाज से 9.5 टन इमरजेंसी राशन भेजा गया है। इनमें टेंट, तिरपाल, कंबल, हाइजीन किट, रेडी-टू-ईट खाने की चीजें, दवाइयां और सर्जिकल इक्विपमेंट समेत 31.5 टन और राहत सामग्री एयरलिफ्ट करने के लिए इंडियन एयर फोर्स के तीन एयरक्राफ्ट तैनात हैं। साथ ही पांच लोगों की मेडिकल टीम, एनडीआरएफ की 80 लोगों की स्पेशल टीम भी भेजी हैं। इसके अलावा, नई दिल्ली ने इंडियन नेवी के जहाज सुकन्या (त्रिंकोमाली में) पर 12 टन और राहत सामग्री भेजी है, जिससे कुल सामग्री 53 टन हो गई है।



चेन्नई। चक्रवात दित्वा के बाद जलमग्न सड़क पर सब्जी बेचता एक व्यक्ति।

## मलेशिया में तीन जापानी नागरिक गांजे की तस्करी में शामिल

**कुआलालंपुर।** मलेशियाई सीमा शुल्क अधिकारियों ने जापान के तीन लोगों पर 40 किलो से अधिक गांजे की तस्करी के प्रयास के आरोप सोमवार को आरोप लगाए। अधिकारियों के अनुसार, आरोपियों में हिरोशिमा प्रांत के वतारू मात्सुकी (42) और ओसाका प्रांत के रयोता युआसा (32) तथा एक 19 वर्षीय व्यक्ति शामिल हैं। कुआलालंपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क जांच के दौरान तीनों के सूटकेस से गांजे की बरामदगी की गई। इसका कुल मूल्य 16 करोड़ जापानी एन आंका गया था। इन तीनों को गत 18 नवम्बर को बैंकॉक से कुआलालंपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने के तुरंत बाद हिरासत में ले लिया गया था।

## मुश्किल समय में श्रीलंका का सहारा बना भारत

एनडीआरएफ ने नौ महीने की गर्भवती महिला को दिया नया जीवन

**कोलंबो।** श्रीलंका इन दिनों चक्रवात 'दित्वाह' से हुई भारी तबाही से जूझ रहा है। देश में लगातार हो रही बारिश, बाढ़ और भूस्खलन ने कई इलाकों को पूरी तरह काट दिया है। ऐसी भयावह स्थिति में श्रीलंका के लिए भारत का राहत अभियान सबसे बड़ी उम्मीद बनकर उभरा है।

बाढ़ और भूस्खलन से जूझते कई इलाकों में हालात बेहद गंभीर हैं, वहीं भारतीय एनडीआरएफ टीम ने पुत्तलम जिले में मानवीय संवेदनशीलता की मिसाल पेश करते हुए नौ महीने की गर्भवती महिला को सुरक्षित बचाकर तत्काल चिकित्सा सहायता पहुंचाई। बता दें कि 'चक्रवात दित्वाह' के चलते श्रीलंका में लगातार हो रही बारिश, बाढ़ और भूस्खलन ने कई इलाकों को पूरी तरह काट दिया है। कई स्थानों पर सड़कें टूट गई हैं और राहत पहुंचाना मुश्किल हो गया है। स्थिति इतनी खराब हो गई है कि 16 नवंबर से अब तक 390 लोगों की मौत हो चुकी है और 352 लोग लापता हैं। ऐसे में भारत ने एक अच्छे पड़ोसी होने का परिचय देते हुए मदद का हाथ आगे बढ़ाया और श्रीलंका की मदद के लिए बड़ा राहत अभियान चलाया है, जिसे आपरेशन 'सागर बंधु' नाम दिया गया है।

## पाक ने श्रीलंका को एक्सपायर्ड राहत सामग्री भेजी

बाढ़ राहत के लिए भेजे गए फूड पैकेट की तस्वीर वायरल, इस पर एक्सपायरी डेट अक्टूबर 2024 लिखा हुआ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने श्रीलंका को एक्सपायर्ड राहत सामग्री भेज दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक श्रीलंका में आए साइक्लोन दितवाह से निपटने के लिए पाकिस्तान ने मदद भेजी थी, लेकिन उन फूड पैकेट पर एक्सपायरी डेट अक्टूबर 2024 थी।

पाकिस्तान ने पानी, दूध पाउडर और आटे सहित कई पैकेट भेजे थे। पाकिस्तान हाई कमीशन श्रीलंका ने 30 नवम्बर को सोशल मीडिया एक्स पर इससे जुड़ा एक पोस्ट किया था। इसमें राहत सामग्री की तस्वीर भी जारी की गई, जिसमें एक्सपायरी डेट लिखी नजर आ रही है। ये पोस्ट वायरल हो रहा है, कई यूजर्स पाकिस्तान की आलोचना कर रहे हैं। हालांकि अब तक पाकिस्तान का रिएक्शन सामने नहीं आया है। श्रीलंका साइक्लोन दितवाह की वजह से भारी बाढ़ का सामना कर रहा है। इससे 390 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। 370 लोग लापता हैं। देश में 11 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। वहीं, लगभग 2 लाख लोग घर छोड़कर शेल्टर होम में रह रहे हैं। बाढ़ के कारण 2 लाख से ज्यादा लोग घर छोड़कर शेल्टर होम में रहने को मजबूर हो गए हैं। बाढ़ के चलते श्रीलंका बिजली कटौती का सामना कर रहा है, जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इससे पहले भी पाकिस्तान रिलीफ मटेरियल को लेकर विवादों में रह चुका है। साल 2022 में तुर्किये में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था। इस दौरान पाकिस्तान ने तुर्की को उसी का भेजा रिलीफ मटेरियल वापस पैक करके भेज दिया था। दरअसल, साल 2021 में पाकिस्तान में बाढ़ के बाद तुर्की ने मदद भेजी थी। तुर्की ने इस हरकत के लिए पाकिस्तान को फटकार भी लगाई थी। तुर्की और सीरिया में भूकंप से 47 हजार लोगों की मौत हुई थी। भारत ने तूफान दितवाह से प्रभावित श्रीलंका के लिए राहत सामग्री ले जा रही पाकिस्तान की फ्लाइट को अपने एयरस्पेस से गुजरने की मंजूरी दी। यह मंजूरी सिर्फ 4 घंटों के अंदर दी गई।

# खालिदा जिया का स्वास्थ्य अभी भी नाजुक

## चीन से बांग्लादेश पहुंची डॉक्टरों की विशेष टीम, अस्पताल के बाहर सुरक्षा भी बढ़ाई गई



80 वर्षीय खालिदा जिया को 23 नवम्बर को दिल और फेफड़ों में संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती किया गया था

**ढाका।** बांग्लादेश की तीन बार की प्रधानमंत्री और राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष खालिदा जिया का स्वास्थ्य अभी भी नाजुक स्थिति में है। उन्हें इलाज के लिए ढाका के एवरकेयर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ऐसे में और बिगड़ते हालात को देखते हुए चीन की पांच सदस्यीय विशेषज्ञ टीम सोमवार को ढाका पहुंची और रात में अस्पताल में इलाज की प्रक्रिया में शामिल हो गई। इस टीम ने अस्पताल के चिकित्सा बोर्ड से बैठक की, जिसमें उनके स्वास्थ्य के बारे में चर्चा हुई। अस्पताल के हृदय विशेषज्ञ और बोर्ड के प्रमुख डा शाहाबुद्दिन तालुकदार ने बताया कि खालिदा जिया की हालत स्थिर नहीं है और वह फिलहाल विदेश में इलाज के लिए यात्रा करने योग्य नहीं हैं। बता दें कि 80 वर्षीय खालिदा जिया को 23 नवम्बर को दिल और फेफड़ों में संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती किया गया था। उनके स्वास्थ्य में लगातार गिरावट आने के बाद उन्हें चार दिन बाद कोरोनरी केयर यूनिट में शिफ्ट किया गया। रविवार रात से उन्हें वेंटिलेशन पर रखा गया है। दूसरी ओर बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया की गंभीर स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए अस्पताल के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस ने अस्पताल के मुख्य गेट पर बैरिकेड लगाकर मरीजों की आवाजाही और सुरक्षा को नियंत्रित किया है। खालिदा जिया के चारों ओर सभी आसपास के कमरे खाली करवा दिए गए हैं। उनकी सुरक्षा के लिए बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने उन्हें बहुत महत्वपूर्ण व्यक्ति घोषित किया है। इसके बाद स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स (एसएसएफ) के जवान अस्पताल में तैनात किए गए। खालिदा जिया के स्वास्थ्य को लेकर बीएनपी उपाध्यक्ष एडवोकेट अहमद आजम खान ने बताया कि खालिदा जिया की हालत बेहद नाजुक है। उन्होंने कहा कि अब कुछ करने के लिए ज्यादा कुछ नहीं बचा है, बस पूरे देश से दुआ की अपील है।

# पूर्वव्यापी हमले वाले बयान पर भड़का रूस

पश्चिमी देशों को दी चेतावनी, तनाव बढ़ने की आशंका, यूक्रेन संकट समाधान की कोशिशों को नुकसान

**मास्को।** रूस ने नाटो के एक शीर्ष सैन्य अधिकारी द्वारा मास्को पर संभावित पूर्वव्यापी हमले की अनुमति संबंधी टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मास्को ने इसे बेहद गैर-जिम्मेदाराना बयान बताया है और कहा है कि ऐसे वक्तव्य सीधे तौर पर यूरोप और पश्चिमी देशों की सुरक्षा को खतरे में डालते हैं।

रूस के विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि ऐसी भाषा न केवल तनाव बढ़ाती है बल्कि यूक्रेन संकट को सुलझाने की मौजूदा कोशिशों को भी कमजोर करती है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने यह प्रतिक्रिया नाटो मिलिट्री कमेटी के चेयर और इटली के एडमिरल ग्यूसेप्पे कैवो ड्रागोने के उस इंटरव्यू पर दी है, जिसमें उन्होंने कहा था कि कुछ परिस्थितियों में रूस पर पूर्वव्यापी हमले को डिफेंसिव एक्शन माना जा सकता है। यह इंटरव्यू लंदन की फाइनेंशियल टाइम्स को दिया गया था। जखारोवा ने कहा कि ड्रागोने का बयान पूरी तरह उकसाने वाला है और इसे नाटो की रूस के खिलाफ आक्रामक नीति के संकेत के रूप में देखा जाना चाहिए।

# पाक सरकार ने इमरान समर्थकों के सामने टेके घुटने

## पाकिस्तान के पूर्व पीएम की बहन उजमा खातून को जेल में मुलाकात की इजाजत मिली



73 साल के पूर्व क्रिकेटर से नेता बने इमरान खान अगस्त 2023 से कई मामलों में जेल में हैं

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान सरकार ने मंगलवार को इमरान खान की बहन को जेल में उनसे मिलने की इजाजत दे दी है। सरकार की ओर से यह फैसला तब लिया गया है जब उनकी सेहत को लेकर लगाई जा रही अटकलों के बाद रावलपिंडी की अदियाला जेल के बाहर बड़ी संख्या में पार्टी समर्थक जमा हो गए थे। 73 साल के पूर्व क्रिकेटर से नेता बने इमरान खान अगस्त 2023 से कई मामलों में जेल में हैं।

पिछले एक महीने से उनसे किसी को मिलने की इजाजत नहीं दी गई है। लंबे समय से इमरान खान से उनके परिजनों को पाकिस्तान सरकार मिलने नहीं दे रही थी। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख से उनके परिवारवालों के लगातार मिलने से मना करने के कारण सोशल मीडिया पर यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि वह जिंदा हैं या मर गए। हालांकि अदियाला जेल अधिकारियों ने दावा किया कि उनकी सेहत अच्छी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इमरान खान को लगभग एक महीने बाद उनकी बहन डा. उजमा खान से मिलने की इजाजत दी गई है। बताया जा रहा है कि जेल प्रशासन ने डा. उजमा को जेल परिसर के अंदर बुलाया है। जहां वह इमरान खान से मुलाकात करेंगी। अदियाला जेल के बाहर इमरान खान के समर्थक बड़ी संख्या में मौजूद हैं। बहन से मुलाकात के बाद इमरान खान की सेहत की जानकारी सामने आएगी। वहीं दूसरी ओर पीटीआई ने एक बयान में कहा कि इमरान खान की एक बहन डा. उजमा खान को उनसे मिलने की इजाजत दी गई, लेकिन देखते हैं कि सरकार अपना वादा पूरा करती है या नहीं। इस बीच, पंजाब सरकार ने पीटीआई के विरोध को रोकने के लिए अदियाला रोड पर पूरी रावलपिंडी पुलिस फोर्स तैनात कर दी। सरकार ने पहले ही रावलपिंडी और इस्लामाबाद में धारा 144 लगा दी है। रावलपिंडी के आठ पुलिस स्टेशनों के स्टेशन हाउस आफिसर और सीनियर अधिकारी अदियाला जेल के बाहर मौजूद हैं। पंजाब सरकार के एक अधिकारी ने बताया, आठ किलोमीटर का इलाका पूरी तरह से सील कर दिया गया है।

## भारत से आयात बढ़ाने पर काम कर रहा रूसः पेस्कोव

**नई दिल्ली।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा से पहले उनके प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने मंगलवार को कहा कि भारत के साथ व्यापार असंतुलन के बारे में रूस अवगत है और उनका देश भारत से आयात बढ़ाने पर काम कर रहा है। पेस्कोव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रूस की सरकारी समाचार एजेंसी स्पूतनिक द्वारा यहां आयोजित एक प्रेस वार्ता में यह भी कहा कि पुतिन सरकार डॉलर से इतर व्यापार के विकल्प के समर्थन में है। उन्होंने रूसी तेल की बिक्री पर अमेरिकी प्रतिबंध को अवैध बताया। उन्होंने कहा कि इस समय दोनों देशों के बीच कुल व्यापार 63 अरब डॉलर का है जिसे साल 2030 तक बढ़ाकर 100 अरब डॉलर का करने का लक्ष्य है।

# वेनेजुएला पीएम मादुरो को ट्रम्प की चेतावनी

## अमेरिका के राष्ट्रपति ने फोन करके कहा: देश छोड़ दें, अमेरिका-वेनेजुएला के बीच तनाव बढ़ा



अमेरिका ने मादुरो उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस और उनके बेटे को सुरक्षित रास्ता देने का प्रस्ताव रखा था

**वाशिंगटन।** अमेरिका और वेनेजुएला के बीच तनाव एक बार फिर खतरे की रेखा पार करता दिख रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने हाल ही में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो से फोन पर बात की और उन्हें तीखा अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि वह तुरंत देश नहीं छोड़ते, तो हालात और गंभीर हो जाएंगे।

ट्रम्प की यह चेतावनी ऐसे समय आई है जब कैरेबियन क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य मौजूदगी बढ़ चुकी है और दोनों देशों के रिश्ते पहले से ही बेहद तनावपूर्ण हैं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, फोन काल के दौरान ट्रम्प ने मादुरो से साफ कहा कि आप खुद को और अपने करीबियों को बचा सकते हैं, लेकिन आपको अभी देश छोड़ना होगा। अमेरिका ने मादुरो, उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस और उनके बेटे को सुरक्षित रास्ता देने का प्रस्ताव रखा था। यह प्रस्ताव मादुरो के कई शीर्ष सहयोगियों तक भी बढ़ाया गया था। लेकिन मादुरो ने इसे ठुकरा दिया। वेनेजुएला की तरफ से दो मुख्य मांगें रखी गईं। पहली, मादुरो और उनके करीबी सर्कल के लिए वैश्विक माफी और दूसरी, वेनेजुएला की सेना पर पूरा नियंत्रण बनाए रखने का अधिकार। अमेरिका ने इन दोनों मांगों को मंजूर करने से इनकार कर दिया, जिसके बाद बातचीत पूरी तरह टूट गई। ट्रम्प ने रविवार को स्वीकार किया कि उन्होंने हाल ही में मादुरो से बात की है, लेकिन उन्होंने बातचीत की प्रकृति पर कोई जानकारी देने से मना कर दिया। इसके कुछ ही घंटे बाद उन्होंने दुनिया को चेतावनी दी कि वेनेजुएला का एयरस्पेस पूरी तरह बंद माना जाए। उनकी इस घोषणा के तुरंत बाद अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों ने वेनेजुएला के ऊपर से उड़ान भरना बंद कर दिया। फ्लाइटराडार 24 के मुताबिक, देश के ऊपर एक भी विदेशी विमान नहीं देखा गया। कुछ एयरलाइंस ने वैकल्पिक रास्ते अपनाए, जबकि कई ने सेवाएं रोक दीं। रिपोर्ट के अनुसार, काल 16 नवम्बर को हुई थी। इसमें मादुरो ने दो बड़े आश्वासन मांगे पहला, कि उन्हें और उनकी टीम को किसी भी मौजूदा आरोपों से वैश्विक स्तर पर पूरी तरह माफी मिले। दूसरा, वेनेजुएला की सेना पर उनका नियंत्रण बना रहे, भले ही भविष्य में देश में स्वतंत्र चुनाव हों। अमेरिका ने इन दोनों शर्तों को सख्ती से खारिज कर दिया और कहा कि मादुरो को पद तुरंत छोड़ना होगा। बताया गया कि मादुरो सरकार ने अमेरिकी प्रशासन से दोबारा बातचीत की कोशिश की लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं मिला। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि यह स्थिति मादुरो और उनकी शासन व्यवस्था पर अब तक का सबसे बड़ा दबाव बना रही है।

पहली ही खुराक में रहे 78 घंटे तक हैरत अंगेज असर
शादी से घबराहट क्यों
हकीम
भारत के साथ विदेशों में भी प्रसिद्ध
रहमत दवाखाना ®
गुप्त रोग | मर्दाना ताकत | नामर्दी लिंग दोष
शुक्राणु की कमी | बेऔलाद मिले
बचपन की गलतियों के निराश रोगी
शादी से पहले या शादी के बाद जरूर मिले
फ्री एक ही पट्टी में नसों का गंदा पानी बाहर
बवासीर कैसी भी हो सफल इलाज
सुस्ती कमजोरी
पेट रोग | स्त्री रोग
रसौली गांठ
स्त्री व पुरुष गुप्त रोग विशेषज्ञ
7060666621
ISO 9001:2015 CERTIFIED
www.hakeemrehmatdawakhana.com
रतन सिंह मार्किट, जौली रोड़, कूकड़ा ब्लाक, मुजफ्फरनगर

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108